CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 22°C

नई दिल्ली, शनिवार 2 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 121 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 7 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अमेरिका के समक्ष सरेंडर अच्छे दिन के संकेत नहीं: पवन खेड़ा
पेज 2



इंग्लैंड के गेंदबाज वोक्स ओवल टेस्ट से बाहर
खेल टाइम्स



एशिया की बिसात पर चीन की घेराबंदी, लंदन और तेल अवीव का बड़ा दांव
सम्पादकीय



गाजा में 175 फलस्तीनियों की हत्या
पेज 12

### उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नौ सितम्बर को

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितम्बर को कराया जाएगा। इसके लिए अधिसूचना अगले सप्ताह गुरुवार को जारी की जाएगी। चुनाव आयोग द्वारा शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए अधिसूचना गुरुवार 7 अगस्त को जारी की जाएगी। इसके साथ ही नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन पत्र गुरुवार, 21 अगस्त तक भरे जा सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच शुक्रवार 22 अगस्त को की जाएगी। नामांकन सोमवार, 25 अगस्त तक वापस लिए जा सकेंगे। आयोग ने कहा है कि यदि आवश्यक हुआ, तो मतदान मंगलवार, नौ सितम्बर को पूर्वाह्न दस बजे से शाम पांच बजे तक कराए जाएंगे। मतगणना उसी दिन मतदान सम्पन्न होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी की निगरानी में कराई जाएगी। सभी के मत का मूल्य एक समान (1) होगा।

### बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण पर दोनों सदनों में हंगामा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर शुक्रवार को विपक्षी दलों के सदस्यों ने भारी हंगामा करते हुए नारेबाजी की, जिसके कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। पीठासीन अधिकारी कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने एक बार के स्थगन के बाद दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्ष के सदस्य नारे लगाते हुए और हाथों में तख्तियां लेकर सदन के बीचों बीच आकर हंगामा करने लगे। हंगामे के बीच पीठासीन अधिकारी ने जरूरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाया और इसके बाद उन्होंने नियम 377 के तहत सदस्यों से अपने मुद्दे सदन के पटल पर यह कहते हुए रखने को कहा कि उन्हें पढ़ा हुआ समझा जाएगा।

### ले. जनरल सिंह ने सेना उप प्रमुख का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह ने शुक्रवार को यहां सेना उप प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वह सेना मुख्यालय में महानिदेशक, ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स एवं स्ट्रैटेजिक मूवमेंट के पद पर थे। कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर मातृ भूमि के लिए प्राणों का बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जनरल ऑफिसर को दिसम्बर 1987 में पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) की चौथी बटालियन में कमीशन दिया गया था।

### वात्सायन ने नौसेना उप प्रमुख का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल संजय वात्सायन ने शुक्रवार को यहां नौसेना के 47वें उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वाइस एडमिरल ने यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## शाहरुख-विक्रांत बेस्ट एक्टर, रानी बेहतरीन अदाकारा

शाह टाइम्स ब्यूरो



नेशनल अवॉर्ड
■ 'कटहल' को बेस्ट हिंदी फिल्म का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का ऐलान हो गया है। शुक्रवार को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के दावेदारों का ऐलान किया गया है।

इसमें शाहरुख खान को भी अपना पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला है। उन्हें फिल्म 'जवान' के लिए यह पुरस्कार मिला है। जबकि रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस पुरस्कार से नवाजा गया है। बता दें कि कोविड महामारी के चलते नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में देरी हो रही है। साल 2024 में 2022 में रिलीज होने वाली फिल्मों को पुरस्कार दिए गए थे। अब इस साल उन फिल्मों को पुरस्कृत किया जाएगा, जो वर्ष 2023 में रिलीज हुई। शाहरुख खान के अलावा विक्रांत मैसी को भी नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया है। उन्हें फिल्म 12वीं फेल के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया है। कटहल को बेस्ट हिंदी फिल्म का नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया है। साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म कटहल में सान्या मल्होत्रा, विजय राज और अनंत जोशी जैसे सितारे नजर आए। वहीं रानी मुखर्जी को उनकी फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नार्वे के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब मिला है। नेशनल अवॉर्ड के विनर के लिए फिल्मों को कई हफ्तों तक जूरी ने रिव्यू किया, जिसके बाद उन्होंने अपनी आखिरी रिपोर्ट मंत्री अश्विनी वैष्णव और एल मुरुगन को सौंपी है। दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस ऑर्गेनाइज किया गया, इस दौरान जूरी में फिल्ममेकर आशुतोष गोवारिकर, पी. शेषाद्री शामिल हैं।

## उद्योगपति अनिल अंबानी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ ईडी की रेड के बाद मुश्किल में फंसे उद्योगपति !

**नई दिल्ली।** देश के बड़े उद्योगपति और रिलायंस धीरूभाई अंबानी ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। हाल ही में ईडी ने अनिल अंबानी के ठिकानों पर रेड की थी।

ईडी ने उन्हें 5 अगस्त को दिल्ली पूछताछ के लिए बुलाया है। प्रवर्तन निदेशालय 17,000 करोड़ रुपये के कथित लोन घोटाले की जांच कर रहा है। पिछले हफ्ते ईडी –**शेष पृष्ठ दो पर**

# अपने फैसले से पलटे ट्रम्प

## भारत का करारा जवाब: एफ- 35 नहीं खरीदेगा

वाशिंगटन डीसी, वार्ता

### ट्रम्प का 25 फीसदी टैरिफ सात दिन टला




■ 90 देशों को भी राहत, कनाडा पर आज से 35 फीसदी टैरिफ, लिस्ट में चीन नहीं

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ को 7 दिन के लिए टाल दिया है। ये एक अगस्त से लागू होना था, जो अब 7 अगस्त से लागू होगा।

ट्रम्प ने 92 देशों पर नए टैरिफ की लिस्ट जारी की है। इसमें भारत पर 25 फीसदी और पाकिस्तान पर 19 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। हालांकि, कनाडा पर एक अगस्त से ही 35 फीसदी टैरिफ लागू हो गया है। साउथ एशिया में सबसे कम टैरिफ पाकिस्तान पर लगा है। अमेरिका ने पहले पाकिस्तान पर 29 फीसदी टैरिफ लगा रखा था। वहीं दुनियाभर में सबसे ज्यादा 41फीसदी टैरिफ सीरिया पर लगाया गया है। इस लिस्ट में चीन का नाम शामिल नहीं है। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, लेकिन 7 दिन बाद ही इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था। कुछ दिनों बाद ट्रम्प ने 31 जुलाई तक का समय दिया था। इसके बाद ट्रम्प सरकार ने 90 दिनों में 90 सौदे कराने का टारगेट रखा था। हालांकि, अमेरिका का अब तक सिर्फ 7 देशों से समझौता हो पाया। –**शेष पृष्ठ दो पर**

### ट्रम्प से डिफेंस डील नहीं चाहती मोदी सरकार

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिकी अधिकारियों को बता दिया है कि उसकी एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट खरीदने में दिलचस्पी नहीं है। ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है।

एफ-35 अमेरिका का 5वीं जेनरेशन का लड़ाकू विमान है। इसे लाकहीड मार्टिन कंपनी ने डेवलप किया है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि मोदी सरकार निकट भविष्य में अमेरिका के साथ कोई बड़ा रक्षा सौदा नहीं चाहती। सरकार रक्षा उपकरण बनाने वाली साझेदारी में ज्यादा दिलचस्पी रखती है। यानी, भारत टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और देश में उत्पादन की शर्त पर डिफेंस डील चाहता है। इस साल फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्हाइट हाउस दौरे के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत को फाइटर जेट बेचने की पेशकश की थी। इसके बाद अप्रैल में भारत दौरे पर आए अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी भारत को एफ-35 खरीदने का ऑफर दिया था। रिपोर्ट में अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ का भी जिक्र है।

## चुनाव आयोग करवाता है वोट चोरी, सबूत हैं हमारे पास : राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कांग्रेस नेता ने कहा: जो यह चोरी करवा रहे हैं, उनका यह काम देशद्रोह, ऐसे लोगों को हम खोज निकालेंगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि चुनाव आयोग वोटों की चोरी करा रहा है और इसके उनके पास पर्याप्त सबूत हैं, लेकिन जो यह चोरी करवा रहे हैं उनका यह काम देशद्रोह है और ऐसे लोगों को खोज निकालेंगे।

श्री गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि हमारे पास सबूत है कि चुनाव आयोग वोट चोरी करवा रहा है। मैं शत-प्रतिशत सबूतों के साथ ये बात कह रहा हूं। हम जैसे ही ये सबूत सबके सामने रखेंगे, पूरे देश को पता चल जाएगा कि चुनाव आयोग वोट चोरी करा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि चुनाव आयोग यह काम भाजपा के लिए करा रहा है। उन्होंने कहा कि सवाल है कि आयोग किसके लिए करा रहा है यह वोट चोरी, इसका जवाब है कि भाजपा के लिए करा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें मध्य प्रदेश में संदेह था, लोकसभा चुनाव में संदेह था, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में संदेह था। चुनाव आयोग हमारी मदद नहीं कर रहा था इसलिए हमने अपनी तरफ से जांच करवाई। इस जांच में छह महीने लगे और जो हमें मिला है, वह एटम बम है। चुनाव आयोग में जो भी वोट चुराने का काम कर रहे हैं, उन्हें हम छोड़ेंगे नहीं। क्योंकि आप हिंदुस्तान के खिलाफ काम कर रहे हैं, जो देशद्रोह है। आप कहीं भी हों, चाहे आप रिटायर ही क्यों न हो जाएं, हम आपको ढूंढ़ निकालेंगे।

### राहुल गांधी को चुनाव आयोग का जवाब

लेटर का रिप्लाई नहीं दिया, अब धमकाना शुरू कर दिया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग का बयान आया है, जिसमें राहुल गांधी को जवाब दिया है। चुनाव आयोग ने कहा कि हमने राहुल गांधी को 12 जून 2025 को एक मेल भेजा, मगर वो नहीं आए। इसके बाद 12 जून को फिर एक पत्र भेजा, लेकिन उन्होंने इसका कोई जवाब नहीं दिया। राहुल गांधी ने कभी भी किसी भी मुद्दे पर चुनाव आयोग को कोई पत्र नहीं भेजा। अब वो बेतुके आरोप लगा रहे हैं और अब चुनाव आयोग और उसके कर्मचारियों को धमकाना भी शुरू कर दिया है, ये निंदनीय है। चुनाव आयोग ऐसे गैर-ज़िम्मेदाराना बयानों को नजरअंदाज करता है और अपने सभी कर्मचारियों से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करते रहने का अनुरोध करता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों की याचिका खारिज की



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (पोश अधिनियम) के दायरे में राजनीतिक दलों को लाने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया और कहा कि यह विषय संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।

पीठ ने अधिवक्ता योगमाया एमजी की इस याचिका पर विचार करने से मना कर दिया। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि अदालत इस मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकती, क्योंकि यह संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।

### मोदी पर टिप्पणी मामले में थरूर को राहत का संकेत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पीएम मोदी पर 2018 के कथित आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में शुक्रवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ मानहानि का मामला बंद करने का संकेत दिया और शिकायतकर्ता भाजपा नेता राजीव बब्बर के अधिवक्ता से पूछा कि इस मामले में आप 'इतना संवेदनशील क्यों हैं?' पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनी और शिकायतकर्ता से कहा कि आइए इसे बंद करते हैं।

## रेप मामले में प्रज्वल रेवन्ना दोषी करार

बेंगलुरु, वार्ता



■ कोर्ट आज सुनाएगा प्रज्वल रेवन्ना को सजा

**जनप्रतिनिधियों** से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए गठित एक विशेष अदालत ने अपनी घरेलू सहायिका का बलात्कार करने और उसका वीडियो बनाने के मामले में शुक्रवार को कर्नाटक के हासन से सांसद रहे प्रज्वल रेवन्ना को दोषी पाया।

कर्नाटक के हासन से सांसद रह चुके और जनता दल सेक्युलर से निष्काषित राजनेता प्रज्वल रेवन्ना के लिए शुक्रवार का दिन काफी मुश्किल भरा साबित हुआ। जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए गठित एक विशेष अदालत ने अपनी घरेलू सहायिका का बलात्कार करने और उसका वीडियो बनाने के मामले में रेवन्ना को दोषी पाया। रेवन्ना के दोषी पाए जाने का आदेश जज संतोष गजानन भट्ट ने पढ़ा। अब उन्हें इस मामले में कितने बरस की सजा होगी, ये शनिवार, 2 अगस्त को तय होगा। अप्रैल महीने में रेवन्ना के खिलाफ आईपीसी की जिन धाराओं के तहत आपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ था, वहां से उनकी सजा को लेकर कुछ इशारे मिलते हैं।

### दाऊद के गुर्गों के खिलाफ एनआईए की बड़ी कार्रवाई

**अहमदाबाद।** एनआईए ने दाऊद इब्राहिम के नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई की है। गुजरात के भरूच में उसके एक गुर्गे की दो संपत्तियों को जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई 2015 में हुए दोहरे हत्याकांड के मामले से जुड़ी हैं, जिसमें बीजेपी कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई थी। एनआईए ने मोहम्मद यूनुस उर्फ मंजरो नाम के आरोपी की दो अचल संपत्तियों को यूएपीए के तहत जब्त किया है।

## बुलंदशहर में इंस्पेक्टर के पांच हत्यारों को उम्रकैद

शाह टाइम्स संवाददाता



■ हिंसा के 33 दोषियों को 7-7 साल की सजा
■ कोतवाल को मारकर फूंकी थी चौकी

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर के बहुचर्चित स्याना हिंसा मामले में शुक्रवार को कोर्ट ने इंस्पेक्टर की हत्या के 5 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जबकि 33 दोषियों को हिंसा, आगजनी और हत्या की कोशिश के लिए 7-7 साल की सजा दी गई।

एक दिन पहले गुरुवार को कोर्ट ने सभी 38 आरोपियों को दोषी करार दिया था। सजा के लिए एक अगस्त की तारीख तय की थी। शाम 5:45 बजे जज ने फैसला सुनाया। सजा पाने वालों में जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, बीजेपी नेता, निषाद पार्टी के नेता और आरएसएस के नगर कार्यवाह भी शामिल हैं। पुलिस ने मामले में कुल 44 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इनमें से 5 आरोपियों की मौत हो चुकी है, जबकि एक नाबालिग का केस जुवेनाइल कोर्ट में चल रहा है। एएसपी ऋजुल ने बताया कि स्याना हिंसा मामले में शुक्रवार को सजा का ऐलान हुआ। कोर्ट के बाहर तीन सीओ समेत 5 थानों का फोर्स तैनात रहा। आसपास के इलाके को पुलिस ने कब्जे में ले रखा था। अदालत ने कहा कि दोषियों पर लगाए गए आर्थिक जुर्माने से वसूली का 80 फीसदी हिस्सा शहीद इंस्पेक्टर सुबोध सिंह की पत्नी को दिया जाएगा। यह फैसला शहीद परिवार के लिए राहत की बड़ी खबर साबित हुआ है। फैसले के बाद बुलंदशहर में पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी।

## पंजाब के पांच पुलिसकर्मियों पर हत्या का दोष सिद्ध

■ 32 साल पुराने फर्जी मुठभेड़ मामले में CBI कोर्ट ने सुनाया फैसला

**नई दिल्ली।** सीबीआई की एक अदालत ने 1993 में अमृतसर के रानी विल्लाह गांव के सात युवकों की हत्या से जुड़े 32 साल पुराने फर्जी मुठभेड़ मामले में एक पूर्व एसएसपी और एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) समेत पंजाब के पांच पुलिस अधिकारियों को दोषी ठहराया है।

अदालत ने पूर्व एसएसपी भूपिंदरजीत सिंह, डीएसपी दविंदर सिंह, इंस्पेक्टर सूबा सिंह, एएसआई गुलबर्ग सिंह और एएसआई रघबीर सिंह (सभी सेवानिवृत्त) को आपराधिक साजिश, हत्या, सबूत नष्ट करने और रिकॉर्ड से छेड़छाड़ करने का दोषी ठहराया है। सोमवार को सजा सुनाई जाएगी।

**संक्षिप्त समाचार**

### सड़क हादसे में एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के बेबर क्षेत्र में शुक्रवार को एक भीषण हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची घायल है। पुलिस ने बताया कि केथोली ग्राम पंचायत के हरिपुरा निवासी दीपक (36) आगरा में अपनी भतीजी काव्या का जन्म दिन मनाकर अपने परिवार के साथ गांव लौट रहे थे कि बेबर क्षेत्र में नगला ताल के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गयी। इस हादसे में कार सवार दीपक, पत्नी पूजा, बेटी आशी और आर्या और दीपक की बहन सुजाता की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। दीपक की एक पुत्री आराध्या इस दुर्घटना में घायल है। इस दुर्घटना के बाद यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा। ट्रक को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

### छत्तीसगढ़ की धरती से नक्सलवाद का खात्मा

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज संसद भवन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सौजन्य भेंट की. इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ के समग्र विकास, माओवादी चुनौती से निपटने की रणनीति सहित विभिन्न विषयों पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से चर्चा की. मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय गृह मंत्री को माओवादी विरोधी अभियानों की उपलब्धि एवं भविष्य की कार्ययोजना से भी अवगत कराया। सीएम विष्णुदेव साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में माओवादी गति. विधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों में पिछले डेढ़ वर्षों में उल्लेखनीय सफलता मिली है।

# राजनाथ ने सिविल व सैन्यकर्मियों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया

**नई दिल्ली, वार्ता**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सिविल और सैन्य कर्मियों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते हुए कहा है कि जब ये दोनों एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करेंगे तो देश का सुरक्षा ढांचा और भी अधिक मजबूत हो जाता है।

सिंह ने शुक्रवार को यहां सशस्त्र बल सिविल सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों से सिविल और सैन्य कर्मियों के बीच तालमेल बढ़ाने की दिशा में विचार करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस बात पर विचार किया जाना चाहिए कि सिविल सेवा को और अधिक योगदान देने के अवसर किस तरह दिए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब सिविल और सैन्य सेवाएं एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करती हैं, तब देश का सुरक्षा ढांचा और भी मज़बूत होता है। यही हमारा संकल्प भी होना चाहिए। दुनिया भर में अनिश्चितता की स्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे में सिविल-सैन्य समन्वय का महत्व बढ गया है। उन्होंने कहा कि सिविल-मिलिट्री समन्वय का महत्त्व आज के समय में इसलिए भी बढ़ गया है, क्योंकि आज की दुनिया बड़ी अनिश्चित हो गई है। आज हम यह अनुमान नहीं लगा सकते कि दुनिया के जिन इलाकों में आज शांति है, वहां भविष्य में तनाव नहीं होगा। आप खुद ही सोचिए, आज से तीन-चार महीने पहले हमने कहां सोचा था, कि हमें कभी ऑपरेशन सिंदूर भी करना पड़ेगा। हमने कहां सोचा था, कि युद्ध जैसी परिस्थितियां हमारे दरवाजे पर आकर खड़ी हो जाएंगी। युद्ध की तैयारियों में सिविल सेवा के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने सिविल सेवा कर्मियों से बदलती जरूरतों के अनुरूप खुद को तैयार करने को कहा, क्योंकि अभी जिस स्थिति में पूरी दुनिया है, उसमें जरा सी भी लापरवाही या गलती की गुंजाइश नहीं छोड़ी जा सकती।

# विपक्षी दलों ने बिहार मतदाता सूची मुद्दे पर ओम बिरला को लिखा पत्र

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ इंडिया गठबंधन के नेताओं ने बिहार में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण पर गहरी चिंता व्यक्त की

इंडिया गठबंधन की विभिन्न दलों के नेताओं ने बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इस मुद्दे पर चर्चा कराने का आग्रह करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पत्र लिखा है।

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने बिहार में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण पर गहरी चिंता व्यक्त करते कहा है यह तब और भी चिंता का विषय बन जाता है, जब राज्य विधानसभा चुनाव कुछ ही माह में होने वाले हैं। उन्होंने इस प्रक्रिया को अभूतपूर्व बताया और कहा कि चुनाव आयोग ने संकेत दिया है कि इस प्रकार की कवायद जल्द ही पूरे देश में की जाएगी। उनका कहना था कि इस प्रक्रिया की पारदर्शिता, समय-सीमा और उद्देश्य को लेकर व्यापक आशंकाएं बन रही हैं, इसलिए इस मुद्दे पर तत्काल संसद में चर्चा करना जरूरी है।

विपक्षी दलों ने अपने पत्र में कहा कि विभिन्न दल लगातार इस मुद्दे को मौजूदा सत्र की शुरुआत से ही उठाते रहे हैं और सरकार के साथ कई बैठकों में भी इसी मुद्दे पर चिंता जताते हुए इसे दोहराया गया है। यह मुद्दा 20 जुलाई को हुई सर्वदलीय बैठक भी शामिल रहा है और सरकार ने सभी मुद्दों पर चर्चा कराने की बात कही थी, लेकिन अब तक इस पर चर्चा कराने की तिथि तय नहीं की गयी है। उन्होंने पत्र में लिखा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण का मतदान के अधिकार और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संचालन पर सीधा असर पड़ता है। इस मुद्दे पर यदि सदन में चर्चा होती है तो इस पर और अधिक स्पष्टता, पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी। पत्र में इस मुद्दे पर शीघ्रचर्चा कराने का आग्रह करते हुए कहा गया है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर बिना विलंब के लोकसभा में विचार किया जाना चाहिए। पत्र में हस्ताक्षर करने वाले लोकसभा सदस्यों में सांसद सुप्रिया सुले, अभय कुमार सिन्हा, गौरव गोगोई, एनके प्रेमचंद्रन शामिल हैं।

## एमएसएमई विभाग की बैठक में बोले सीएम योगी

# नई फुटवियर-लेदर नीति से मिलेगा प्रोत्साहन

**लखनऊ, वार्ता**



■ सहायक इकाइयों और मशीनरी निर्माण प्रतिस्पर्धा को तैयार, लाखों युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध होगा

यूपी के सीएम योगी ने शुक्रवार को एमएसएमई विभाग की बैठक में कहा कि सरकार फुटवियर, लेदर और नॉन-लेदर विनिर्माण के क्षेत्र को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में ठोस कदम उठाने के लिए तैयार है। उत्तर प्रदेश को इस क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने की अपार संभावनाएं हैं।

राज्य के पारंपरिक कौशल, प्रशिक्षित श्रमबल, कच्चे माल की प्रचुरता और आगरा, कानपुर व उन्नाव जैसे सशक्त औद्योगिक केंद्रों की मौजूदगी को देखते हुए एक समग्र, व्यावहारिक और परिणामोन्मुखी नीति का निर्माण आवश्यक हो गया है। बैठक में 'उत्तर प्रदेश फुटवियर, लेदर एवं नॉन-लेदर क्षेत्र विकास नीति 2025' के प्रारूप पर विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने क्लस्टर आधारित विकास मॉडल को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि नीति में स्पष्ट रूप से यह परिभाषित किया जाए कि प्रदेश के कौन-से क्षेत्र इस उद्योग के लिए सबसे उपयुक्त हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि यदि उत्पादन, डिज़ाइन, अनुसंधान और प्रशिक्षण को एकीकृत किया जाए, तो यह क्षेत्र न केवल बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित कर सकता है, बल्कि लाखों युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा सकता है। उन्होंने फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स जैसी अधोसंरचना सुविधाओं की स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि औद्योगिक इकाइयों को बेहतर कार्य वातावरण मिल सके। अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रस्तावित नीति के तहत अगले कुछ वर्षों में लगभग 22 लाख नई नौकरियों के सृजन की संभावना है। यह नीति उत्तर प्रदेश को वैश्विक फुटवियर और लेदर विनिर्माण का केंद्र बनाने की दिशा में एक निर्णायक पहल मानी जा रही है। वर्तमान में भारत इस क्षेत्र में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता है, जिसमें उत्तर प्रदेश की भागीदारी महत्वपूर्ण है। अकेले कानपुर और उन्नाव में 200 से अधिक सक्रिय टैनरियां कार्यरत हैं, जबकि आगरा को देश की 'फुटवियर राजधानी' के रूप में जाना जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति के तहत न केवल लेदर और नॉन-लेदर फुटवियर निर्माण इकाइयों को बढ़ावा दिया जाए, बल्कि इससे जुड़ी सहायक इकाइयोंद्ध जैसे बकल्स, जिप, सोल, इनसोल, लेस, केमिकल्स, डाइज, हील्स, थ्रेड्स, टैग्स और लेबल्स के निर्माण को भी विशेष प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।

### यूपी में गाय के गोबर से बनेगा कपड़ा और बायोप्लास्टिक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में निराश्रित गायों के गोबर से बायोप्लास्टिक, जैव-पॉलिमर, बायोटेक्सटाइल, वस्त्र, इको-पेपर, बोर्ड, बायोगैस, कम्पोस्ट और नैनोसेल्यूलोज जैसे उत्पाद तैयार किए जाएंगे। प्रदेश में निराश्रित गोवंश से प्रतिदिन औसतन 54 लाख किला. ग्राम गोबर उत्पन्न होता है, जिसका उपयोग इन प्रोडक्ट को बनाने में किया जाएगा। गोबर से वैज्ञानिक पद्धति के जरिए न केवल प्लास्टिक के विकल्प तैयार किए जाएंगे, बल्कि जैव प्रदूषण को भी रोका जाएगा। इससे पर्यावरण संरक्षण को भी नया बल मिलेगा।

# अमेरिका के समक्ष सरेंडर अच्छे दिन के संकेत नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस ने कहा है कि अमे. रिका के इशारे पर भारत रूस से तेल खरीदना बंद करना अच्छे दिन के संकेत नहीं है, इसलिए अमेरिका के सामने 'सरेंडर' नहीं किया जाना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका अब पाकिस्तान को तेल दे रहा है और भारत को परंपरागत मित्र रूस से तेल खरीदने से रोक रहा है। अनुमान लगाया जा सकता है कि मोदी राज में अच्छे दिन भारत के नहीं, पाकिस्तान के आए हैं। खेड़ा ने कहा कि सरेन्डर। मोदी अमेरिका के कहने पर मित्र देश रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है, जबकि खुद अमेरिका भारत के दुश्मन देश पाकिस्तान के साथ तेल समझौता कर चुका है। भारत पर तो अब भी 25 प्रतिशत टैरिफ़ और अघोषित पेनल्टी लगाई है, लेकिन पाकिस्तान पर केवल 19 प्रतिशत टैरिफ़ लगाया है। रूस भारत का पारंपरिक सहयोगी देश रहा है, लेकिन अब भारत की नीतियों से निराश होकर वह पाकिस्तान के साथ एक बड़ा रेल मार्ग बना रहा है। अब खुद अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि मोदी के कारण अच्छे दिन कहां आए हैं, भारत में या पाकिस्तान में। कांग्रेस नेता ने कहा कि बाक़ी, समझदार के लिए तो इशारा ही काफ़ी है और बेवकूफ़ के लिए नज़ारा भी काफ़ी नहीं।



सेंसेक्स 80599.91
निफ्टी 24565.35



सोना रु. 97971
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 109819
प्रति किलो



# आयात शुल्क के दबाव में सेंसेक्स तीन महीने के निचले स्तर पर

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी आयात शुल्क के दबाव में शुक्रवार को शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली हुई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स लगभग तीन महीने के निचले स्तर पर आ गया।

सेंसेक्स 585.67 अंक यानी 0.72 प्रतिशत लुढ़ककर 80,599.91 अंक पर बंद हुआ, जो 09 मई के बाद का इसका न्यूनतम स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 203 अंक (0. 82 फीसदी) लुढ़ककर 24,565.35 अंक पर आ गया जो 03 जून के बाद का न्यूनतम बंद भाव है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को भारत समेत 68 देशों और यूरोपीय संघ पर नए आयात शुल्क लगाने के आदेश पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद एशिया और यूरोप के लगभग सभी बड़े शेयर बाजारों में गिरावट रही। एशिया में जापान का निक्केई 0.66 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग 1.07 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.37 प्रतिशत टूट गया। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.62 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.51 प्रतिशत नीचे थे। सेंसेक्स 111 अंक की गिरावट के साथ खुला और कुछ देर बाद हरे निशान में भी पहुंचा। लेकिन जैसे ही अमेरिका में आयात शुल्क का आदेश जारी होने की खबर आई बाजार में भारी बिकवाली देखी गई। इसका उच्चतम स्तर 81,317.51 अंक और निचला स्तर 80,495.57 अंक रहा। एनएसई में निफ्टी-50 का ग्राफ भी सेंसेक्स जैसा ही रहा। यह ऊपर 24,784. 15 अंक तक पहुंचा और नीचे 24,535. 05 अंक तक उतरा। चौतरफा बिकवाली के बीच मझोली और छोटी कंपनियों पर दबाव ज्यादा रहा। निफ्टी मिडकैप-50 में 1.54 प्रतिशत की गिरावट रही। निफ्टी स्मॉलकैप-100 भी 1.66 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि नए आयात शुल्क दंडात्मक शुल्क की चिंता में बाजार पर दबाव रहा, क्योंकि इससे वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिस्पर्धी क्षमता प्रभावित हो सकती है। इससे विदेशी संस्थागत निवेशकों का भी भरोसा कम हुआ है।

### सोने का दाम 563 घटकर 97,971 प्रति 10 ग्राम हुआ

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने-चांदी के दाम में गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 563 रुपए गिरकर 97,971 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोने का भाव 98,534 रुपए पर था, वहीं चांदी की कीमत 131 रुपए कम होकर 1,09,819 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,09,950 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को सोने ने 1,00,533 रुपए और चांदी ने 1,15,850 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,970 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,650 थी, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही, वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही, तो चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,870 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 रही।

# गेहूं, चीनी, दाल, खाद्य तेलों के दाम बढ़े

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को गेहूं महंगा हो गया, जबकि चावल के दामों में स्थिरता रही। चीनी, खाद्य तेल और दालों की कीमतों में भी तेजी रही।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 15 रिंगिट चढ़कर 4,230 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिका में सोया तेल वायदा 0. 71 प्रतिशत लुढ़ककर 54.35 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 3,824.26 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। वहीं गेहूं 12 रुपये महंगा होकर 2,839.35 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटा भी सात रुपये चढ़कर 3,290.21 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 63 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल करीब 35 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। सोया तेल करीब 10 रुपये और वनस्पति 20 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सूरजमुखी तेल 30 रुपये और पाम ऑयल 12 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन नौ रुपये और चना दाल 24 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल करीब 19 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। दाल मूंग भी आठ रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त में रही। उड़द दाल के दाम स्थिर रहे। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ के औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल चढ़े। चीनी भी छह रुपये प्रति क्विंटल के अधिक महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन : दाल चना 7946.05, मसूर काली 8111-70, मूंग दाल 10134.02, उड़द दाल 10503-05, अरहर दाल 10946.78 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2839.35 रुपये और चावल 3824-26 रुपये प्रति लक्वटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4284.35 और गुड़ 4930-18 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 17548.57 रुपये, मूंगफली तेल 17849.79 रुपये, सूरजमुखी तेल 15270.53 रुपये, सोया रिफाइंड 13785.98 रुपये, पाम ऑयल 12225.87 रुपये और वनस्पति तेल 14508. 20 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**अनिल अंबानी...**

ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़ी कई कंपनियों और व्यक्तियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई मुंबई के 35 स्थानों पर की गई थी, जिसमें 50 कंपनियां और 25 लोग शामिल थे। यह छानबीन मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए)के तहत हो रही है। ईडी की जांच अनिल अंबानी समूह की कई कंपनियों द्वारा किए गए कथित वित्तीय गड़बड़ियों और 10,000 करोड़ रुपये से अधिक के लोन डायवर्जन पर केंद्रित है। खासतौर पर जांच इस बात पर है कि 2017 से 2019 के बीच यस बैंक द्वारा दिए गए लगभग 3,000 करोड़ रुपये के लोन को गैरकानूनी तरीके से दूसरी जगहों पर डायवर्ट किया गया। इस जांच के जवाब में रिलायंस पावर और रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि उन्हें ईडी की कार्रवाई की जानकारी है, लेकिन इस छापेमारी का उनके बिजनेस, आर्थिक स्थिति या स्टेकहोल्डर्स पर कोई असर नहीं पड़ा है। कंपनियों ने कहा, मीडिया रिपोर्ट्स में जिन लेन-देन की बात हो रही है, वे रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड से जुड़े हैं, जो 10 साल से भी पुराने हैं।

**अपने फैसले से....**

लाओस, म्यांमार, सीरिया जैसे देशों पर सबसे ज्यादा 40 फीसदी या उससे ज्यादा टैरिफ। अगर कोई वस्तु किसी और देश के जरिये भेजी गई है, ताकि टैक्स बचाया जा सके, तो उस पर 40 फीसदी टैरिफ लगेगा। यूरोपीय संघ के सामानों पर सीधे 15 फीसदी टैरिफ नहीं लगाया गया। अगर किसी प्रोडक्ट का मौजूदा शुल्क 10 फीसदी है, तो सिर्फ 5 फीसदी अतिरिक्त जोड़ा जाएगा, लेकिन अगर प्रोडक्ट पहले से 15 फीसदी या उससे अधिक शुल्क दे रहा है, तो कोई टैरिफ नहीं बढ़ेगा। चीन पर अलग से मई 2025 का एग्जीक्यूटिव ऑर्डर लागू है, इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। अभी उसे पहले की तरह 30 फीसदी टैरिफ ही देना होगा। कनाडा पर एक अगस्त की रात से ही टैरिफ लागू होगा। इसकी वजह ये है कि कनाडा ने फलस्तीन को एक अलग देश के तौर पर समर्थन देने का ऐलान किया है। आदेश लागू होने से पहले जो सामान अमेरिका के रास्ते में होगा, उसे पुराने नियमों पर ही टैक्स देना होगा। 5 अक्टूबर 2025 यह पहुंच गया, तो इसे पर पुराना टैरिफ ही लगेगा। अब अमेरिका के कस्टम सिस्टम में हर देश की अलग-अलग ट्रैकिंग होगी।

# सरकार को तानाशाही छोड़कर लोकतंत्र के तहत काम करना चाहिए: स्वामी प्रसाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पूर्व मंत्री और अपनी जनता पार्टी अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि सरकार को तानाशाही छोड़कर लोकतंत्र के तहत काम करना चाहिए।

मौर्य ने गोमतीनगर स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा सरकार कोई भी जन विरोधी फैसला लेती है, तो उनकी पार्टी सड़क पर संघर्ष के जरिए उसे बैकफुट पर लाने की पूरी ताकत रखती है। सरकार जनता के हितो के लिए बनती है। डबल इंजन की सरकार कहीं की हो हर जगह और अलोकत. ंत्रोक और असंवैधानिक रास्ता अपनाती है लोकतंत्र को दबाने कोशिश करती हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जिस तरह से छात्रों पर अत्याचार किया जाता है। परीक्षाओं में अनिमितताए देखने को मिल रही हैं। छात्रों ने जन आंदोलन के माध्यम से अपनी आवाज केंद्र सरकार को पहुंचने की कोशिश की है। पूर्व मंत्री मौर्य ने कहा कि संवेदनशीलता से समस्या को निपटने की बजाय लाठीचार्ज किया गया। थाने पर रात में बैठाया गया। सरकार की जिम्मेदारी है कि छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर समय रहते उनका निस्तारण करे। एक सवाल के जवाब में मौर्य ने कहा कि अगर भगवा आतंक नहीं है, तो कौन सा आतंक है। इस देश में आतंकवादी भगवा हो या अन्य आतंकवादी आतंकवादी होता है।

रवि किशन पर बोलते हुए मौर्य ने कहा कि अगर राजनीति में रगड़ घिस कर के आए होते, तो शायद जमीनी मुद्दों पर बात करते हैं। मौर्य ने कहा कि पूरी भाजपा सरकार अराजकता के रास्ते पर चल रही है जनहित का कोई कार्य नहीं करती। योगी सरकार जनहित की मुद्दों की अनदेखी कर रही है। अपनी जनता पार्टी में स्कूल मर्जर को लेकर अपने आंदोलन को खत्म नहीं किया है। अपनी जनता पार्टी अगर सरकार कोई कूटनीति के तहत कुछ गलत करेंगी, तो उसका विरोध करेगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सीएम ने की 'कूड़े से आजादी' अभियान की शुरूआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान प्रारंभ किया। यह अभियान ३१ अगस्त (पूरे एक माह) तक चलेगा। इसमें जन-भागीदारी सहित विभिन्न सरकारी निकाय मिलकर एक उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि नागरिक कर्तव्य है। और अब समय आ गया है कि हम सब मिलकर दिल्ली को कूड़े से मुक्त करें।

मुख्यमंत्री ने बताया कि आज से शुरू हुए 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान के अंतर्गत पहला दिन सभी सरकारी कार्यालयों की सफाई को समर्पित किया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी कहा कि प्रभावी सफाई व स्वच्छता के लिए ई-वेस्ट और कबाड़ के निस्तारण की प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हम केवल सफाई तक सीमित न रहें, बल्कि कार्यस्थलों में भी इसे प्रभावी रूप से अपनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का हर विभाग इस विशेष स्वच्छता अभियान में पूरी शक्ति और प्रतिबद्धता के साथ जुटा हुआ है। राजधानी का हर विधायक, हर पार्षद और हर सरकारी कर्मचारी इस परिवर्तन का जिम्मेदार भागीदार है।

इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत दिल्ली की जनता है। हर दिल्लीवासी इस बदलाव का सक्रिय हिस्सा है। यह अभियान सरकारी प्रयास नहीं, बल्कि पूरे शहर की सामूहिक भागीदारी का प्रतीक है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान एक नई सोच, नई दिशा और एक स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ दिल्ली की ओर बढ़ने का संकल्प है। इस एक महीने में हम सभी मिलकर हर गली, हर मोहल्ले, हर बाजार और हर सार्वजनिक स्थल को साफ करेंगे, कूड़े को हटाएंगे, हरियाली बढ़ाएंगे और स्वच्छता को स्थायी आदत बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को दिल्ली में नई गति देने वाला जन-आंदोलन है। इसका उद्देश्य न केवल कूड़ा-कचरा मुक्त भारत बनाना है, बल्कि स्वच्छता को जन-आंदोलन का रूप देना भी है। दिल्ली को कचरे से मुक्तिश अभियान की मुख्य विशेषताएं में :पहले दो दिन स्कूलों, अस्पतालों और सरक. ारी कार्यालयों में जमा कचरे और सफाई से संबंधित लंबित कार्यों को निपटाने पर केंद्रित रहेंगे। प्रत्येक शनिवार और रविवार को यह अभियान अनधिकृत कॉलोनियों और झुग्गी बस्तियों पर केंद्रित होगा।१४, २१ और २८ अगस्त को यमुना घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।२९ और ३१ अगस्त को रिंग रोड की सफाई की जाएगी।इस अभियान के लिए एमसीडी को ५ करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए, उच्च प्रदर्शन करने वाली रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) को पुरस्कार दिए जाएंगे: सर्वश्रेष्ठ के लिए २५ लाख रुपये, दूसरे स्थान के लिए १५ लाख रुपये और तीसरे स्थान के लिए १० लाख रुपये।

## कई मामलों में शामिल भगोड़ा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस के नंद नगरी थाने की टीम ने कई मामलों में शामिल दो वांछितो को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से एक देसी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, चार मोबाइल फोन और एक चोरी की स्कूटी बरामद की गई। दिल्ली के उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि ३१ जुलाई को रात लगभग ९:०० बजे, टीएलएम अस्पताल के पास शाम की पिकेट चेकिंग के लिए तैनात हेड कांस्टेबल पदम, दीपक और कांस्टेबल पवन की एक टीम ने एक स्कूटी पर सवार दो व्यक्तियों को रोका और उनसे स्वामित्व के दस्तावेज मांगे। संदिग्धों ने पुलिस टीम को गुमराह करने का प्रयास किया। पुलिस द्वारा सरसरी तलाशी लेने पर उनके पास से एक देसी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और चार मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। आगे की जाँच से पता चला कि उक्त स्कूटी दयालपुर क्षेत्र से चोरी हुई थी।इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की पहचान करण (२५) और दीपक, (२८) के रूप में की है।

# इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो में मेड इन इंडिया हथियार प्रदर्शित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुरक्षा और कानून व्यवस्था में स्वदेशी तकनीक का दो दिवसीय १०वें इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो-२०२५ में प्रदर्शन किया ।इस एक्सपो में मेड इन इंडिया निर्मित साइबर सुरक्षा और आधुनिक ड्रोन की तकनीक को दिखाया गया। जहां थ्रीडी फोरेंसिक मॉडल, हथियार और गोला-बारूद, बख्तरबंद वाहन आदि लोगों लुभा रहे हैं।

इसी तरह सुरक्षा वाहन, स्वायत्त नियंत्रण और हर क्षेत्र में बदलाव लाने वाले ।प्संचालित बिग डेटा जैसे अगली पीढ़ी के रक्षात्मक उपाय प्रदर्शित किए गए हैं। एक्सपो में तीन सौ से अधिक कंपनियों तथा पांच हजार से अधिक पुलिस व रक्षा कर्मी हिस्सा ले रहे हैं। एक्सपो में मेड इन भारत तकनीक आधारित थ्रीडी फोरेंसिक मॉडल, एआई बिग डेटा सॉल्यूशंस, हथियार, बख्तरबंद वाहन, स्वायत्त नियंत्रण प्रणाली व अन्य नवाचार को प्रदर्शित किया गया। जिन्होंने एक्सपो में आए विदेशियों का ध्यान आकर्षित किया। भारत सरकार (परमाणु ऊर्जा विभाग) के उद्यम इलेक्ट्रॉनिक कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआइएल) ने परीक्षा जैमर, वीआईपी मूवमेंट के दौरान वाहन- माउंटेड जैमर, ड्रोन-रोधी प्रणाली, सीसीटीवी, एक्सेस कंट्रोल सिस्टम, आरएफआईडी सिस्टम, एन्क्रिप्शन डिवाइस और एक्स-रे मशीन का प्रदर्शन किया। ईसीआइएल के प्रतिनिधि ने कहा कि ये नवाचार समाज में सुरक्षा को बढ़ाते हैं, हमारे नेताओं, उद्योगों और हवाई अड्डों जैसे सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा करते हैं। हमारे सिस्टम राष्ट्रपति भवन, संसद भवन और प्रधानमंत्री कार्यालय सहित प्रमुख स्थानों पर स्थापित किए गए हैं। उन्होंने आगे कहा, ड्रोन खतरों के खिलाफ हमारी प्रणालियां महत्वपूर्ण हैं। सरकार स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा दे रही है।एवीआरड्यूस टेक्नोलाजीज ने थ्रीडी फोरेंसिक माडल पेश किए, जो अपराध स्थल और दुर्घटना स्थल का मिलीमीटर सटीकता के साथ डिजिटल माडल बनाते हैं।

# ड्राइवरों व बस कंडक्टरों को नैतिकता का पाठ पढ़ाएगी सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अगर आप दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों में रोजाना सफर करते हैं, तो बहुत जल्द आपको डीटीसी के बस ड्राइवर्स और बस कंडक्टरों के व्यवहार, बोलचाल की भाषा और नैतिकता में बड़ा बदलाव नजर आएगा। दिल्ली परिवहन निगम की (डीटीसी) की सार्वजनिक छवि सुधारने के लिए दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने एक नई पहल शुरू करने के लिए डीटीसी को निर्देश दिया है।

दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा है कि बहुत जल्द दिल्ली परिवहन विभाग डीटीसी के सभी बस ड्राइवरों और कंडक्टरों को नैतिकता का पाठ पढ़ाने के साथ ही मानसिक रूप से जागरूक करने की विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। सभी ड्राइवर्स और कंडक्टरों को नैतिक मूल्यों, ग्राहक सेवा और सुरक्षित ड्राइविंग तकनीकों पर खास तौर पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि डीटीसी ड्राइवर्स के बस स्टॉप पर प्रॉपर तरीके से बस नहीं रोकने, ओवर स्पीडिंग, रैश ड्राइविंग करने, अपनी लेन में बसें नहीं चलाने, दरवाजे खोलकर बस चलाने, रेडलाइट जंपिंग और जेब्रा क्रॉसिंग क्रॉस करने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जिसके लिए बस यात्री बस नंबर के आधार पर परिवहन विभाग के हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि डीटीसी बसों में लगे हाईटेक सीसीटीवी कैमरे से सभी बस ड्राइवरों और कंडक्टरों के काम और व्यावहार दोनों की पूरी निगरानी के साथ रेगुलर काउंसिलिंग भी की जाएगी।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान की शुरूआत करते हुए।

## एक नजर

### दोस्त ने मारी दोस्त को गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से कर दिया। आरंभिक जांच में पता चला है कि मामूली कहासुनी के बाद युवक को गोली उसके दोस्त ने मारी है। गंभीरावस्था में घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो दोस्तों के बीच कहासुनी और झगड़े में एक ने दोस्त को गोली मार दी। बताया जाता है कि दो राउंड फायरिंग हुई। वारदात के बाद आदर्श नगर थाना पुलिस और क्राइम टीम मौके पर पहुंची।

### भारत गौरव रत्न श्री सम्मान समारोह संपन्न

**नई दिल्ली** भारत गौरव रत्न श्री सम्मान परिषद द्वारा आयोजित 'भारत गौरव रत्न श्री सम्मान' समारोह दि अशोक होटल, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर देशभर के 150 से अधिक समाजसेवियों, सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं, उद्यमियों एवं जमीनी बदलाव लाने वाले व्यक्तित्वों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक उत्थान और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले असली नायकों को राष्ट्रीय मंच से सम्मानित करना था। समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए प्रो. जगदीश मुखी पूर्व राज्यपाल और प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरूचा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन गणमान्य अतिथियों ने देशभर से चयनित कर्मयोद्धाओं को सम्मानित किया और उनके योगदान की सराहना की।इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय गरिमा प्रदान करने हेतु 10 से अधिक देशों के राजनयिक प्रतिनिधि जिनमें उरुग्वे, वेनेजुएला, इराक, रवांडा, मालदीव और तिमोर-लेस्ते के राजदूत, उच्चायुक्त एवं दूतावास अधिकारी शामिल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। आयोजन के निदेशक डॉ. तपन कुमार राउतराय ने कहा, हमारे समाज में ऐसे अनेक नायक हैं जो प्रचार से दूर रहकर निःस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। यह मंच उनके समर्पण को पहचान दिलाने और समाज के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रयास है।

### विक्रांत मैसी को मिला बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड



**नई दिल्ली।** विक्रांत मैसी ने साबित कर दिया है कि वह इस पीढ़ी के सबसे बेहतरीन अभिनेता हैं, क्योंकि उन्हें 12जी फेल में अपनी दमदार अदाकारी के लिए नेशनल अवॉर्ड (बेस्ट एक्टर) से सम्मानित किया गया है। विद्यु विनोद चोपड़ा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में उन्होंने रियल-लाइफ आईपीएस अफसर मनोज कुमार शर्मा का किरदार निभाया है। फिल्म एक ऐसे युवा की असाधारण कहानी है, जो साधारण पृष्ठभूमि से आकर भी बड़े सपने देखने की हिम्मत करता है। गरीबी, आत्म-संदेह और भारत की सबसे कठिन परीक्षा यूपीएससी के दबाव से जूझते हुए, मनोज की यह यात्रा हौसले और उम्मीद से भरी हुई है। इस अवॉर्ड के साथ, विक्रांत ने पक्का कर दिया है कि वह इस पीढ़ी के सबसे काबिल और भरोसेमंद अभिनेता हैं। विक्रांत मैसी ने मनोज का रोल बहुत ईमानदारी, सादगी और गहरी भावनाओं के साथ निभाया है। उन्होंने जिस तरह किरदार की कमजोरी और हिम्मत दोनों को दिखाया, उससे उनका अभिनय लोगों को अपना सा और प्रेरणादायक लगा। यह फिल्म पूरे देश के लोगों के दिल को छू गई और आलोचकों ने भी माना कि मैसी की ये एक्टिंग पिछले कई सालों में सबसे बेहतरीन कामों में से एक है।

### धन शोधन मामले में ईडी ने मारा छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने एक फर्जी कॉल सेंटर के खिलाफ धन शोधन मामले के तहत दिल्ली में छापा मारा है। इस कॉल सेंटर पर कथित तौर पर पाइरेटेड सॉफ्टवेयर बेचकर अमेरिकी नागरिकों को ठगने का आरोप है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए कहा कि खानपुर में तीन परिसरों पर गुरुवार रात करीब 10:30 बजे छापेमारी की गई और तलाशी अभी भी जारी है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है। सूत्रों ने कहा, कुछ लोगों द्वारा एक कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा था, जो माइक्रोसॉफ्ट विंडोज जैसे सॉफ्टवेयर के नाम पर पायरेटेड सॉफ्टवेयर बेचकर अमेरिकी नागरिकों को गुमराह कर रहे थे।

# अंतर्राज्यीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस के एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड की टीम ने अंतर्राज्यीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से कुल १६७.७८ ग्राम 'स्मैक' बरामद की है।

दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि पूर्वी जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ एक विशेष अभियान चल रहा है ताकि मादक पदार्थों के तस्करों और उनके स्रोत आदि को निशाना बनाया जा सके। इसके तहत एसीपी ऑपरेशन पवन कुमार की देखरेख म इंस्पेक्टर अरुण कुमार,के नेतृत्व में टीम ने स्थानीय मुखबिरों को संवेदनशील बनाकर और मानव खुफिया जानकारी एकत्र करके प्रयास शुरू किए।इसी बीच एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड को एक गुप्त सूचना मिली थी कि "रहीम (२१) नामक एक व्यक्ति त्रिलो. कपुरी, के इलाके में नशे के आदी व्यक्ति को "स्मैक" के पाउच बेचता था और वह १९ ब्लॉक चौराहा, त्रिलोकपुरी, के पास "स्मैक" के साथ इसे बेचने के लिए खड़ा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने उक्त स्थान पर अपना जाल बिछाकर आरोपी रहीम को पकड़ लिया।पुलिस ने उसके पास से ५०.४० ग्राम "स्मैक" बरामद की है।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह उक्त स्मैक अपने बरेली, के स्रोत नदीम अली (४१) से प्राप्त करता था।

इसके बाद टीम ने ३१ जुलाई को बरेली, उत्तर प्रदेश से स्रोत/नदीम अली को गिरफ्तार कर उसके पास से ११७.३८ ग्राम ष्स्मैकष बरामद की गई। पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी रहीम ने बताया कि वह बरेली, में अपने स्रोत, नदीम अली से नियमित रूप से 'स्मैक' खरीदता था और इसे लाभ के लिए दिल्ली के त्रिलो. कपुरी में स्थानीय नशा करने वालों को बेचता था।

## तीन को पकडा

**शाह टाइम्स संवाददातां**

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार सिपाही मालवीय नगर थाने में तैनात है। वह रात को मोटरसाइकिल पर पेट्रोलिंग कर रहा था। तभी तीन लोगों को उसने संदिग्ध हालत में बाइक पर बैठे देखा। सिपाही को देखकर आरोपी भागने लगे। सिपाह ने उनका पीछा किया। इसके बाद हौजखास इलाके में सीरीफोर्ट रोड पर बदमाशों की बाइक फिसल गई। बदमाशों ने सिपाही के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद सिपाही ने आत्मरक्षा में फायरिंग की जिसमें एक बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी बीच दूसरे पुलिसकर्मी भी पहुंच गए और तीनों बदमाश पकड़े गए।

# निगम मुख्यालय से हटाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली को कूड़े से आजादी स्वच्छता अभियानष के अंतर्गत आज दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय, डॉ. एसपीएम सिविक सेंटर, के १७वें तल स्थित विधि विभाग का दौरा किया।

इस अवसर पर महापौर ने स्वयं आगे बढ़कर कार्यालय परिसर में जमा पुरानी रद्दी फाइलें और इलेक्ट्रॉनिक कचरे को हटाया। इस प्रतीकात्मक व स्वप्रेरित कदम के माध्यम से महापौर ने निगम कर्मचारियों एवं दिल्लीवासियों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने तथा कचरा मुक्त वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम ने पूरे जोश और ताकत के साथ "दिल्ली को कूड़े से आजादी" स्वच्छता अभियान की शुरुआत कर दी है। यह एक माह का अभियान १ अगस्त से ३१ अगस्त २०२५ तक चलेगा, जिसके तहत सभी १२ जोनों में बड़े पैमाने पर सफाई कार्य होंगे, जिसमें निवा. सियों, स्कूलों, बाजार संघों और सामुदायिक समूहों की सक्रिय भागीदारी होगी।



महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, विधायक सतीश उपाध्याय और दिल्ली नगर निगम आयुक्त अश्वनी कुमार के साथ स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए।

# महापौर ने 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, विधायक सतीश उपाध्याय और दिल्ली नगर निगम आयुक्त अश्वनी कुमार ने आज दक्षिणी जोन में एक गहन स्वच्छता अभियान के साथ महीने भर चलने वाले 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया।

विधायक सतीश उपाध्याय, विधायक गजेंद्र सिंह यादव, विधायक करतार सिंह तंवर, महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, उप महापौर जय भगवान यादव, स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, स्थानीय पार्षद, दिल्ली नगर निगम आयुक्त अश्वनी कुमार, अतिरिक्त आयुक्त, क्षेत्रीय उपायुक्त, वरिष्ठ अधिकारीगण, स्वच्छता कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग इस अवसर पर उपस्थित थे। महापौर ने उपस्थित विधायकों एवं निगम आयुक्त के साथ सभी क्षेत्रों की पदयात्रा की और झाड़ू उठाकर सफाई अभियान में भाग लिया । कार्यक्रम के दौरान, आरडब्ल्यूए, बाजार संघ, गैर सरकारी संगठनों, मंदिरों, धार्मिक संगठनों और कार्यालयों के सैकड़ों लोगों ने महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह के साथ ग्रीन पार्क से आईआईटी, महरौली, छतरपुर और भट्टी माइंस तक 10 किलोमीटर एवं चार घंटे चले स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए, विधायक सतीश उपाध्याय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के अनुरूप, कोई भी देश तभी सही मायने में प्रगति कर सकता है जब वह पूरी तरह से स्वच्छ और स्वस्थ हो। यह अत्यंत गर्व और प्रसन्नता की बात है कि दिल्ली नगर निगम आज मेरे अपने निर्वाचन क्षेत्र से स्वच्छता अभियान की शुरुआत कर रही है। विधायक सतीश उपाध्याय ने 'स्वच्छ एवं हरित दिल्ली' के लिए इस विशेष सफाई अभियान के लिए दिल्ली के महापौर, निगम के सफाई कर्मचारियों और स्थानीय लोगों को धन्यवाद दिया।

# 'सितारे जमीन पर' की हुई स्पेशल स्क्रीनिंग

**नई दिल्ली :** आमिर खान एक बार फिर भुज के पास उस मशहूर गांव पहुंचे हैं, जहां उनकी ऑस्कर-नॉमिनेटेड फिल्म लगान की शूटिंग दो दशक से भी पहले हुई थी। इस बार वह अपने साथ सिर्फ पुरानी यादें ही नहीं, बल्कि अपनी नई ब्लॉकबस्टर सितारे जमीन पर की खास स्क्रीनिंग और एक नई कहानी कहने का अंदाज भी लेकर आए हैं।

बता दें कि आमिर ने इस मौके को खास बनाते हुए फिल्म को स्कूल के बच्चों के साथ देखा है। यह स्क्रीनिंग आमिर खान की एक दिल छू लेने वाली पहल का हिस्सा है, जिसका मकसद सिनेमा को लोगों के और करीब लाना है। फिल्म, जिसे पूरे भारत में खूब सराहा जा चुका है, आज यानी 1 अगस्त से यूट्यूब पर पे-पर-व्यू मॉडल के तहत उपलब्ध है।

आमिर इसे गर्व से जनता का थियेटर कहते हैं और जोर देते हैं कि यह पहल खासतौर पर गांवों और दूर-दराज के इलाकों के दर्शकों के लिए फिल्मों की पहुंच को आसान और सबके लिए समान बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

स्थानीय लोगों ने अभिनेता का गर्मजोशी और उत्साह से स्वागत किया है, क्योंकि यह गांव आज भी ऑस्कर-नॉमिनेटेड लगान में अपनी अहम भूमिका के लिए प्यार से याद किया जाता है।आमिर खान प्रोडक्शंस गर्व के साथ पेश करता है 10 राइजिंग सितारे अरूष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहानी, ऋषभजैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर। आर. एस. प्रसन्ना द्वारा निर्देशित, जिन्होंने पहले बैरियर तोड़ने वाली ब्लॉकबस्टर श्शुभ मंगल सावधानश बनाई थी, अब आमिर खान प्रोडक्शंस के साथ 'सितारे जमीन पर' में सबसे बड़े कोलैबरेशन के साथ वापसी कर रहे हैं।

# इफको ने केजे पटेल को नियुक्त किया नया एमडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सहकारी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी इफको ने के.जे. पटेल को अपना नया प्रबंध निद. ेशक (एमडी) नियुक्त किया है। पूर्व प्रमुख यू.एस.अवस्थी का कार्यकाल बृहस्पतिवार को समाप्त हो गया। इफको के अध्यक्ष दिलीप संघानी ने बयान में कहा कि पटेल को नया प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। पटेल अभी तक इफको में निद. ेशक (तकनीकी) थे। वह भारत के सबसे बड़े जटिल उर्वरक संयंत्र, इफको पारादीप संयंत्र का नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने सौराष्ट्र



विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की है और उन्हें नाइट्रोजन एवं फॉस्फेट उर्वरक संयंत्रों के रखरखाव में 32 वर्ष से अधिक का समृद्ध अनुभव है। संघानी ने कहा पटेल अपने साथ उद्योग की गहन समझ और सिद्ध रणनीतिक सोच लेकर आए हैं जो इफको के लक्ष्यों के अनुरूप है। उन्होंने इफको के साथ-साथ देश भर के किसानों के लिए निवर्तमान एमडी यू.एस. अवस्थी के समर्पण की सराहना भी की।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# सीएसएचपी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने किया अविस्मरणीय प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सी.एस.एच.पी पब्लिक स्कूल प्रताप विहार के छात्रों ने सी. बी.एस.ई द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में अविस्मरणीय प्रदर्शन कर अपने विद्यालय और गाजियाबाद क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने अपने अद्‌भुत प्रदर्शन द्वारा सभी को हैरान कर दिया है। सी. बी.एस.ई नॉर्थ जोन योगा प्रतियोगिता जो कि जी.डी. गोयंका स्कूल में आयोजित हुई। उसमें नवीं कक्षा के काव्य ने रजत पदक एवं ग्यारहवीं कक्षा के सत्यम ने कांस्य पदक जीतकर अपना और अपने




विद्यालय का नाम रोशन किया।

सी.बी.एस.ई नॉर्थ जोन - 1 नालंदा वर्ल्ड स्कूल सहारनपुर में आयोजित योगा प्रतियोगिता में कक्षा सात की ईशान्वी तिवारी ने रजत पदक अपनी झोली में डाला इतना ही नहीं विद्यालय के इन छात्रों काव्य, सत्यम, ईशान्वी तिवारी, संजीता साहू और नव्या जैन ने राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए अपना स्थान पक्का किया है। छात्रों की इन उपलब्धियों से संपूर्ण विद्यालय गौरांवित अनुभव कर रहा है।

विद्यालय निर्देशिका सविता गुप्ता ने छात्रों को हृदय से बधाई देते हुए प्रशंसा की। विद्यालय प्रधानाचार्या ममता शर्मा ने विजयी छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

# आपदा से निपटने की तैयारी, जिले में की जा रही मॉक ड्रिल एक्सरसाइज

**गाजियाबाद।** हाल के दिनों में दिल्ली एनसीआर में भूकंप के झटके काफी महसूस किये जा रहे है, इसी क्रम में सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए जिले के पांच अलग-अलग जगहों पर आपदा प्रबंधन के मॉक ड्रिल के अभ्यास किए गए। जहां प्राकृतिक आपदा आने के बाद उस आपदा से किस तरह से निपटा जाए, भूकंप आने के बाद किस तरीके से बचाव किया जाए और बचाव टीमें किस तरह अपना काम करती हैं। मॉडल के द्वारा इसके नियम लोगों को समझाए गए। हापुड़



चुंगी स्थित इन्ग्राहम स्कूल में भी एक मॉक ड्रिल अभ्यास किया गया। इस मॉडल के दौरान शास. निक एवं प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस अग्निशमन विभाग और एनसीसी स्वास्थ्य विभाग आदि की टीम में मौजूद रही। टीम ने एक वीडियो बनाया है जिसमें जैसे ही हूटर बजा उसके बाद कुछ ही मिनटों बाद टीम ने घायल छात्रों की सहायता की और उन्हें प्राथमिक चिकित्सा दी। नकली घायलों को स्ट्रेचर पर लेटाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। तमाम विभाग अलर्ट हुए और आपदा में फंसे लोगों को बारी बारी कर वहां से निकलते हुए सारी प्रक्रिया दिखाई गई। इस अभ्यास का उद्देश्य छात्रों और स्कूल स्टाफ को भूकंप, आग या अन्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित करना था। अधिकारी ने बताया कि आज के अभ्यास से हमें यह जानने में मदद मिली कि हमारी योजनाएं कितनी प्रभावी हैं और कहाँ सुधार की आवश्यकता है। इस तरह के मॉक ड्रिल अभ्यास न केवल छात्रों को आपात स्थितियों के लिए तैयार करते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं, जिससे वे वास्तविक खतरे के समय शांत और प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया दे सकें।

# बहु ने मकान पर किया कब्जा, सास और नन्द को निकाला बाहर

**गाजियाबाद।** थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र अंतर्गत इंदिरापुरी चौकी इलाके से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक महिला शबनम द्वारा अपने परि. जनों के साथ मिलकर अपने ससुराल के मकान पर जबरन कब्जा करने के आरोप का मामाल सामने आया है।



पीड़ित पक्ष का कहना है कि शबनम ने जबरदस्ती घर में घुसकर वहां रह रहीं बुजुर्ग महिला खालदा बेगम पत्नी गुलाम मोहम्मद और उनकी बेटी सोनी को जबरन घर से निकाल दिया। खालदा बेगम का कहना है कि उनका बेटा सलीम पुत्र गुलाम मोहम्मद पिछले 7 वर्षों से अपनी पत्नी शबनम के साथ कहीं दूर रह रहा था और इस दौरान उसने अपने मायके या ससुराल से कोई संपर्क नहीं किया। सलीम की अनुपस्थिति और लगातार दूरी को देखते हुए खालदा बेगम ने वकील की सलाह पर उसे विधिक रूप से बेदखल भी कर दिया था।

खालदा बेगम का गंभीर आरोप है कि शबनम ने ही अपने परिवार के साथ मिलकर उनके बेटे सलीम को गायब कर दिया है, जिसकी शिकायत उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर भी की है, लेकिन अब तक पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस मामले में बुजुर्ग महिला ने पुलिस प्रशासन पर एकतरफा रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा, "शबनम रोज हमारे ऊपर नए-नए झूठे आरोप लगाकर हमें प्रताड़ित कर रही है। पुलिस से शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही।

अब सवाल ये है कि हम मां-बेटी आखिर कहां जाएं?" खालदा बेगम की देखभाल उनकी बेटी सोनिया कर रही हैं, जो वर्तमान में बेरोजगार हैं और इस पूरे विवाद के कारण मान. सिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है और मांग की है कि उन्हें उनके ही मकान में सुरक्षित और शांतिपूर्वक रहने दिया जाए।

## पिता-पुत्र पर डंडों से हमला किया

**गाजियाबाद।** इंद्रगढ़ी डासना निवासी अनिल का कहना है कि 30 जुलाई की रात करीब नौ बजे वह गली में घूम रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले जतिन, लक्की और अन्नू ने गली में घूमने की बात को लेकर उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर तीनों ने उन पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। शोर-शराबा होने पर उनके पिता भोलेराम आए तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। अनिल का कहना है कि हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में उन्होंने 31 जुलाई को मसूरी थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। एसीपी लिपि नगायच का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# मोदीनगर के सपा नेताओं ने की अखिलेश यादव से मुलाकात

**मोदीनगर।** संसद भवन परिसर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मोदीनगर कर समाजवादी पार्टी नेताओं ने शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सपा प्रदेश सचिव(पिछड़ा प्रकोष्ठ) कृष्णा रुहेला ने बताया कि यह मुलाकात अत्यंत प्रेरणादायक रही, जिससे हम लोगो में न केवल एक नई ऊर्जा व उत्साह प्राप्त हुआ, बल्कि प्रदेश से संबंधित कई महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों पर भी गंभीर व सार्थक चर्चा हुई। बातचीत के दौरान संगठनात्मक रणनीति, सामाजिक न्याय की दिशा में उठाए गए कदम, तथा पिछड़े,



वंचित व शोषित वर्गों के अधिकारों की रक्षा हेतु भविष्य की दिशा पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति व प्रदेश सचिव (पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ) कृष्णा रूहेला मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने, युवाओं को राजनीति से जोड़ने, तथा सामाजिक न्याय की लड़ाई को पूरी प्रतिबद्धता के साथ जारी रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## कोटपा अधिनियम के तहत छह हुक्का बार को नोटिस

**गाजियाबाद।** कोटपा अधिनियम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छह हुक्का बार को नोटिस जारी किया गया है और एक प्रतिष्ठान पर कार्रवाई के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस को पत्र लिखा है। सभी प्रतिष्ठानों को सीएमओ ऑफिस में आकर अपना जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के नोडल डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि शहर के अलग-अलग स्थानों पर मौजूद प्रतिष्ठान अर्बन रिट्रीट कैफे और लाउंज, द डेली ड्रिप लाउंज एंड हुक्का, थ्री हाउस कैफे एंड लाउंज हुक्का, टू जोकर कैफे एंड हुक्का बार, द जंगल कैफे एंड लाउंज हुक्का प्रतिष्ठान संचालित है। इनमें कोटपा अधिनियम का पालन नहीं किए जाने पर नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा औजेरा रूफटॉप रेस्ट्रो एंड लाउंज पर खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस द्वारा कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया है। सभी प्रतिष्ठानों को तीन दिवस में सीएमओ कार्यालय में अपना पक्ष स्पष्ट करना होगा। डॉ. गुप्ता के मुताबिक धूम्रपान मानव एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल एवं हानिकारक प्रभाव डालता है। धूम्रपान में मुख्य रूप से उपयोग होने वाले निकोटिन एक जहरीला रासायनिक पदार्थ है जोकि मानव को लत का शिकार बनाता है, जिसके उपयोग से मानव में हृदय रोग, श्वास रोग एवं कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती है तथा व्यक्ति मौत का शिकार भी हो सकता है।

# लोगों ने चोर को पेड़ से बांधकर पीटा

**गाजियाबाद।** बृहस्पतिवार को थाना वेब सिटी क्षेत्र में एरिया डासना उस्माद कॉलोनी में रात को कुछ चोरों ने अपना आतंक बोल दिया। लोगों द्वारा चोरों को देखे जाने पर शोर मचाना शुरु कर दिया। जिसके बाद चोरों ने भागने की कोशिश की लेकिन नाकामयाब रहे। भीड़ द्वारा एक चोर को मौके पर ही पकड़ लिया गया।

भीड़ ने एक चोर को धरदबोचा और जमकर मार-पीटाई की। लोगों ने सभी चोरों को पकड़ने की कोशिश की लेकिन वाकी के चोर भाग गए। एक ही चोर को पकड़ लिया और पेड़ से बांध दिया। बाद में बुरी तरह पीटा। लोगों ने कानून को अपने हाथ में ले लिया और चोर की बेरहमी से पीटाई कर दी।

सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल ड्रॉन से चोरी की वीडियों से घबराए हुए हैं पश्चिमी यूपी में ड्रॉन से चोरी की वीडियों तेजी से वायरल हो रही हैं। इस प्रकार की घटनाओँ के बाद लोगों के बीच और अधिक



आक्रोश है। आक्रोश से भरे हुए लोगों ने चोर पर ही अपना पूरा गुस्सा निकाल दिया। इस प्रकार का कृत्य लोगों द्वारा किया जाना असंवैधानिक है।

लोगों द्वारा सर्वप्रथम पुलिस को सूचना न देकर, खुद ही कानून को अपने हाथ में ले लिया गया। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस तरह से भीड़ द्वारा कानून को अपने हाथ में लेना सही है या नहीं क्या कोई कार्रवाई पुलिस द्वारा इन लोगों पर की जाएगी? फिल्हाल पुलिस द्वारा मामले की पूरी जांच की जा रही है। वाकी के चोरों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

## एक नजर

### पॉश इलाके में भाई-बहन ने खाया सल्फास

**गाजियाबाद।** शहर के पॉश इलाकों में शुमार गोविंदपुरम से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। दरअसल यह एक ही परिवार के दो बच्चों ने आत्महत्या कर ली। इस मामले में अभी पुलिस जांच में जुटी हुई हैं। दोनों भाई - बहन के इस कदम के पीथे क्या वजह थी। इसके बारे में जांच की जा रही हैं। मृत लड़के की पहचान सेंट्रल इंटेलिजेंस ब्यूरो (सीबीआई) में तैनात अविनाश कुमार के रुप में हुई हैं। उसकी टीचर बहन ने संदिग्ध परिस्थितियों में सल्फास खाकर अपनी जान दे दी। दोनों को तत्काल सर्वोदय अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सूत्रों के अनुसार, अविनाश कुमार एक केंद्रीय खुफिया एजेंसी में तैनात था, जबकि उसकी बहन स्कूल टीचर थी। दोनों के माता-पिता सरकारी विभाग में कार्यरत हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम।को भेजत है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे आत्महत्या की वजह अब तक साफ नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है और परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। इस दुखद घटना से इलाके में शोक की लहर हैं। पड़ोसी भी इस कदम से स्तब्ध हैं, क्योंकि दोनों ही भाई-बहन मिलनसार और सामान्य व्यवहार वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस अब मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच कर रही है, ताकि घटना के पीछे की असली वजह सामने आ सके।

लापरवाही या तकनीकी खामी

### कुकर फैक्ट्री का गिरा लेंटर तीन लोग मलबे में दबे

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र स्थित राजेंद्र नगर इलाके में एक कुकर बनाने वाली फैक्ट्री का लेंटर अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के वक्त फैक्ट्री में काम चल रहा था। लेंटर गिरने से तीन मजदूर मलबे में दब गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को मलबे से निकालकर पास के अस्पताल में भर्ती कराया। घटनास्थल पर पुलिस मौके पर मौजूद है और क्षेत्र को घेर लिया गया है। राहत और बचाव कार्य जारी है, हालांकि फिलहाल किसी की जान जाने की सूचना नहीं है। यह हादसा कई सवाल खड़े करता है- क्या फैक्ट्री के निर्माण और संचालन में मानकों की अनदेखी की गई थी? क्या निर्माण सामग्री में गुणवत्ता से समझौता किया गया था? स्थानीय निवासियों के मुताबिक, फैक्ट्री में लंबे समय से बिना किसी तकनीकी निरीक्षण के निर्माण कार्य चल रहा था।

ना तो कोई सुरक्षा उपकरण लगाए गए थे, ना ही मजदूरों की सुरक्षा का ध्यान रखा गया। घटना के बाद अब प्रशासन और श्रम विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। यदि समय पर निर्माण स्थल की जांच की गई होती और सुरक्षा मानकों को गंभीरता से लिया गया होता, तो शायद यह हादसा रोका जा सकता था। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। फैक्ट्री मालिक और निर्माण एजेंसी की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### खोड़ा के लोग पानी के लिए उतरेंगे सड़क पर

**साहिबाबाद।** खोड़ा कॉलोनी के निवासी पिछले कई माह से पेयजल की किल्लत से जूझ रहे है। परेशानी का समाधान नहीं मिल पाने के चलते लोगों में रोष है और अब सड़को पर उतरने के लिए तैयार है। इसको लेकर शुक्रवार को केआरए ने एक जनसभा भी आयोजित की। खोड़ा कॉलोनी में पानी की भारी किल्लत के खिलाफ लोगों का आक्रोश अब सड़कों पर उतरने को तैयार है।

शुक्रवार को वार्ड नंबर एक में खोड़ा रेजिडेंट्स एसोसिएशन (केआरए) की ओर से जनसभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में पुरुषों और महिलाओं ने प्रतिभाग किया। बैठक का संच. ालन कर रहे एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक जोशी ने बताया कि खोड़ा में पानी की मांग को लेकर पिछले आठ वर्षों से लगातार आंदोलन चल रहा है, लेकिन शासन-प्रशासन और जनप्रति. निधियों की उदासीनता बनी हुई है।

# वाहन चेकिंग अभियान के तहत काटे 1700 से ज्यादा चालान

**गाजियाबाद।** जिले में ट्रांस हिंडन जोन में चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई की गई है। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के पुलिस आयुक्त के आदेश पर यह अभियान चलाया गया। जिसके तहत 31 जुलाई, 2025 को ट्रांस हिंडन जोन के सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमों ने 44 स्थानों पर चेकिंग की।

इस अभियान के दौरान, बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना नंबर प्लेट और गलत दिशा से आने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने कुल 3,542 लोगों की जाँच की और मोटर वाहन अधिनियम के तहत 1,779 वाहनों का चालान किया। ट्रांस हिंडन जोन के सभी सहायक पुलिस आयुक्तों, थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों ने विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की।

इंदिरापुरम में 389 लोगों की जाँच की गई और 275 वाहनों का चालान हुआ। खोड़ा में 547 लोगों की जाँच की गई और 149 वाहनों



का चालान किया गया। कौशांबी में 695 लोगों की जाँच की गई और 384 वाहनों का चालान हुआ। साहिबाबाद में 685 लोगों की जाँच की गई और 355 वाहनों का चालान किया गया। लिंक रोड में 446 लोगों की जाँच हुई और 247 वाहनों का चालान हुआ। शाल. ीमार गार्डन में 290 लोगों की जाँच हुई और 159 वाहनों का चालान किया गया। टीला मोड़ में 490 लोगों की जाँच की गई और 210 वाहनों का चालान हुआ। कुल मिलाकर, इस अभियान में 3,542 व्यक्तियों की जाँच की गई और 1,779 वाहनों का चालान किया गया। ट्रांस हिंडन जोन पुलिस द्वारा "श्रीमान पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे वाहन चेंकिग अभियान के अन्तर्गत " यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन/चाल. कों के विरुद्ध की गई कार्यवाही।

## सड़को पर भरे गंदे पानी से गुजरने को मजबूर मासूम बच्चे

**गाजियाबाद।** वार्ड 10 डीएलएफ, साहिबाबाद से कुछ ऐसी तस्वीरें सामने आई जो किसी भी जागरूक नागरिक का दिल दहला सकती हैं। सीवर के गंदे पानी से सड़क पर कुछ स्कूली बच्चे गुजरते दिखाई दिये। यह तस्वीरें न केवल प्रशासन की नाकामी को उजागर करती हैं, बल्कि सवाल भी उठाती हैं कि क्या जनता को यूं ही गंदगी में जीने के लिए छोड़ दिया गया है?

क्या प्रशासन लापरवाह होने के साथ-साथ अब पत्थर दिल भी हो गया हैं जो उसे यह नहीं दिख रहा कि यह बच्चे इस देश का भविष्य हैं और उनकी यह लापरवाही सिर्फ इन बच्चों को बीमार नहीं करेगी बल्कि देश के उज्ज्वल भविष्य के साथ भी खिलवाड़ करेगी।

सड़कों के इस दयनीय रुप पर लोगों का कहना है कि अगर समय पर सीवर और नालियों की सफाई हुई होती, तो बच्चे यूं स्कूल जाते वक्त गंदगी में नहीं फंसते। न ही बुजुर्गों और राहगीरों को इस हाल में चलना पड़ता। गाड़ियां तक घुटनों तक भरे पानी में धंसती नजर आ रही हैं। स्थानीय पार्षद द्वारा चुनाव में जो वादे किए गए थे, वे अब खोखले साबित हो रहे हैं। लोगों में नारा. जगी है और अब वो पूछ रहे हैं ख्र क्या हमनें वोट इसलिए दिया था कि हमारे बच्चों को गंदे पानी में चलकर स्कूल जाना पड़े?

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में मनाया गया मौखिक स्वच्छता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज, गाजियाबाद में पेरियोडॉन्टोलॉजी विभाग के द्वारा मौखिक स्वच्छता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान की डेन्टल ओ.पी.डी. में आने वाले सभी मरीजों को मौखिक स्वच्छता के महत्व, उसके रखरखाव एवं इसकी अनदेखी से उत्पन्न होने वाली गंभीर बीमा. रियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान मरीजों को मौखिक स्वच्छता से संबंधित उपयोगी जानकारी देने के साथ-साथ नि शुल्क टूथपेस्ट और माउथवॉश के सैंपल भी वितरित किये गये। इस अवसर पर संस्थान के बी.डी.एस. एवं



एम.डी.एस. के छात्रों और फैकल्टी सदस्यों के लिये ''पेरीओ- रेस्टोरेटिव इंटररिलेशनशिप'' विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञ वक्ता द्वारा आधुनिक पहलुओं पर प्रकाश डाला गया।

इसके अतिरिक्त, ''ओरल हेल्थ फॉर ओवरऑल हेल्थ'' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता तथा ''स्माइल एक्रॉस कल्चर - सेलिब्रेटिंग द यूनिवर्सल लैंग्वेज ऑफ स्माइलिंग'' विषय पर वीडियो रील प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में संस्थान के बी.डी.एस. एवं एम.डी.एस. विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर भाग लिया।

इसके साथ ही मरीजों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देष्य से एक प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिसका उद्देश्य मौखिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर केंद्रित था। कार्यक्रम के समापन पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी प्रतिभागियों ने आई.टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# दिल्ली में झुग्गी – झोपड़ी को लेकर मुख्यमंत्री का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज कहा कि दिल्ली आगे बढ़ेगी तो बढ़ेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कही हुई इस बात को सही साबित करना हमारी जिम्मेदारी है। हर रोज जिस तरह से दिल्ली में पालिसी रिफार्म हो रहा है, वो इसी का प्रमाण है। १९५४ का नियम था कि महिलाएं रात ९ बजे से सुबह ७ बजे तक काम नहीं कर सकतीं।

हमने इस नियम को बदला। अब दिल्ली में महिलाएं भी २४ घंटे सातों दिन काम कर सकती हैं। वे काम भी करेंगी और सुरक्षित रहेंगी। फैक्ट्री लाइसेंस दिल्ली सरकार देगी एमसीडी नहीं। जहां एमसीडी को लाइसेंस देना है, वहां दिल्ली पुलिस का कोई काम नहीं। ग्रीन भी, ग्रोथ भी विषयक दिल्ली के सतत विकास को लेकर नरेडको के सेमिनार में उन्होंने कहा कि दिल्ली में अगर डबल इंजन की सरकार मिली है तो अब यहां काम भी होंगे। नजर आएंगे।

हमें दिल्ली को बदलना है। सौर ऊर्जा हो या ग्रीन कवर, साफ सफाई हो या इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, सभी जगह काम हो रहा है।वो भी एक्सपर्ट्स की राय के साथ। दिल्ली की पूरी टाउन प्लानिंग नए सिरे से की जानी है। पानी के लिए पूरी सीवर लाइन और पाइप नेटवर्क बिछाना है। दिल्ली में नए नए अस्पताल बनाने हैं, माल बनाने हैं, आईएसबीटी तैयार करने हैं। होटल ताज मानसिंह में सीएम ने आगे कहा कि जो लोग झुग्गियों की राजनी. ति करना चाहते हैं, उन्होंने कभी वहां झांककर नहीं देखा। उनका दर्द नहीं जाना। मैं आज उन्हें बताना चाहूंगी कि दिल्ली में एक भी झुग्गी बगैर उन्हें मकान दिए नहीं हटेगी। हम उन्हें रोजगार भी देंगे। पिछली सरकार दिल्ली को कर्जे में छोड़कर गई है। फिर भी हम दिल्ली को चौन की सांस लेने का माहौल देंगे। आप नए नए प्रोजेक्ट लाइए, हम जगह और पैसा दोनों देंगे। दिल्ली की हवा को साफ करने के लिए भी हम लोग आए दिन सीएक्यूएम के साथ भी बैठक कर रहे हैं। नई गोशालाएं बनानी हैं, डॉग सेंटर बनाने हैं।

# फर्जी ट्रेडिंग गिरोह का पर्दाफाश साइबर सेल की बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल की टीम ने फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफार्म के जरिये देशभर में सैकड़ों लोगों से सौ करोड़ से अधिक की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने साइबर गिरोह के चार प्रमुख आरोपितों को गिरफ्तार किया है। ये गिरोह इंटरनेट मीडिया और फर्जी निवेश वेबसाइटों के माध्यम से लोगों को अपने जाल में फंसाकर भारी रकम ठगता था। गिरफ्तार आरोपितों को पंजाब के लुधियाना से दबोचा गया, जिनकी पहचान सनी मिश्रा, कुलदीप कुमार, गौरव और सुमित प्रधान के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से सात मोबाइल फोन और २३ से अधिक जालसाजी में इस्तेमाल किए गए बैंक खाते और भारी मात्रा में डिजिटल और बैंकिंग डेटा बरामद किया गया है। उपायुक्त आदित्य गौतम के मुताबिक, इस कार्रवाई की शुरुआत दिल्ली के एक व्यवसायी की शिकायत से हुई, जिसे फर्जी वेबसाइट िचतवअपच.बवउ के जरिए ४८.३५ लाख की ठगी का शिकार बनाया गया था।यह शिकायत दिल्ली क्राइम ब्रांच को दी गई, जिसके आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। शिकायतकर्ता को सबसे पहले एक महिला ने फेसबुक मैसेंजर पर संपर्क किया, जो बाद में वाट्सएप पर बातचीत कर उसे फर्जी निवेश योजना में फंसाने में सफल रही। जांच के दौरान एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में और निरीक्षक संदीप सिंह की निगरानी में गठित टीम ने डिजिटल सुरागों के आधार पर १६ जुलाई को लुधियाना (पंजाब) में छापा मारकर चारों जालसाजों को गिरफ्तार किया।

# ओखला एमसीडी स्कूल की हालत खस्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ओखला को-एड स्कूल (हिंदी-उर्दू) में ५०० से ज्यादा बच्चे पंजीकृत हैं। ओखला गांव के साथ ही आसपास के लिए एमसीडी का यह स्कूल प्राइमरी तक की शिक्षा का प्रमुख केंद्र है। सीमेंटेड शेड वाला यह स्कूल १९ वर्ष पुराना है। इसमें लगभग ३६ कमरे हैं। तीन-चार को छोड़कर लगभग सभी के शेड क्षतिग्रस्त हैं।

वर्षा होने पर जहां छत टपकने लगती है, वहीं रोड के बराबर होने के चलते स्कूल परिसर के साथ ही कक्षाओं में घुटने तक पानी भर जाते हैं।

वहीं, बच्चों की क्षमता के हिसाब से न तो पर्याप्त शौचालय हैं और न ही इनमें समुचित साफ-सफाई हो पाती है। मरम्मत के नाममात्र की बजट मिलता है। एक तरफ से सीमेंटेड शेड की मरम्मत होती है तो वहीं दूसरी तरफ यह क्षतिग्रस्त होती जा रही है।जामिया मिल्लिया इस्लामिया मेट्रो स्टेशन से आगे बढ़ने पर उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग से पहले दाहिनी ओर बना यह स्कूल क्षेत्र के बच्चों को पिछले १९ वर्षों से शिक्षित कर रहा है। जामिया मिल्लिया इस्लामिया से रेंट पर जमीन लेने के बाद एमसीडी ने २००६ में ओखला को-एड स्कूल (हिंदी-उर्दू) शुरू कराया।

लगभग ३६ कमरों वाले इस प्राइमरी स्कूल में ५०० से ज्यादा छात्र-छात्राएं हैं। हर एक कक्षा में ४० से ४२ विद्यार्थी हैं। छात्रों की संख्या पर्याप्त होने के चलते फिलहाल इसे किसी अन्य स्कूल में मर्ज करने को को लेकर कोई प्रस्ताव नहीं है। सड़क के लेवल के बराबर होने के चलते वर्षा होने पर स्कूल परिसर ही नहीं बल्कि लगभग सभी कक्षाओं में पानी भर जाता है। चार से पांच क्लासरूम ही थोड़ी ऊंचाई पर हैं, जिनमें पानी नहीं घुसता। फर्श और दीवारें ठीक हैं। बाउंड्री वाल भी अच्छी स्थिति में है और पूरा परिसर प्रवेश व निक. ासी के लिए बने दो गेट से सुरक्षित है। छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था नहीं है।

# एनडीएमसी अध्यक्ष ने 'कूड़े से आजादी' स्वच्छता अभियान की शुरुआत की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरुआत के उपलक्ष्य में, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने 'दिल्ली को कूड़े से आजादी'थीम पर नई दिल्ली का शहरव्यापी स्वच्छता अभियान शुरू किया- जो कचरे और अस्वच्छ परिवेश से मुक्ति का एक आह्वान है। इस अभियान की शुरुआत एनडीए मसी के अध्यक्ष - केशव चंद्रा ने शहीद भगत सिंह प्लेस, गोल मार्केट पर झाड़ू लगाकर की। इस अवसर पर एनडीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी, सफाई कर्मचारी, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के प्रतिनिधि और स्थानीय मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के सदस्य भी मौजूद थे।

चंद्रा ने इस अवसर पर कहा कि महात्मा गांधी के स्वच्छ और समृद्ध भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप, इस महीने भर चलने वाली स्वच्छता पहल (१ अगस्त से ३१ अगस्त, २०२५ तक) का उद्देश्य सामूहिक सामुदायिक कार्रवाई और संस्थागत प्रयासों के माध्यम से एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ राजधानी के निर्माण को प्रेरित करना है।शहीद भगत सिंह प्लेस स्थित कार्यालयों में स्वच्छता अभियान के दौरान, उन्होंने अधिकारियों को दस्तावेजों की स्कैनिंग और उसके बाद पुराने अभिलेखों को हटाने, बेकार पड़े फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक कचरे का निपटान करने तथा कार्यालय परिसर को स्वच्छ और अव्यवस्था - मुक्त बनाए रखने के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए।उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे फाइलों और अभिलेखों को उनके वर्गीकरण और सूचीकरण के बाद, उन्हें इधर-उधर बिखरने के बजाय अलमारियों में रखें।



**एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्रा शहीद भगत सिंह प्लेस पर कूड़े से आजादी अभियान की शुरूआत करते हुए।**

# संपत्ति कर भुगतान पर छूट की अवधि 31 अगस्त तक बढ़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने बताया कि दिल्ली नगर निगम ने वर्तमान वित्तीय वर्ष २०२५-२६ के लिए देय संपत्ति कर पर १० प्रतिशत छूट की समय-सीमा को ३१ अगस्त, २०२५ तक बढ़ा दिया है। यह निर्णय करदाताओं की सुविधा, कर आधार को व्यापक बनाने और राजस्व संग्रहण में वृद्धि सुनिश्चित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में करदाता आगे आ रहे हैं और निगम को कर भुगतान को लेकर उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हो रही है। इसी सक्रिय भागीदारी को ध्यान में रखते हुए पहले छूट की अवधि को ३१ जुलाई तक बढ़ाया गया था। अब करदाताओं के सकारात्मक रुख और 'सुनियो योजना २०२५-२६'की सफलता को देखते हुए इस छूट अवधि को और एक माह बढ़ाकर ३१ अगस्त २०२५ तक कर दिया गया है।

स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि सुनियो योजना और १०% छूट करदाताओं के बीच लोकप्रिय हो रही है और राजस्व संग्रहण को प्रोत्साहित कर रही है।

# अर्जुन राम मेघवा ई-विधान एप्लिकेशन का करेंगे उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल, ३ अगस्त (रविवार) को दिल्ली विधान सभा के दो महत्त्वपूर्ण पहलोंख्र५०० किलोवाट क्षमता वाले रूफटॉप सोलर पावर प्लांट और ई-विधान (पेपरलेस विधान सभा प्रणाली)-का उद्घाटन विधानसभा परिसर में करेंगे।इस कार्यक्रम के अंतर्गत नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (छमट।) का एक ट्रायल रन भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी विधायक डिजिटल प्लेटफॉर्म की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करेंगे। सदन में सभी सदस्यों की इस डिजिटल ड्रिल में उपस्थिति एक सामूहिक और प्रतीकात्मक बदलाव को दर्शाएगी, जो पूरी तरह से काग. जरहित, प्रभावी और प्रौद्योगिकी-सक्षम विधायी प्रक्रिया की ओर बढ़ने में सहायक सिद्ध होगी।

इस दोहरे शुभारंभ के साथ, दिल्ली विधानसभा देश की उन पहली विधायी संस्थाओं में शामिल हो जाएगी जो पूरी तरह सौर ऊर्जा पर कार्य करेगी और साथ ही एक व्यापक डिजिटल विधायी ढांचे को अपनाएगी, जो राष्ट्रीय शासन सुधारों के अनुरूप है।

# कारोबारी के घर डकैती में पूर्व कर्मचारी समेत 4 बदमाश धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुखर्जी नगर थाना क्षेत्र में कारोबारी को घर में बंधक बनाकर लूट करने के मामले में पुलिस ने मुख्य साजिशकर्ता पूर्व कर्मचारी समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। वारदात के ७२ घंटे बाद पुलिस इन्हें पकड़ने में कामयाब रही। पुलिस ने इनके कब्जे से तीन पिस्टल, चार कारतूस, फर्जी नंबर प्लेट, कार के व्हील कैप्स, अपराध के समय पहने गए दो जोड़ी जूते, और हुंडई एक्सेंट कार बरामद की है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान साजिशकर्ता पूर्व कर्मचारी अशोक कुमार यादव, कमल राज, राकी और शिवम के रूप में हुई है।

उत्तर पश्चिमी जिला के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सिकंदर सिंह ने बताया कि २७ जुलाई की सुबह तीन बदमाशों ने मुखर्जी नगर इलाके में रहने वाले कारोबारी जतिंदर सिंह के घर में घुसकर हथियार के बल पर लूटपाट की। जतिंदर सिंह का चांदनी चौक में कारोबार है। बदमाश उनके घर से लाखों के गहने और १.५ लाख रुपये लेकर भाग गए। मुखर्जी नगर थाना प्रभारी राजीव शाह के नेतृत्व में पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की।

सीसीटीवी कैमरे की जांच में पता चला कि बदमाश एक्सेंट कार से लूटपाट करने आए थे और कार को घर से कुछ दूरी पर पार्क किया था। जांच में पता चला कि कार पर वर्ना कार का नंबर प्लेट लगा रखा था। बदमाशों के भागने की दिशा में सीसीटीवी कैमरे की जांच शुरू की।

वहीं, वाहन निगरानी एप्लिकेशन के जरिए पुलिस को पता चला कि कार सुबह ७:०९ बजे गुजरांवाला टाउन में देखी गई थी। पीछे के रूट की ट्रेसिंग करने पर पाया गया कि आरोपी घटना से लगभग चार घंटे पहले सुबह ७:२० बजे घटनास्थल के पास पहुंच गए थे। कार को पालम एयर फोर्स स्टेशन दिल्ली कैंट तक ट्रेस किया गया, लेकिन उसके बाद कोई सुराग नहीं मिला।

पुलिस ने कैंट बोर्ड, धौला कुआं पुलिस बूथ, ट्रैफिक मुख्यालय टोडापुर एवं एरोसिटी सेंटर एयरपोर्ट दिल्ली की सीसीटीवी फुटेज खंगाला। जिसमें पता चला कि कार को कैंट स्थित मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस में प्रवेश करते हुए देखा गया। जहां पहुंचकर पुलिस ने छानबीन की और आरोपी कमल राज और उसके भांजे राकी को गिरफ्तार कर लिया। कमलराज वहां चौकीदार का काम करता था, जबकि उसका भांजा एयरपोर्ट पर लोडर का काम करता था। पूछताछ में दोनों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

पुलिस ने इनके निशानदेही पर मुख्य साजिशकर्ता अशोक कुमार यादव और नोएडा के गांव बड़ौली में छिपे शिवम को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक पिस्टल बरामद कर ली।

# दिल्ली सचिवालय की नई बिल्डिंग के लिए जगह की तलाश शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को घोषणा की कि दिल्ली सरकार जल्द ही एक नए सचिवालय के निर्माण के लिए उपयुक्त जगह की पहचान की प्रक्रिया शुरू करेगी ताकि एक ही इमारत में विभिन्न विभागों को समायोजित किया जा सके। उन्होंने कश्मीरी गेट स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय का दौरा करने के बाद यह घोषणा की।मुख्यमंत्री ने इमारत की जर्जर स्थिति पर चिंता जताई और इस स्थिति को लेकर आप सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ष्मैं पहली बार इस कार्यालय में आई हूं। यह देखकर दुख होता है कि हमारे अधिकारी इस तरह की इमारत में काम करते हैं। पंखे कभी भी गिर सकते हैं और छत से पानी टपक रहा है। दिल्ली की पिछली आप सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने याद दिलाया कि २०२१ में इसी इमारत में आग लगी थी, फिर भी कोई मरम्मत नहीं की गई। गुप्ता ने कहा, ष्उनकी सरकार पढ़ी-लिखी थी। उन्होंने शीश महल बनाने पर करोड़ों रुपये खर्च कर दिए, लेकिन सरकारी दफ्तरों की हालत सुधारने के लिए कुछ नहीं किया। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, ष्आज इस दफ्तर की हालत देखकर मुझे दुख हो रहा है। इस इमारत की हालत सुधारने के लिए उनके पास २-३ करोड़ रुपये हो सकते थे।ष उन्होंने आगे कहा कि आज से ही हम नए सचिवालय के लिए जगह तलाशने की प्रक्रिया शुरू कर देंग।

# बारिश के साथ हुई अगस्त की शुरुआत रिमझिम ने किया मौसम सुहाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बीते दो दिन से राजधानी में जमकर बदरा बरस रहे हैं। सुबह से रुक रुक करबारिश हो रही है। शुक्रवार को सुबह से ही रह रह कर हलकी वर्षा होती रही। ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः ३३.५ और २३ .४ डिग्री सेल्सियस रहा ।

दो दिन पहले शुरू हुआ बारिश का सिलसिला आज भी जारी रहा। सुबह से ही झमाझम बारिश हुई। इस दौरान आसमान में काली घटा छाई रही। इसके चलते मौसम सुहावना बना रहा। झमाझम बरसात ने जहां दिल्ली-एनसीआर वालों को उमस से राहत दिलाई, तो वहीं ये आफत बनकर भी बरसी। कई इलाकों में जलभराव के साथ घंटों तक लगे जाम दिल्ली-एनसीआर वालों की भी रफ्तार धीमी कर दी। सुबह समय से स्कूल-कॉलेज और दफ्तर पहुंचने वालों की परेशानी बढ़ी। बारिश के चलते दिल्ली-एनसीआर में कई सड़कों पर लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। ऐसे में सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार, बारिश का यह सिलसिला अगले सात दिनों तक या तीन अगस्त तक जारी रह सकता है। वहीं, शनिवार से आने वाले बुधवार तक दिल्ली-एनसीआर में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहने की उम्मीद है। हालांकि, इस दौरान तापमान में मामूली बदलाव देखा जा सकता है। शनिवार को अधिकतम तापमान ३४ से ३६ डिग्री के बीच जबकि न्यूनतम तापमान २४ से २६ डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। रविवार को अधिकतम तापमान ३३ से ३५ डिग्री के बीच और न्यूनतम २४ से २६ डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है।

# आपदा से बचाव को लेकर मॉक ड्रिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भूकंप एवं औद्योगिक आपदा जैसी आपात परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए मॉक ड्रिल की गई। इस ड्रिल का उद्देश्य कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन की प्रक्रिया से अवगत कराना और किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना था। ग्रेटर नोएडा की एलजी कंपनी परिसर में भूकंप के सायरन बजते ही कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों के अनुरूप अपने कार्यस्थलों से सुरक्षित बाहर निकाला गया। कंपनी के सेफ्टी ऑफिसर्स ने कर्मचारियों को एकत्रित होकर खुले मैदान में सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। वहीं, इमरजेंसी रेस्पॉन्स टीम ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए संभावित घायलों को प्राथमिक उपचार और राहत पहुंचाने का अभ्यास किया। मरीज को एंबुलेंस में लिटाने के बाद उसे अस्पताल की ओर भेजा गया। मॉक ड्रिल के दौरान औद्योगिक दुर्घटना जैसे गैस रिसाव की स्थिति भी दर्शाई गई। कर्मचारियों को समझाया गया कि ऐसी स्थिति में घबराने के बजाय कैसे संयम रखते हुए मास्क का उपयोग करें और निर्धारित सुरक्षित मार्ग से बाहर निकलें।

# चिड़ियाघर में आएंगे सूरत ऊदबिलाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**दिल्ली के चिड़ियाघर में २० साल से भी अधिक समय बाद ऊदबिलाव वापसी करने वाले हैं। चिड़ियाघर में आखिरी ऊदं. बलाव २००४ में मर गया था और तब से इस प्रजाति को प्राप्त करने के प्रयास असफल रहे हैं। अब गुजरात से चिकने बालों वाले ऊदबिलाव का एक जोड़ा इस महीने तक चिड़ियाघर में आने की उम्मीद है जो इसकी पशु आबादी में एक महत्वपूर्ण वृद्धि का संकेत है। यह स्थानांतरण सूरत चिड़ियाघर के साथ पशु विनिमय कार्यक्रम का हिस्सा है जिसके बदले में दिल्ली से संगाई हिरण के दो जोड़े प्राप्त होंगे। चिड़ियाघर के निदेशक संजीत कुमार ने बताया कि अगले महीने दिल्ली से एक टीम ऊदबिलावों को लाने के लिए सूरत जाएगी।

उनके पास मौजूदा समय में ८० से अधिक संगाई हिरण हैं जो देश के किसी भी चिड़ियाघर में सबसे अधिक संख्या में हैं। ऐसे में वह उनमें से कुछ को सूरत भेजने की स्थिति में हैं। यह आदान-प्रदान मूल रूप से मार्च में निर्धारित किया गया था और दिल्ली से एक चिड़ियाघर संचालक सहित एक प्रतिनिधिमंडल ऊदबिलावों का निरीक्षण करने, उनके आवास और देखभाल का अध्ययन करने के लिए सूरत आया था। संजीत कुमार ने बताया कि ऊदबिलावों के आने से चिड़ियाघर की प्रजातियों की संख्या ९६ हो जाएगी जिससे प्रदर्शनी में मौजूद जैव विविधता और समृद्ध होगी। उन्होंने कहा कि २००४ में चिड़ियाघर ने अपना आखिरी ऊदबिलाव खो दिया था तब से यहां एक भी ऊदं. बलाव नहीं आया है और यह आदान-प्रदान हमारे लिए एक बड़ा कदम है। इस बीच दिल्ली चिड़ियाघर बुनियादी ढांचे में बड़े बदलाव की तैयारी कर रहा है, जिसके लिए एक व्यापक पुनर्विकास योजना पर काम चल रहा है।

# सफदरजंग में जल्द शुरू होगा पेट का सीटी स्कैन

**नई दिल्ली।** सफदरजंग अस्पताल के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में भी पेट- सीटी स्कैन (पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी-सीटी स्कैन) मशीन की सुविधा जल्द शुरू होगी। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, मशीन का ट्रायल सफलतापूर्वक शुरू हो चुका है। आने वाले दिनों में यह सेवा नियमित रूप से मरीजों को उपलब्ध कराई जाएगी। शुरुआत में ४० मरीजों की जांच की जा चुकी है। इस सेवा के शुरू होने से कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में दिल्ली के एम्स, दिल्ली राज्य कैंसर संस्थान सहित केवल पांच अस्पतालों में ही पेट-स्कैन की सुविधा उपलब्ध है। दिल्ली राज्य कैंसर संस्थान में न्यूक्लियर मेडिसिन के डॉक्टर नहीं होने से वहां की मशीन बंद पड़ी है, जबकि आर्मी अस्पताल में सामान्य मरीजों का इलाज नहीं होता। वहीं निजी अस्पताल में इसकी फीस काफी अधिक है। अस्पताल प्रशासन कि माने तो आने वाले दिनों में मशीन की सुविधा बढ़ाई जाएगी। इस सुविधा के शुरू होने के बाद सफदरजंग अस्पताल में मरीजों को आर्थिक राहत मिलेगी, बल्कि जांच के लिए लंबी प्रतीक्षा से भी मुक्ति मिलेगी।

# पुलिस ढूंढ़ती रही रातभर बच्चा लौट आया घर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के रजोकरी गांव के एमसीडी नाले में गिरने वाला सात का साल बच्चा ईश्वर की कृपा से बच गया। वह नाले में गिरने के बाद करीब २० फीट तक बहकर बाहर निकल गया और अपने घर चल गया। जबकि पुलिस व गोताखोर उसे रातभर तलाश करते रहे। वहीं, जब सुबह पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज में वह नजर आया तो चेन की सांस ली। इसके बाद पुलिस उसके घर पहुंची तो बच्चा सुरक्षित मिला।

दक्षिणी पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि गुरुवार दोपहर १:२४ बजे वसंत कुंज दक्षिण थाना में एक पीसीआर काल प्राप्त हुई थी। इसमें बताया गया कि एक बच्चा रजोकरी गांव में शिव मंदिर के पास बरसाती नाले में गिर गया।पुलिस ने बच्चे की तलाश में नाले की पक्की संरचना तोड़ने व चौंबर को साफ करने के लिए एक बुलडोजर से काम शुरू कर दिया। नाला कई जगहों से बंद व खुला हुआ था। इस वजह से बुलडोजर से उसे तोड़ा गया और गोताखोरों को मौके पर बुलाया। पुलिस व गोताखोर रातभर बच्चे को तलाश करते रहे, लेकिन वह नहीं मिला।

वहीं, पुलिस ने घटना वाले दिन ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। एक फुटेज में बच्चा अपने साथी के साथ नाले के किनारे से जाता दिखाई दिया। नाले के ऊपर से वर्षा का पानी बहने की वजह से बच्चा उसे देख नहीं पाया और नाले में गिर गया।

इसके बाद बच्चा किसी फुटेज में नजर नहीं आया। पुलिस ने रात करीब एक बजे तक सर्च अभियान चलाया। फिर भी वह नहीं मिला। किसी ने थाने में भी गुमशुदगी दर्ज नहीं कराई थी। शुक्रवार सुबह पुलिस ने कई अन्य जगहों की फुटेज देखी। एक फुटेज में बच्चा नाले में गिरने की घटना के बाद अपने दोस्त के साथ खेलता हुआ नजर आ गया। हालांकि, आसपास के लोग उसकी पहचान नहीं कर सके। पुलिस ने बच्चों की फुटेज को आसपास के स्कूल, स्थानीय निवा. सियों सहित अन्य जगहों पर भेज दिया। रजोकरी एमसीडी स्कूल के अध्यापक ने बच्चे के दोस्त की पहचान कर ली।

वह स्कूल में ही पढ़ रहा था। उससे पुलिस ने बात की तो पता चला कि दोनों एक ही मकान में किराए पर रहते हैं। नाले में गिरने वाला बच्चा स्कूल नहीं आया था। तब पुलिस उसके घर पहुंची तो वह सुरक्षित मिल गया। बच्चे ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त के साथ वर्षा में नहाने गया था। खुले नाले के ऊपर से पानी बह रहा था। इस वजह से वह उसे देख नहीं सका और गिर गया। इसमें कुछ दूर तक बहने के बाद पानी के बहाव से वह किनारे पर आ गया और बाहर निकलकर घर आ गया था।

# लावारिस कुत्तों को खाना देने पर लगे जुर्माना: विजय गोयल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने दिल्ली में बढ़ते लावारिस कुत्तों के काटने की घटनाओं पर चिंता जताते हुए दिल्ली सरकार और एमसीडी से त्वरित और सख्त कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लावारिस कुत्तों को सड़कों पर खाना खिलाने वालों पर जुर्माना और एफआईआर होनी चाहिए। जैसे मुंबई में कबूतरों को दाना डालने पर किया गया है। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो मामला स्वास्थ्य आपदा और कानूनी संकट में बदल सकता है।

उन्होंने महाराष्ट्र हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि जन स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले कृत्यों पर सख्ती जरूरी है। हर साल भारत में २०,००० से अधिक लोग रेबीज के कारण जान गंवाते हैं। अब तक इसका कोई इलाज भी नहीं है। ऐसे में कुत्तों को सड़कों पर खाना डालने पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए और सिविल डिफेंस व पुलिस की मदद से निगरानी की जाए। गोयल ने पीड़ितों को मुआवजा देने, एक टोल-फ्री हेल्पलाइन शुरू करने, कुत्तों की गणना कराने और नसबंदी में लापरवाही पर एमसीडी को जिम्मेदार ठहराते हुए केंद्र को एबीसी नियमों में संशोधन के लिए पत्र लिखने की भी मांग की।

# वैलनेस हॉस्पिटल में जच्चा की मौत पर बवाल

## अस्पताल के चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही के कारण महिला की मौत का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर कोतवाली के सामने स्थित वैलनेस हॉस्पिटल का एक बार फिर बड़ा कारनामा सामने आया है। वैलनेस हॉस्पिटल के चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही के चलते जच्चा की मौत का आरोप लगा है। शुक्रवार को नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव बदनोली निवासी मृतका महिला के परिजनों ने अस्पताल के चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही के कारण महिला की मौत का आरोप लगाया।

जानकारी के अनुसार गांव बदनोली निवासी 23 वर्षीय गर्भवती महिला मेघा पत्नी जितेंद्र को 29 जुलाई को नगर कोतवाली के सामने स्थित वैलनेस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि गर्भवती महिला को अस्पताल में भर्ती करने के बाद गर्भवती महिला का ऑपरेशन किया गया। जिसमें महिला को एक लड़का पैदा हुआ। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद से ही महिला को आराम नहीं मिल रहा था। आरोप है कि महिला के लगातार पेट में दर्द शुरू होने लगा। जिस पर परिजनों ने अस्पताल के चिकित्सा को इसके बारे में जानकारी दी और कहा कि अगर यहां पर इलाज नहीं मिल पा रहा है तो इसे किसी अन्य अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जाए। बावजूद इसके चिकित्सकों ने कोई अहम कदम नहीं उठाया और शुक्रवार की सुबह जब महिला की हालत ज्यादा बिगड़ने लगी तो अस्पताल के चिकित्सकों ने



आनन-फानन में उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया। जहां उसकी मौत हो गई। मृतका महिला के परिजन और ग्रामीण महिला का शव लेकर अस्पताल पहुंचे और उसके शव को अस्पताल के बाहर रखकर चिकित्सकों पर लापरवाही के कारण महिला की मौत का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने किसी तरह गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों को समझाबुझा कर मामले को शांत कराया और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने महिला के शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। गोरतलब है कि वैलनेस हॉस्पिटल पहले भी ऐसे कई मामलों में लगातार सुर्खियों में रह चुका है और अस्पताल पर सीलिंग की भी कार्रवाई की जा चुकी है। अस्पताल प्रबंधन पर पहले भी इलाज में लाप. रवाही के आरोप लगते रहे है। बड़ा सवाल यह है कि आखिर स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऐसे अस्पतालों पर ऐसे मामले होने के बावजूद कठोर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती। हंगामा बढ़ता देख हॉस्पिटल का स्टाफ वहां से फरार हो गया हॉस्पिटल के मैनेजर से इस मामले में बात करने का प्रयास किया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया है।

# पानी की टंकी पर लटककर युवक का जानलेवा स्टंट, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में एक युवक द्वारा इंस्टाग्राम रील बनाने के लिए पानी की टंकी पर लटककर खतरनाक स्टंट करने का मामला सामने आया है। युवक ने एक हाथ से टंकी की रेलिंग से लटककर अपनी जान जोखिम में डाली जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



मिली जानकारी के अनुसार यह घटना गढ़मुक्तेश्वर के गांव मानक चौक में हुई। युवक ने सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स और लाइक्स पाने के लिए यह जानलेवा स्टंट किया। युवक का नाम आकाश बताया जा रहा है, जो पहले भी ऐसी हरकतें कर चुका है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि युवक की पहचान हो चुकी है और उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि ऐसे स्टंट समाज के लिए गलत उदाहरण पेश करते हैं। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मोहम्मद रफी की 45वीं पुण्यतिथि पर कलाकारों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** क्षेत्र के कबीर हेरिटेज हॉल में महान गायक मोहम्मद रफी की 45वीं पुण्यतिथि पर एक शाम मोहम्मद रफी के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से मोहम्मद रफी को श्रद्धांजलि दी गई।



कार्यक्रम का उद्देश्य सुरों के बादशाह मोहम्मद रफी साहब को श्रद्धांजलि देना और उनकी यादों को ताजा करना था। इस दौरान हापुड़ के संगीत प्रेमी और कलाकार ने अपनी उपस्तिथि दर्ज कराई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक विजयपाल आढ़ती के साथ विशिष्ट अतिथि भारतीय किसान यूनियन संघर्ष के राष्ट्रीय अध्यक्ष इरकान चौधरी भी पहुंचे। कार्यक्रम में शहर के कलाकारों ने मोहम्मद रफी के मशहूर गाने प्रस्तुत किए, जिससे कार्यक्रम का माहौल भावपूर्ण बन गया। इस दौरान विधायक विजयपाल आढ़ती ने मोहम्मद रफी को युगों-युगों तक याद किए जाने वाला कलाकार बताया और आयोजन की सराहना की। भारतीय किसान यूनियन संघर्ष के राष्ट्रीय अध्यक्ष इरकान चौधरी ने सभी कलाकारों को और विधायक विजयपाल आढ़ती को शील्ड देकर सम्मानित किया। इरकान चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि मोहम्मद रफी की आवाज़ किसी सीमा में नहीं बंधी है और उनकी मधुरता आज भी दुनिया के हर कोने में महसूस की जाती है। इस कार्यक्रम ने न केवल मोहम्मद रफी की यादों को जीवित किया बल्कि युवा पीढ़ी को भी उनके संगीत के सुनहरे दौर से परिचित कराया।

# घुंघराला नहर में मिला व्यकित का शव, छपकौली नहर में लगाई थी छलांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव छपकौली में एक किसान की आत्महत्या का मामला सामने आया है। 55 वर्षीय किरनपाल उर्फ मुन्नू ने बुधवार सुबह अपने हाथ तौलिये से बांधकर नहर में छलांग लगा दी थी। गुरुवार दोपहर को एनडीआरएफ की टीम ने हाफिजपुर थाना क्षेत्र के गांव घुंघराला के पास से उनका शव बरामद किया।

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 6 बजे किरनपाल अपने खेतों से लौट रहे थे। नहर पर तैनात चौकीदार अमरपाल से बात. चीत करने के बाद, उन्होंने अचानक अपने हाथ तौलिये से बांधे और नहर में कूद गए। चौकीदार के शोर मचाने पर ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी गई। बाबूगढ़ थाना प्रभारी महेंद्र सिंह, एसडीएम ईला प्रकाश और सीओ जितेंद्र शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। गोताखोरों और एनडीआरएफ की टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया, लेकिन बुधवार देर शाम तक कोई सफलता नहीं मिली। गुरुवार को एनडीआरएफ की टीम ने फिर से तलाशी शुरू की और हाफिजपुर थाना क्षेत्र के गांव घुंघराला के पास से किरनपाल का शव बरामद किया। हाफिजपुर थाना प्रभारी आशीष पुंडारी भी मौके पर पहुंचे। किरनपाल का शव मिलने पर परि. जनों में कोहराम मच गया। उन्होंने पुलिस से अनुरोध किया कि बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव उन्हें सौंप दिया जाए। हाफिजपुर थाना



प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि परिजनों की इस अपील को स्वीकार करते हुए पुलिस ने शव उन्हें सौंप दिया। इसके बाद परिजन शव को गांव ले गए। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

# ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी ने अपर मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन मेरठ मंडलायुक्त भानु भास्कर की अनुपस्थिति में अपर मंडलायुक्त अरविंद कुमार को सौंपा। इससे पूर्व ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी यूपी के पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं द्वारा हापुड़ की नगर पालिका परिसर में मेरठ जाने से पूर्व महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।



दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि यूपी के सभी जनपदों के जनहित से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। हापुड़, मेरठ बिजनौर, अमरोहा, रामपुर, बरेली और बदायूं सहित अन्य शुगर मिलों पर किसानों का करोड़ों रुपए का बकाया भुगतान अभी तक नहीं किया जबकि किसान मजदूर वर्ग आर्थिक संकट से जूझ रहा है। मौनार्ड यूनिवर्सिटी के नये सत्र 2025-26 संचालन पर हजारो छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखते हुए प्रतिबन्ध किया जाये। हापुड़, मेरठ, बिजनौर और जौनपुर सहित अन्य जनपदों में हत्या, लूट, बलात्कार, भ्रष्टाचार, चोरी, साइबर ठगी की घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। जबकि कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। जबकि आपराधिक घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। हापुड़, बिजनौर, बुलन्दशहर, बनारस प्रयागराज में नदियाँ उफान पर है। नदी के तटीय ग्रामीण क्षेत्रों में किसान मजदूर और ग्रामीणों का आर्थिक नुकसान हुआ। बाढ़ आपदा से पीड़ितों को नुकसान आकलन कर आर्थिक सहायता प्रदान की जाये।

# ट्रैन की चपेट में आकर हुई अज्ञात युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** अज्ञात युवक के चपेट में आने के बाद मालगाड़ी को मौके पर रोके जाने से दिल्ली लखनऊ रेल रूट पर संचालित हो रहीं चार ट्रेनों का आवागमन प्रभावित होने से हजारों यात्रियों को खूब दिक्कत झेलने को मजबूर होना पड़ा।

दिल्ली से मुरादाबाद की तरफ जा रही मालगाड़ी की चपेट में आने से शुक्रवार की दोपहर में लगभग तीन बजकर 43 मिनट पर ब्रजघाट गंगानगरी के पास अज्ञात युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद मालगाड़ी मौके पर ही रुक गई, जिससे दिल्ली लखनऊ रेल रूट से होकर जा रहीं चार ट्रेनों का संचालन प्रभावित होने पर उनमें सफर कर रहे हजारों यात्रियों को खूब परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी रुकने के कारण दिल्ली से लखनऊ की तरफ जा रही डबल डेकर, जन साधारण एक्सप्रेस, काशी विश्वनाथ और श्रमजीवी को ट्रैक खाली न होने पर करीब 20 मिनट से लेकर 40 मिनट तक गढ़, कुच. 'सर चौपला और सिंभावली स्टेशन समेत ब्रजघाट टोल प्लाजा के पस सुनसान जंगल में रुकना पड़ा जिससे उक्त ट्रेनों में सफर कर रहे महिला बच्चे और बुजुर्गो समेत हजारों यात्रियों को अनावश्यक दिक्कत झेलने के साथ ही खाने पीने की चीज तक मयस्सर नहीं हो पाई।

स्पेशल मास्टर शिवमूर्ति सिंह ने बताया कि ब्रजघाट के पास अज्ञात युवक के चपेट में आने के कारण मालगाड़ी मौके पर ही रुक गई थी, जिससे दिल्ली लखनऊ रेल रूट पर आ जा रहीं चार ट्रेनों का आवागमन प्रभावित हुआ है।

## एक नजर

### तमंचे के साथ बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना हाफिजपुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध हथियार भी बरामद किया है।

थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर थाना क्षेत्र में लगातार चेकिंग और गश्त किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के रामपुर अण्डरपास के पास चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस ने संदिग्ध को रोककर जब उससे पूछताछ कि तो पता चला कि फसील पुत्र अख्तर निवासी ग्राम अच्छेजा थाना हापुड नगर जनपद हापुड एक शातिर किस्म का अपराधी है। जिसके खिलाफ आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए बदमाश के कब्ज़े से एक अवैध तमंया व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। फिलहाल बदमाश को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि नाबालिग के परिजनों द्वारा थाने पर आरोपी युवक के खिलाफ नाबालिग से दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया गया था। परिजनों की तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी।

शुक्रवार को पुलिस ने मामले में फरार चल रहे आरोपी फैजान पुत्र फतियाब निवासी ग्राम कमालपुर थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ को अनवरपुर कट के पास से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### मजदूरी के रुपये मांगने पर मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव खिलवाई निवासी हेमराज ने बताया कि वह गांव निवासी व्यक्ति के यहां पर पांच हजार रुपये माह की नोकरी करता था। पीड़ित ने बताया कि करीब आठ माह का वेतन नहीं मिला तो उसने अपना वेतन मांगा। पीड़ित द्वारा वेतन मांगने पर आरोपी ने उसके साथ अभद्रता की। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आठ माह के 40 हजार रुपये दिलाने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बैनामे के रुपये हड़पने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ निवासी रानी ने बताया कि उसने करीब 13 वर्ष पूर्व नगर के आदर्श नगर मोहल्ले में एक 100 गज का प्लाट 1300 रुपये गज में तय किया था। उसके लिए 50 हजार रुपये का एडवांस दे दिया गया। लेकिन प्लाट स्वामी ने उस प्लाट को किसी अन्य को बेच दिया।

पीड़िता ने बताया कि उसने प्लाट दिलाने के लिए कहा तो आरोपी ने न तो उसको प्लाट दिया और न उसके रुपये वापस दिए है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

# एंबुलेंस चालक की चोर समझकर की पिटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के वैठ- डेहरा कुटी मार्ग पर शव छोड़ कर आ रहे एंबुलेंस चालक के साथ ग्रामीणों ने चोर समझ कर पिटाई कर दी। इसको लेकर सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो वायरल किए गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। हालांकि चालक ने किसी भी प्रकार की कार्रवाई करने से इंकार कर दिया है। क्षेत्र में भले ही अब ड्रोन दिखाई देने की घटनाएं कम हो गई हो, लेकिन चोरों के अफवाह के साथ रातों का पहरा दे रहे है। अब तो लोग दिन में भी संदिग्ध लोगों को देखकर उनके साथ पिटाई करने में कोई गुरेज नहीं समझ रहे है। युवाओं के साथ साथ बुजुर्ग भी पीछे नहीं है। शुक्रवार की दोपहर को भी डेहरा कुटी वैठ मार्ग पर ग्रामीणों ने राजस्थान नंबर की एंबुलेंस को रोक कर चालक के साथ पिटाई की। इस दौरान चालक ने बताया कि वह क्षेत्र में ही दिल्ली के एक अस्पताल से शव लेकर आया था। उसको छोड़ कर वह वापस जा रहे थे। चालक से पिटाई की सूचना पर सिंभावली और बहादुरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस चालक को लेकर थाने पहुंची। वहां चालक ने किसी भी प्रकार की कार्रवाई करने से इंकार कर दिया। उसके बाद चालक वहां से चला गया।

# नाबालिग छात्रा से गांव के युवक ने किया दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** छुट्टी के बाद घर लौटते समय गांव के युवक ने हाथ पकड़कर नाबलिग छात्रा को जबरन मेडिकल स्टोर में खींचने के बाद शटर बंद करते हुए दुष्कर्म की शर्मनाक घटना को अंजाम दे डाला। बेटी की आपबीती सुनने के बाद शिकायत लेकर पहुंची मां के साथ गाली गलौज और मारपीट करते हुए घर से खदेड़ दिया गया।

गढ़ के एक निकटवर्ती गांव में गुरुवार की दोपहर को स्कूल की छुट्टी होने के बाद घर लौट रही कक्षा ग्यारह की नाबालिग छात्रा के साथ दिनदहाड़े दुष्कर्म की घटना होने से हड़कंप मच गया है। गांव के ही स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा की उम्र सोलह साल है, जो सुबह करीब आठ बजे स्कूल में पढ़ने गई थी। जहां छुट्टी होने के बाद वह करीब साढ़े 12 बजे लौटकर घर को आ रही थी। जिसे रास्ते में गांव के ही युवक ने जबरन हाथ पकड़कर मेडिकल स्टोर के अंदर खींचकर आनन फानन में शटर बंद करते हुए दुष्कर्म की घिनौनी घटना को अंजाम दे डाला। पीड़ित छात्र की मां ने तहरीर देकर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें उल्लेख किया है कि पहली बार स्कूल गई नाबालिग बेटी घर लौटने के बाद बुरी तरह गुमसुम दिखाई दे रही थी। जो रात को खाना खाए बिन चारपाई पर लेटने के दौरान चुपचाप रो रही थी। जिसे देखकर शक होने पर पूछताछ की गई तो बेटी ने रोते हुए बताया कि स्कूल की छुट्टी होने के बाद घर लौटते समय रास्ते में सलमान पुत्र नजाकत ने जबरदस्ती हाथ पकडकर उसे अपने मेडिकल स्टोर में खींच लिया। जिसके बाद मेडिकल स्टोर का शटर अंदर से बंद करते हुए उसके साथ गलत दुष्कर्म कर दिया गया। घिनोनी वारदात करने के बाद आरोपी ने धमकी दे डाली कि अगर इस विषय में अपनी जुबान बंद न रखी तो फिर छोटे भाई के साथ ही उसे भी जान से मार डालूंगा। महिला का कहना है कि धमकी मिलने से भयभीत होकर दुष्कर्म से पीड़ित उसकी बेटी अपनी आपबीती सुनाने से डर रही थी। महिला का कहना है कि बेटी द्वारा आपबीती सुनाए जाने के बाद वह शिकायत लेकर आरोपी के घर पहुंच गई, परंतु आरोपी के भाई जीशान और उसके साथी कामिल एवं युसुफ ने भद्दी भद्दी गाली देते हुए मार पीटकर उसे घर से बाहर खदेड़ दिया। इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि महिला द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर कक्षा ग्यारह में पढ़ने वाली उसकी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने वाले सलमान के साथ दुष्कर्म और शिकायत लेकर जाने पर मां से मारपीट करने वाले तीन युवकों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कराई जा रही है। पीड़ित छात्रा को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजकर आरोपियों की तलाश कराई जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# हाईटेंशन लाइन को हटवाने के लिए डीएम से मिले नगरवासी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर के राजीव विहार, सैनी नगर, रफीक नगर, त्रिलोकी पुरम, और मजीदपुर के निवासियों ने अपने घरों के ऊपर से गुजर रही 60 साल पुरानी हाई टेंशन लाइन को हटाने के लिए डीएम अभिषेक पांडेय को एक ज्ञापन सौंपा। लोगों द्वारा डीएम को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि ये हाई टेंशन लाइनें आबादी वाले इलाकों से गुजर रही हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।



निवासियों का कहना है कि पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। बिजली विभाग ने इस लाइन को हटाने के लिए 83 लाख रुपये का अनुमानित खर्च यानी एस्टीमेट निवासियों पर डाल दिया है, जिससे वे परेशान हैं। जिसको लेकर उन्होंने डीएम से 60 साल पुरानी हाई टेंशन लाइन को हटाने की मांग की। जिसके बाद डीएम ने इस मामले में दखल दिया है और हापुड़ के अधीक्षण अभियंता को एक महीने के भीतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। डीएम ने निवासियों को आश्वस्त किया है कि बिजली विभाग द्वारा मांगी गई 83 लाख रुपये की राशि को शासन से दिलाने के लिए वह एक पत्र लिखेंगे। इस अवसर परपवनजीत सिंह मुकेश कुमार कोरी सभासद नरेंद्र भारती सभासद अफरोज अख्तर सभासद मुनींद्र शर्मा मदन मस्ताना रिंकू मस्ताना विजय सैनी राजू सैनी अजय उपाध्याय सोनू कुमार देवेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# टेलीग्राम ग्रुप के जरिए युवक से ठगे 3.20 लाख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ के रहने वाले पियूष शर्मा को एक टेलीग्राम ग्रुप शशि. पेरोश के जरिए शेयर ट्रेडिंग और निवेश के नाम पर 3.20 लाख की ठगी का शिकार बनाया गया। यह घटना 8 से 12 फरवरी 2025 के बीच हुई, जहाँ उन्होंने गूगल पे और आईएमपीएस के माध्यम से पैसे ट्रांसफर किए। पियूष शर्मा की शिकायत पर नगर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और साइबर सेल की मदद से आरोपियों तक पहुँचने की कोशिश कर रही है। पुलिस उन बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की जांच कर रही है, जिनमें पीड़ित ने पैसे ट्रांसफर किए थे। साथ ही पुलिस ने लोगों को इस तरह की ऑनलाइन ठगी से सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि किसी भी अनजान टेलीग्राम या व्हाट्सएप ग्रुप पर भरोसा न करें और किसी भी तरह का ऑनलाइन निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर आप भी किसी साइबर ठगी का शिकार होते हैं, तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

**PUBLICE NOTICE**

That in The School Record's of my Daughter, my Daughter Name Has been Incorrectly mention as (HARSHITA). That my Daughter Correct name Should be (HARSHITA SHARMA).

Hemant Kumar s/o sh.Baburam Sharma R/o Court Road Adars Colony Gali No.3 Distt. Baghpat

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र जुबैर कुरैशी से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

जहूर पुत्र अब्दुल अली निवासी पुराना कस्बा बागपत थाना व जनपद बागपत।

# नोएडा प्राधिकरण ने अवैध निर्माण किया ध्वस्त

## 100 कर्मचारी और पांच जेसीबी की ली मदद, 200 मीटर लंबी सड़क बनेगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने सड़क मार्ग में बाधा बन रहे करीब 200 मीटर जमीन पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया। ये अवैध निर्माण 30 साल से था। प्राधिकरण डीजीएम विजय रावल, वर्क सर्किल-3 सीनियर मैनेजर राज कमल के अगुआई में करीब 100 कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे। इसके अलावा भारी पुलिस बल की मौजूदगी में पांच जेसीबी की मदद से 10 से 12 दुकान, 30 पक्के स्ट्रक्चर और 50 से 70 झुग्गियों को हटाया गया। मलबा उठाने का काम कल तक चलेगा। इसके बाद यहां 200 मीटर लंबी रोड बनेगी।



नोएडा में सेक्टर-99, 100, 46 और 47 क्रासिंग पर सड़क का निर्माण होना है। इसका अधिकांश हिस्सा बन चुका है। इस सड़क को आगे 200 मीटर तक बनाने के बाद ये सीधे सेक्टर-46,47 और 99 से कनेक्ट हो जाएगी। इसका फायदा रोजाना यहां से निकलने वाले हजारों वाहन चालकों को होगा। यहां सबसे बड़ी बाधा खसरा-331 और 332 पर अवैध निर्माण की थी। इसे आबादी साबित करने के लिए किसानों ने सुप्रीम कोर्ट में वाद दायर किया था। सुप्रीम कोर्ट ने उक्त जमीन अधिग्रहण के लिए नोएडा प्राधिकरण के पक्ष में निर्णय लिया। इस मामले से संबंधित कोई वाद अब किसी भी अदालत में लंबित नहीं है। यहां सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो गया। प्राधिकरण ने बताया कि सड़क निर्माण के बाद क्रासिंग से जाने वाली सड़क सेक्टर-46-47 और सेक्टर-99 से सीधे कनेक्ट हो जाएगी। इससे ये ट्रैफिक सीधे सेक्टर-98 तक जा सकेगा।

**प्राधिकरण ने चलाया अभियान:** सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर आते ही प्राधिकरण ने 15 दिन में यहां बने स्ट्रक्चर को खाली करने का नोटिस जारी किया। जिसके बाद शुक्रवार को बड़े पैमाने पर प्राधिकरण के कर्मी, पुलिस, डंपर और जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। इसका मलबा हटाकर इसे मिटघ्टी से प्लेन किया जाएगा। यहां सड़क निर्माण के लिए पहले की कंपनी का चयन हो चुका है। प्राधिकरण ने बताया कि 24 घंटे काम करके यहां सड़क मार्ग बना दिया जाएगा।

**मौके पर पहुंचे किसान:** अवैध ध्वस्तीकरण के दौरान भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी पहुंचे। उन्हें सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर दिखाया गया। इसके बाद उन्होंने कोई भी हस्ताक्षेप नहीं किया। ये अतिक्रमण करीब 30 साल से था। इसके अलावा अन्य स्थानों से भी जल्द अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाएगा।

**लोगों को अभी जाम से जूझना पड़ता है:** वर्तमान में यहां से निकलने वाला ट्रैफिक सेक्टर-100,101 के बीच से हाजीपुर, सेक्टर-104 होता हुआ सेक्टर-98, एक्सप्रेस वे की ओर आवाजाही करता है। इस कारण सेक्टर-47,100, 101 के ट्रैफिक सिग्नल पर जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में अवैध निर्माण को हटाकर सड़क का निर्माण कराए जाने पर हजारों लोगों को फायदा होगा।

# गौतमबुद्ध नगर में आपदा से बचाव को पांच जगहों पर हुई मॉक ड्रिल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में शुक्रवार सुबह भूकंप जैसी आपदा से निपटने के लिए मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपात स्थिति में बचाव और राहत कार्यों की तैयारियों को परखना था। ड्रिल सुबह 10 बजे शुरू हुई। इसमें भूकंप का काल्पनिक अलर्ट जारी किया गया। अलर्ट के तुरंत बाद सभी प्रतिभागी संस्थाओं ने अपनी बचाव योजनाओं पर काम करना शुरू किया।



यह अभ्यास पांच प्रमुख स्थानों पर आयोजित किया गया। इनमें ग्रेटर नोएडा का जीआईएमएस अस्पताल, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्रा. लि., सावित्रीबाई फुले बालिका इंटर कॉलेज, एडब्ल्यूएचओ टाउनशिप और विकास भवन शामिल थे। ड्रिल के दौरान राहत और बचाव दलों ने घायलों को निकालने का अभ्यास किया। उन्होंने प्राथमिक उपचार देने और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का प्रशिक्षण भी लिया। एनडीआरएफ और अन्य आपदा प्रबंधन टीमों ने इमारतों से लोगों को निकालने के लिए विशेष उपकरणों का इस्तेमाल किया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों ने इस अभ्यास का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि इससे आपात स्थिति में सभी विभाग और संस्थाएं एक साथ मिलकर प्रभावी ढंग से काम कर सकेंगे। अधिकारियों ने यह भी बताया कि ऐसे अभ्यास लोगों में जागरूकता बढ़ाते हैं। इससे लोग आपदा के समय शांत रहकर सही निर्णय ले सकते हैं। मॉक ड्रिल के समापन पर अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे अभ्यास जारी रखने का वादा किया।

# किसान नेता पर फायरिंग, आरोपी गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक किसान संगठन के जिलाध्यक्ष पर फायरिंग के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह घटना करीब 4 दिन पहले उस्मानपुर गांव में हुई थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर जिलाध्यक्ष और उनके परिवार पर हमला किया था। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अमजद समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शुक्रवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी अमजद को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया।

उस्मानपुर गांव के निवासी इरफान प्रधान भारतीय किसान यूनियन चढूनी के जिलाध्यक्ष हैं। उनके अनुसार, मंगलवार को उनके परिवार का पड़ोसियों से किसी बात पर विवाद हो गया था। जब वह इस विवाद को सुलझाने पहुंचे, तब आरोपी पक्ष ने उन पर तमंचे से फायरिंग कर दी। सौभाग्य से इरफान प्रधान बाल-बाल बच गए। हालांकि, पथराव के दौरान उनके पक्ष के कई लोग घायल हुए थे। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में अन्य आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस उन्हें भी जल्द गिरफ्तार करेगी। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# विदेशी नागरिकों से ठगी, 18 गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** विदेशी नागरिकों के कंप्यूटर में वायरस डालकर उसे ठीक करने के नाम ठगी करने वाले एक कॉल सेन्टर का थाना फेस-3 पुलिस और क्राइम रिस्पांस टीम ने ज्वाइंट ऑपरेशन चला कर पर्दाफाश किया है। पुलिस ने ठगी करने वाले दो महिलाओं समेत 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह लोग गूगल ऐप के माध्यम से विदेशी नागरिकों का डाटा खरीदने के बाद उनके कंप्यूटर में वायरस डालकर उसे ठीक करने के नाम पर पैसा ऐंठा किया करते थे। पुलिस ने इनके पास से 23 लैपटॉप, 25 हैंडसेट, 23 माउस, 27 लैपटॉप चार्जर और 17 मोबा. इल पेन ड्राइव और माइक्रोसॉफ्ट के आईडी कार्ड बरामद किया है।





डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पुलिस की गिरफ्त आये सभी 18 आरोपी ध्रुव अरोड़ा पुत्र ओमप्रकाश अरोड़ा, आकाश तिवारी पुत्र अरेन्द्र तिवारी, आक. ाश कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार, तरुण पुत्र राकेश शर्मा, मयूर नायक पुत्र मुकेश कुमार, गुरविन्दर सिंह पुत्र सतनाम सिंह, मयवो पुत्र आयसेक, सौरभ चन्द्रा पुत्र हरीश चन्द्रा, प्रत्युमन शर्मा पुत्र सीताराम शर्मा, गौरव जसरोटिया पुत्र बलविन्दर सिंह, कुनाल राजवंशी पुत्र स्व. दिलीप सिंह, दिव्यांश पुत्र संजय भडाला, अपूर्व पुत्र रविन्द्र सिंह, मोहम्मद फेजुल पुत्र मोहम्मद रहमान, अस्मीत सिंह पुत्र बलजीत सिंह, हरमन प्रीत पुत्र पृथ्वी पाल सिंह, रितु राजपूत पुत्री राजबहादुर तथा सुकृति पुत्री उपेन्द्र सिंह को ए-43 सेक्टर 65 से गिरफ्तार किया गया है।

डीसीपी ने बताया कि अभियुक्तगण फर्जी कॉल सेंटर चला रहे थे और गूगल ऐप के माध्यम से विदेशी नागरिकों का डाटा खरीदने और उनके कंप्यूटर में वायरस डालकर उसे सही करने के नाम पर धोखाधड़ी कर पैसा ठगने का काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी यूएस में वेंडर के साथ मिलकर विदेशी नागरिकों का डाटा एकत्र कर और उनके कंप्यूटरों में वायरस डाल देते थे। फिर खुद को माइक्रोसॉफ्ट सपोर्ट का टेक्नीशियन बात कर एक्स लाइट ऐप के माध्यम से संपर्क करते थे। और उनको अल्ट्रा व्यूवर और टीम व्यूवर डाउनलोड करने को कहते थे। फिर बताते थे कि आपका सिस्टम हैक हो गया है और आपका बैंक अकाउंट, क्रेडिट कार्ड भी हैक होने की संभावना है। जब कॉलर अपनी डिटेल चेक करता था तो उसकी डिटेल की स्क्रीनशॉट लेकर रख लेते थे। फिर विदेशी नागरिकों के कंप्यूटर को सही करने के नाम पर पेमेंट जीले ऐप और क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से लेते थे। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## एक नजर

### बीटेक छात्रा की आत्महत्या पर एबीवीपी का विरोध

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में बीटेक छात्रा खुशबू की आत्महत्या के मामले में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने आज जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता केसीसी कॉलेज पहुंचे और गेट पर ताला लगाकर धरने पर बैठ गए। खुशबू GNIOT कॉलेज की बीटेक छात्रा थी, लेकिन उसका परीक्षा केंद्र केसीसी कॉलेज में था। परीक्षा के दौरान उससे एक चिट बरामद हुई थी। इसके बाद से वह लगातार परेशान रहने लगी थी। इसी परेशानी के चलते उसने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एबीवीपी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि प्रोफेसर की प्रताड़ना के कारण छात्रा ने यह कदम उठाया। इस मामले में पुलिस ने कॉलेज प्रबंधन और प्रोफेसर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कॉलेज प्रबंधन ने भी दो प्रोफेसरों को निलंबित कर दिया है। एबीवीपी कार्यकर्ताओं का कहना है कि छात्रा को न्याय मिलना चाहिए। उनकी मांग है कि इस मामले में जितने भी लोग जिम्मेदार हैं, उन सभी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### सड़क हादसे में घायल सुरक्षाकर्मी की उपचार के दौरान मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में एक सप्ताह पहले सड़क हादसे में घायल सुरक्षाकर्मी की गुरुवार की रात अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस मामले में उसकी पुत्रवधू ने टक्कर मारने वाले ऑटो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। सूर. जपुर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बिरोंडी गांव के समीप कांशीराम कॉलोनी में रहने वाली बबीता ने पुलिस से शिकायत की। बबीता ने पुलिस को बताया कि उनके ससुर मनोज राम एक सोसाइटी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। वह 23 जुलाई की शाम घर से पैदल सोसाइटी की तरफ जा रहे थे।
इसी बीच रास्ते में ऑटो चालक ने पीछे से उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में घायल मनोज राम को पहले नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इसके बाद हालत गंभीर होने पर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। दिल्ली के अस्पताल में गुरुवार की रात उपचार के दौरान मनोज राम की मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मृतक की पुत्रवधू की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी ऑटो चालक की तलाश में जुटी है।

### डियर पार्क-सनसेट सफारी की डिजाइन केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण भेजी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-91 बॉयोडायवर्सिटी पार्क में प्रस्तावित डियर पार्क और सनसेट सफारी की तैयारी एक कदम और बढ़ी है। नोएडा प्राधिकरण ने 32 एकड़ में हिरण रखने के लिए 9 बाड़े व अन्य सुविधाओं की डिजाइन तैयार कर मंजूरी के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) को भेज दी है। चिड़ियाघर प्राधिकरण की 4 अगस्त को प्रस्तावित बैठक में डिजाइन रखी जाएगी। लेआउट और डिजाइन मानकों के अनुरूप मिली तो मंजूरी मिल जाएगी। नहीं तो नोएडा प्राधिकरण को कमियां चिह्नित कर बताई जाएंगी। डिजाइन की मंजूरी के बाद प्राधिकरण यहां नौ बाड़े बनवाने का काम शुरू करवाएगा। जिसमें 9 अलग-अलग प्रजातियों के हिरण रखे जाएंगे। वहीं दूसरी तरफ परियोजना के लिए बाउंड्री बनवाने को नोएडा प्राधिकरण ने टेंडर जारी कर दिया है। करीब 1800 मीटर की नई बाउंड्री बनाई जानी हैं। वहीं पहले से बनी बाउंड्री के ऊपर तार लगाए जाने का भी काम होना है।

# नोएडा में 20 हजार इंडस्ट्री का हो रहा सर्वे

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** प्रदेश की इकोनॉमी को वन ट्रिलियन करने का लक्ष्य है। इसके लिए गौतमबुद्ध नगर (नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण) तीनों में करीब 20 हजार इंडस्ट्री का सर्वे कराया जा रहा है। ये सर्वे शासन की तरफ चयनित एजेंसी रामटेक साफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड और निवेश मित्र के प्रतिनिधि संयुक्त रूप से कर रहे है। इसका एक डेटा तैयार किया जाएगा। ये डेटा तीनों प्राधिकरण और शासन में भेजा जाएगा। जिससे इंडस्ट्री की वास्तविक स्थिति का पता चलेगा।

इस सर्वे के दौरान प्रतिनिधि फैक्ट्री पहुंचकर वहां की लाइव पिक्चर लेंगे। एक प्रोफार्मा भरना होगा। जिसमें आवंटी का नाम, मोबाइल नंबर, इमेल, जीएसटी नंबर, एमएसएमई सर्टिफिकेट नंबर, सीआईएन नंबर देना होगा। लाइव लोकेशन कंपनी कर्मी के साथ सेल्फी को भी प्रोफार्मा में अटैच करना होगा। कंपनियों का सर्वे शुरू किया जा चुका है। ये काम एक महीने में पूरा कर लिया जाएगा। जिससे एक डेटा बेस तैयार होगा। साथ ही ये जानकारी मिल सकेगी कि कितनी इंडस्ट्री फैक्ट्री एक्ट में रजिस्टर्ड है।

**फैक्ट्री एक्ट में रजिस्टर्ड कंपनी जीडीपी में होगी काउंट:** दरअसल, जीडीपी में सिर्फ वहीं इंडस्ट्री काउंट होती है जिनका रजिस्ट्रेशन फैक्ट्री एक्ट के तहत होता है। वर्तमान में नोएडा में 3831 इंडस्ट्री फैक्ट्री एक्ट के तहत रजिस्टर्ड है। इसमें 20 से ज्यादा कर्मचारी काम कर रहे है। जिसमें 20 से कम कर्मी है उनका रजिस्ट्रेशन शॉप एक्ट के तहत किया जाता है। वर्तमान में नोएडा में करीब 1895 संस्थान है जो शॉप एक्ट के तहत रजिस्टर्ड है।

**1900 का सर्वे होना बाकी:** नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि यहां वर्तमान में 9463 इंडस्ट्री फंक्शनल है। इसमें 3831 इंडस्ट्री फैक्ट्री एक्ट के तहत रजिस्टर्ड है। ये आकड़ा रोज के सर्वे के अनुसार बढ़ रहा है। सर्वे प्राधिकरण अपने स्तर से करवा रहा है। 1900 का सर्वे अभी बचा है। जिनके लिए टीम लगी हुई है। आगामी एक सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा। इसमें प्राधिकरण की टीम फैक्ट्री जाकर उनके आवंटी से बातचीत कर रही है साथ ही उनको फैक्ट्री एक्ट में रजिस्टर्ड कराने के लिए जागरूक कर रही है।

# हैराना में छह वर्षीय बच्चा संदिग्ध हालात में लापता

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** हरौला गांव स्थित किराये के कमरे से छह वर्षीय बच्चा संदिग्ध हालात में लापता हो गया। काफी तलाश करने के बाद भी जब बच्चा नहीं मिला तो फेज-1 थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शिकायत में हरौला गांव में रहने वाले सरोज कुमार ने बताया कि वह मूलरूप से बिहार के छपरा के रहने वाले हैं। वह दो महीने से हरौला गांव में किराये के कमरे में बहन काजल, भाई विशाल और कृष्णा के साथ रह रहे हैं। सरोज और उसका भाई विशाल 30 जुलाई को काम पर चले गए। कमरे पर काजल और छह वर्षीय भाई कृष्णा था। काजल जब सो रही थी, तभी कृष्णा कमरे से निकलकर कहीं चला गया। बहन ने जब कृष्णा के कमरे पर न होने की सूचना सरोज और उसके भाई को दी तो वे दोनों कमरे पर पहुंचे और बच्चे को तलाशना शुरू किया। कई घंटे तलाश करने के बाद भी बच्चा नहीं मिला। बच्चे की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस की एक टीम गठित कर दी गई है।

# बीटेक स्टूडेंट सुसाइड में दो प्रोफेसर निलंबित

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटरनोएडा के केसीसी कॉलेज प्रबंधन ने बीटेक की स्टूडेंट खुशबू के सुसाइड मामले में गुरुवार को दो प्रोफेसर को निलंबित कर दिया। मामले की जांच के लिए एक समिति भी गठित की है, जो 10 दिन में रिपोर्ट देगी। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर सिग्मा चार स्थित एक सोसाइटी में रहने वाली बीटेक फर्स्ट इयर स्टूडेंट खुशबू ने मंगलवार की रात खुदकुशी कर ली थी। परिजनों ने मामले में केसीसी कॉलेज प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराते हुए मुकदमा दर्ज करवाया। केसीसी कॉलेज के बीटेक समन्वयक योगेश गुप्ता ने बताया कि पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है।

**दो प्रोफेसर निलंबित:** समिति दस अगस्त तक जांच रिपोर्ट पूरी करेगी। इसके बाद रिपोर्ट को पुलिस को सौंपा जाएगा। जिनकी भी लापरवाही सामने आएगी, कॉलेज प्रबंधन उनके खिलाफ कार्रवाई करेगा। शुरुआती जांच के बाद दो प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया है। वहीं सेक्टर बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने स्टूडेंट ने सुसाइड प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने केसीसी कॉलेज प्रबंधन से घटना के बारे में पूछताछ की। केसीसी प्रबंधन ने नौ जुलाई को परीक्षा के दौरान स्टूडेंट से पर्ची मिलने की घटना के बारे में विस्तार से बताया। पुलिस को कुछ सबूत भी दिए गए।

**सीडीआर खंगाल रही पुलिस:** पुलिस की छानबीन की पता चला कि खुशबू ने सुसाइड करने से पहले अपने एक दोस्त को वॉट्सऐप पर मैसेज किया था। मोबाइल की सीडीआर निकाली जा रही है। पता चल सकेगा कि वो किससे बातचीत करती थी।

# पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़

## पैर में गोली लगने से आरोपी घायल, चोरी की बाइक व तमंचा बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख इलाके में मंगलवार रात पुलिस और एक टप्पेबाज बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान हरियाणा के फतेहाबाद निवासी अजय उर्फ टिंकू के रूप में हुई है।



जानकारी के मुताबिक, थाना बिसरख पुलिस रात में चिपियाना बुजुर्ग टी-प्वाइंट पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक संदिग्ध बाइक सवार आता दिखा। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह रुकने के बजाय बाइक मोड़कर तेजी से भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा किया और कुछ ही दूर पर दूसरी पुलिस टीम से सामने से आमना-सामना हो गया। घबराहट में बदमाश की बाइक फिसल गई और वह गिर पड़ा। खुद को घिरा देख उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी और वह घायल हो गया।

**तमंचा, नकदी, चोरी की बाइक बरामद:** पुलिस ने मौके से एक तमंचा, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस (.315 बोर), बिना नंबर प्लेट की चोरी की बाइक और 5000 रुपए नकद बरामद किए हैं। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि अजय उर्फ टिंकू ने 1 जुलाई को अपने तीन साथियों के साथ मिलकर चेरी काउंटी पेट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति से 10 लाख रुपए की ठगी की थी। इस मामले में पहले ही लोकेश मिश्रा, पवन कुमार और संजीव कुमार नाम के तीन आरोपी 5 जुलाई को गिरफ्तार हो चुके हैं।पुलिस के मुताबिक अजय उर्फ टिंकू हरियाणा का रहने वाला है और उस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का सदस्य है।

# चोर समझकर दिल्ली पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल पर किया हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अच्छेजा बुजुर्ग गांव में एक गंभीर घटना सामने आई है। गांव के लोगों ने दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल और उनके भाई पर चोर समझकर हमला कर दिया। इस हमले में दोनों भाइयों को चोटें आईं और उनकी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई।

घटना गुरुवार रात की है। दिल्ली पुलिस में हेड कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात अमित कुमार शर्मा ने बताया कि वे अपने भाई के साथ एक मजदूर को अस्पताल ले गए थे। मध्य प्रदेश के रहने वाले इस मजदूर को सांप ने काट लिया था। दोनों भाई घायल मजदूर को जिम्स अस्पताल में भर्ती कराने के बाद वापस लौट रहे थे।

जब उनकी कार अच्छेजा बुजुर्ग गांव पहुंची, तब ग्रामीणों ने उन्हें चोर समझकर कार पर हमला कर दिया। विरोध करने पर दोनों भाइयों की पिटाई कर दी गई। अपनी जान बचाते हुए दोनों भाई दनकौर की तरफ भागे और कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायत की। इस क्षेत्र में इन दिनों ड्रोन उड़ते देखे जा रहे हैं। लोगों में अफवाह फैली हुई है कि चोर ड्रोन से रेकी करने के बाद घरों में चोरी करते हैं। इस भय से ग्रामीण रातभर जागकर पहरा दे रहे हैं। पीड़ित पक्ष की शिकायत के बाद पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शेष कार्यो को निर्धारित समय सीमा में किया जाए पूर्ण:जिलाधिकारी

## जयंत चौ.की सांसद निधि से निर्माणाधीन छपरौली के अत्याधुनिक रनिंग, ट्रैक से जिले में खिलाड़ियों को मिलेगी नई रफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददता**

**बागपत।** खेल अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी की संसदीय क्षेत्रीय विकास योजना के अंतर्गत विधा मंदिर इंटर कॉलेज, छपरौली में 200 मीटर लंबा 5 लेन सिंथेटिक रनिंग ट्रैक का निर्माण कराया जा रहा है। यह कार्य युवा खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए कुल 82.085 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। परियोजना के अंतर्गत प्रथम किश्त 49.251 लाख की राशि कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं औद्योगिक निगम लिमिटेड को 24 जनवरी को अवमुक्त की गई थी। वर्तमान में ट्रैक का बेस कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि मिट्टी भराई, नाली पर RCC कवर, एवं सिंथेटिक ट्रैक पर कोटिंग कार्य शेष है। उक्त कार्य की प्रगति की समीक्षा हेतु शुक्रवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल स्वयं मौके पर पहुंचीं और निर्माणस्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अभियंताओं से निर्माण की गुणवत्ता, समयबद्धता और तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिक.ारी ने निर्देश दिए कि शेष कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए तथा कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। उन्होंने यह भी कहा कि यह ट्रैक क्षेत्र के युवाओं के लिए खेल गतिविधियों में नए अवसर खोलेगा। आज के समय में प्रतियोगी खेलों में सफलता के लिए आधु.निक अधोसंरचना अनिवार्य है, और यह परियोजना छपरौली क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए। ज्ञात हो कि बागपत जनपद में खेलों के प्रति युवाओं की गहरी रुचि है और राष्ट्रीय स्तर तक भागीदारी करने वाले कई खिलाड़ी यहां से निकल चुके हैं। ऐसे में यह ट्रैक न केवल खेल प्रतिभाओं को स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण देने में सहायक होगा, बल्कि स्वास्थ्य एवं अनुशासन की भावना को भी बढ़ावा देगा। इस अवसर पर बड़ौत एसडीएम भावना सिंह, कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता सहित शिक्षा विभाग एवं खेल विभाग के संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# महिला समूह चला रहे हैं पोषण प्लांट हजारों बच्चों को मिल रहा लाभ

**शाह टाइम्स संवाददता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिलाधिक.ारी ने दाहा ग्राम पंचायत में संचा.लित रोजी–रोटी प्रेरणा महिला लघु उद्योग पुष्टाहार निर्माण इकाई का औचक निरीक्षण किया। यह इकाई ग्रामीण महिलाओं को रोजगार प्रदान करते हुए क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण पुष्टाहार की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इकाई की उत्पादन क्षमता, कार्यप्रणाली एवं वितरण व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश भी दिए। गौरतलब है कि यह इकाई वर्तमान में दो शिफ्टों में कार्य कर परीमिक्स पुष्टाहार उत्पादन कर रही है। इकाई में 20 स्थानीय महिलाएं कार्यरत हैं, जो पूरी दक्षता से निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप उत्पादन कर रही हैं। यहां परीमिक्स प्रकार का राशन तैयार किया जाता है, जिसे गर्म पानी में मिलाकर हलवा, बर्फी, लड्डू आदि पोषक व्यंजन के रूप में उपयोग किया जाता है। यह इकाई अप्रैल 2025 तक छपरौली एवं बिनौली विकास खंडों के आंगनवाड़ी केंद्रों को नियमित रूप से पुष्टाहार की आपूर्ति कर चुकी है, जिससे क्षेत्र के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को संतुलित एवं पोषक आहार प्राप्त हो रहा है। यह प्रयास राष्ट्रीय पोषण मिशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं को सुदृढ़ आधार प्रदान कर रहा है।निरीक्षण के दौरान एसडीएम बड़ौत भावना सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नागेंद्र मिश्रा एवं डीसी एनआरएलएम राहुल वर्मा उपस्थित रहे।

# पति पर तीन तलाक देने और मारपीट का आरोप, महिला ने पुलिस से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कस्बा रटौल की एक महिला ने अपने पति पर मारपीट, गाली–गलौज और तीन तलाक देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि उसका पति राजमिस्त्री है, लेकिन काम पर नहीं जाता और बेवजह घर पर झगड़ा करता है।

महिला ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे उसने पति से काम पर जाने और घर खर्च के लिए पैसे देने की बात कही। इस पर पति नाराज़ हो गया और गंदी–गंदी गालियां देने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट की और मौके पर ही तीन बार तलाक कहकर रिश्ता तोड़ दिया।

महिला का कहना है कि उसके पांच बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा और चार बेटियां हैं। उसने बताया कि पति के व्यवहार के कारण बच्चों की परवरिश पर भी असर पड़ रहा है।

महिला ने रटौल चौकी में पहुंचकर आरोपी पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्राथमिक विद्यालयों को दोबारा खुलवाने और जर्जर भवनों की मरम्मत की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बंद पड़े प्राथमिक विद्यालयों को दोबारा खुलवाने और जर्जर भवनों की मरम्मत की मांग को लेकर जिला.धिकारी को एक ज्ञापन सौंपा और जल्द कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने डीएम को ज्ञापन देते हुए बताया कि सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के विलय पर पहले आदेश दिए गए थे, लेकिन बाद में इन्हीं आदेशों पर रोक भी लगा दी गई। इसके बावजूद कई विद्यालय आज भी बंद पड़े हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि कई स्कूलों की इमारतें जर्जर अवस्था में हैं, जो बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती हैं।

इन्हें तुरंत दुरुस्त किया जाना जरूरी है। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि जिले में सभी जर्जर स्कूलों का जल्द निरीक्षण कराया जाएगा और जहां–जहां सुधार की ज़रूरत है, वहां कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ज्ञापन देने वालो में सोमेन्द्र ढाका, अजित सिंह, पंकज मलिक, यशपाल, तेजवीर सिहं आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बीएससी के छात्र ने किया सुसाइड, कनपटी पर सटाकर मारी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रमाला।** मेरठ के हॉस्टल में रहकर बीएससी की पढ़ाई कर रहे रमाला गांव निवासी एक छात्र ने घर आकर कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वह परिवार का इकलौता बेटा था। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का दाह संस्कार कर दिया। रमाला गांव निवासी एक किसान का बेटा मेरठ स्थित मेरठ कॉलेज से बीएससी कर रहा था और वहीं एक हॉस्टल में रह रहा था। वह दो दिन पहले रमाला अपने घर आया था, जो किसी कारण से अवसाद में चल रहा था। बुधवार रात परिवार के सदस्य अपने कमरों में सो गए और वह अपने कमरे में चला गया। देर रात परिवार वालों को घर में गोली चलने की आवाज सुनाई दी। परिवार वाले छात्र के कमरे में पहुंचे तो वह कनपटी पर गोली लगने से मृत पड़ा हुआ मिला। इसके बाद परिवार वालों ने पुलिस को सूचना दिए बिना उसका अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों ने मेरठ में कॉलेज जाकर छात्र के सहपाठियों से आत्महत्या करने के कारणों की जानकारी जुटाने की बात कही है। एसपी सूरज कुमार राय का कहना है कि छात्र की मौत का पता चलने पर पुलिस टीम को वहां भेजा गया और जांच की। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। घटना में प्रयुक्त तमंचे के बारे में पता कराया जा रहा है कि आखिर वह कहां है।

### शांति विधान में श्रद्धालुओं ने भक्ति से की भगवान की पूजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज द्वारा महामंडल शांति विधान का आठवां दिन है आचार्य श्री 108 नयन सागर मुनिराज ने बतायस जिनेंद्र देव के चरण सर्व प्रकार के मनोरथों को पूर्ण करने वाले हैं काम विकार को जलाने वाले हैं और सर्व दुखों के विनाशक हैं अत: आदर पूर्वक भक्ति भाव के साथ नित्य ही उनके चरण कमल की पूजा करनी चाहिए। पंडित अशोक के सानिध्य में चल रहे शांति विधान में श्रद्धालुओं ने भक्ति से भगवान की पूजा की। इस मौके पर जेन समाज के काफी संख्या में श्रद्धालु मोजुद रहे

### पुरा महादेव मंदिर में हुआ शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** एनसीआर क्षेत्र के परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर परिसर में श्रावण मास के पवित्र अवसर पर आज शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया। 1 अगस्त से 7 अगस्त तक चलने वाली शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ में आज भारी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने कलश यात्रा में भाग लेकर कथा का शुभारंभ कराया। इस मौके पर क्षेत्र से पधारे श्रद्धालुओं ने बैंड बाजों के साथ कलश यात्रा निकाली जिसमें सभी श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रसाद वितरण भी किया गया। इस मौके पर सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### हिलवाडी गांव में होगी किसान मजदूर संगठन की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** एनसीआर क्षेत्र के हिलवाडी गांव में किसान मजदूर संगठन की प्रेस वार्ता में चर्चा करते हुए जिलाध्यक्ष चौधरी कालूराम सिंह हिलवाडी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अन्नु मलिक ने कहा कि किसने की समस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं की भारी संख्या में बैठक हिलवाडी गांव में होगी। जनपद बागपत के सभी किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ता भारी संख्या में भाग लेंगे। 3 अगस्त को भारी संख्या में सभी किसानों को भाग लेने का आहवान किया गया, जिसमें संगठन को मजबूत करने को लेकर, जनपद के किसानों और मजदूरों से संबंधित समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा होगी, और जनपद बागपत के माध्यमिक विद्यालय जो किसानों की जमीनों पर बने हुए है। किसानों के चंदे से बने हुए हैं, इन विद्यालयों में किसानों और मजदूरों ने श्रमदान किया है। इन विद्यालयों में आज किसान और मजदूरों के बच्चे पढ़ रहे हैं, लेकिन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय बागपत की कार्यशैली के कारण वे विद्यालय राजनीतिक अखाड़े बन गए हैं, जनपद बागपत के किसानों को, मजदूरों को मजबूत करने के लिए किसान मजदूर संगठन हमेशा प्रयासरत है, जब हमारे बच्चे ही पढ़ेंगे, लिखेंगे नही तो किसान और मजदूर मजबूत कैसे होगा। इन समस्याओं के समाधान को लेकर एक बडा आंदोलन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय बागपत पर करने को लेकर बैठक में चर्चा होगी।

### स्काउट एंड गाइड की हर विद्यालय में स्थापित होगी यूनिट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जैन इंटर कॉलेज में भारत स्काउट एंड गाइड की बैठक हुई। इसमें अध्यक्ष जयपाल शर्मा ने कहा कि सभी विद्यालयों में स्काउट एंड गाइड की यूनिट स्थापित करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि भारत स्काउट एंड गाइड केवल एक संगठन नहींए बल्कि एक जीवन मूल्य है, जो युवाओं में सेवा, त्याग, अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रीय भावना का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब युवा पीढ़ी डिजिटल की तरफ ध्यान दे रही है तो ऐसे में सामाजिक गति.विधियों से जोड़ने की आवश्यकता है। स्काउट कमिश्नर अशोक बंधु भारद्वाज ने बताया कि युवाओं ने पर्यावरण सुरक्षा, स्वच्छता अभियान, रक्तदान, आपदा प्रबंधन, सड़क सुरक्षा, जल संरक्षण और नशा मुक्ति जैसे अभियानों में भूमिका निभाई है। इस दौरान सचिव उमेश कुमार, डा. सुरेश चंद कौशिक, सुशील चौधरी, कमलेश कौशिक, अनुज कौशिक, कविता चौधरी, अलका चौधरी व मंजू भारती आदि मौजूद रहे।

### स्कूल बस खराब होने से रेलवे मार्ग पर लगा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कस्बे में रेलवे मार्ग पर स्कूल की बस खराब होने से मार्ग पर जाम लग गया। पुलिस कर्मी भी बस में धक्का लगाते नजर आए। पुलिस कर्मियों ने काफी देर तक जद्दोजहद के बाद जाम खुलवाया। कस्बे में रेलवे मार्ग पर स्कूलों की छुट्टी होने पर एक स्कूल बस पुलिस चौकी चौराहे पर खराब हो गई। इससे मार्ग पर जाम लग गया। तभी बस के चालक ने बस में सवार बच्चों को वहीं उतार दिया। बच्चे पैदल अपने घर चले गए। वहां खड़े पुलिस कर्मी भी जाम खुलवाने के लिए बस में धक्का लगाने लगे। पुलिस कर्मियों ने आसपास के लोगों के सहयोग से बस को धक्का लगाकर जैन कॉलेज मार्ग पर खड़ी कराकर जाम खुलवाया।

# मोबाइल टावर हटवाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बिना अनुमति लगाए जा रहे मोबाइल टावर को लेकर बडौत तहसील के पट्टी चौधरान मोहल्ले के दो दर्जनों से अधिक लोगो ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन देते हुए मोबइल टावर को जल्द हटवाये जाने की मांग की है।



शुक्रवार को कई दर्जनों लोगों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया और आरोप लगाया कि कॉलोनी में एक निजी व्यक्ति द्वारा बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के मोबाइल टावर लगाया जा रहा है। जब स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया, तो उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जाने लगीं। प्रदर्शनकारी नागरिकों ने जिलाधिकारी से मिलकर इस मामले में कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि बिना एनओसी और अनुमति के टावर लगाना न सिर्फ गैरकानूनी है, बल्कि इससे आसपास के लोगों की सेहत और सुरक्षा को भी खतरा है। जिलाधिकारी ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए तत्काल बड़ौत एसडीएम को जांच के आदेश दे दिए हैं। अब प्रशासन यह जांच करेगा कि टावर लगाने की प्रक्रिया में कोई अनुमति ली गई थी या नहीं और यदि धमकी के आरोप सही हैं तो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन करने वालो में राकेश राहुल मनोज चाहत मकेश रचना पुष्प पायल राजेंद्र पुष्पेंद्र आदि मौजूद रहे।

# साधन सहकारी समिति के सचिव को दी श्रद्धांजलि क्षेत्र में शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** साधन सहकारी समिति के सचिव नितेश कुमार के आकस्मिक निधन पर समिति परिसर में श्रृांजलि सभा आयोजित की गई। सचिव नितेश कुमार का 26 जुलाई को ब्रेन हेमरेज के कारण निधन हो गया था। शुक्रवार को आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और किसानों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

सभा को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल ने कहा कि नितेश कुमार कम उम्र में ही हम सभी को छोड़कर चले गए, यह क्षेत्र के लिए अपूर्णीय क्षति है।

वे हमेशा किसानों के हित के लिए समर्पित रहे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य जाकिर हसन ने उन्हें सरल, सहज और मिलनसार व्यक्तित्व वाला बताया। समिति के चेयरमैन मस्तराम ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा समिति परिवार नितेश कुमार के परिजनों के साथ खड़ा है। उप चेयरमैन हाजी इसरार, साधू, फारूख, मुबारिक, सुरेंद्र सहित सैकड़ों लोग श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

# राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल की बैठक कचहरी में आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल की एक बैठक जिला कचहरी परिसर में आयोजित की गई। इस बैठक में अधिवक्ता रोहित त्यागी को विधिक प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया।



बैठक में 21 अगस्त को मनाए जाने वाले पार्टी के स्थापना दिवस की तैयारियों पर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं में इस आयोजन को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। इसी महीने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी एक जनसभा को संबोधित करेंगे। बैठक में आज से ही पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू किया गया। साथ ही प्रत्येक घर पर पार्टी का झंडा लगाने का अभियान भी आरंभ किया गया। बागपत जिलाध्यक्ष आशीष वशिष्ठ ने अपने आवास पर झंडा लगाकर इस अभियान की शुरुआत की। आशीष वशिष्ठ ने बताया कि बैठक में 2026 के चुनाव की रणनीति पर भी विचार–विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि 2026 के चुनाव में पार्टी जोर–शोर से भाग लेगी और इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिलाध्यक्ष ने बताया कि युवाओं में पार्टी के प्रति काफी उत्साह है। पार्टी की नीतियों को समझने के बाद लोग बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बागपत जिले में बड़ी संख्या में नए सदस्य बनाए जाएंगे।

# खेत से घोड़े निकालने को लेकर घोड़े मालिक ने की व्यक्ति के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के बिलोचपुर गांव में एक किसान के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान चंद्रभान ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।



चंद्रभान ने बताया कि वह अपने खेतों की रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान दो घोड़े उनके खेत में घुसकर फसल को नुकसान पहुंचाने लगे। जब उन्होंने खेत से घोड़ों को बाहर निकाला, तभी गांव के ही रहने वाले घोड़ों के मालिक नितिन और उसके साथी विशाल तथा सतबीर वहां पहुंच गए। तीनों युवकों ने चंद्रभान के साथ मारपीट शुरू कर दी। स्थानीय लोगों को शोर–शराबा सुनकर आता देख तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। मारपीट में चंद्रभान घायल हो गए। पुलिस ने घायल किसान को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# असारा गांव में दरोगा समेत दो के घरों में चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रमाला।** असारा गांव में बुधवार रात चोरों ने दिल्ली पुलिस के दारोगा मोहम्मद हसन और पड़ोसी परवेज के मकान का ताला तोड़कर सोने–चांदी के जेवर और 25 हजार रुपये नकदी चोरी कर ली। इसमें तहरीर मिलने पर पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी।

असारा निवासी दिल्ली पुलिस में तैनात दारोगा मोहम्मद हसन ने बताया कि दो दिन पहले उनका परिवार घर का ताला लगाकर दिल्ली चले गया था। बृहस्पतिवार को वह अपने परिवार के साथ घर पहुंचे तो घर के सभी कमरों के ताले टूटे हुए मिले। कमरों के अंदर सामान बिखरा हुआ मिला। कमरों की अलमारी से 20 हजार रुपये, सोने–चांदी के जेवर व कपड़ों समेत अन्य कीमती सामान चोरी मिला। उनके पड़ोसी परवेज ने बताया कि वह परिवार के साथ हरियाणा गया हुए थे। वहां से वापस लौटे तो सभी कमरों के ताले टूटे हुए मिले। घर में रखे चार हजार रुपये, सोने–चांदी के आभूषण और कपड़े चोरी मिले। एक रात में दो घरों में चोरी होने पर ग्रामीणों ने आक्रोश भी जताया और पुलिस से चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की। इस मामले में पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

# 30 सितंबर तक सुलह–सम्मान और समाधान का चलेगा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आम नागरिकों को सुलभ, सस्ता और त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बागपत जनपद न्यायालय में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान की शुरुआत हो चुकी है। यह अभियान 1 जुलाई से संचालित है एवं 30 सितंबर तक चलेगा। इसका आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सर्वोच्च न्यायालय तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के दिशा–निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है। इस अभियान का संचालन जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागपत मनोज कुमार–III के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

इस संबंध में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागपत शबिस्ताँ आकिल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के अंतर्गत आपसी सुलह–समझौते के आधार पर न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकार के दीवानी वाद, शमनीय आपराधिक मामले, चेक बाउंस से संबंधित वाद (धारा 138, एनआई एक्ट), धन वसूली, मोटर दुर्घटना दावे, श्रम विवाद, वैवाहिक विवाद (विवाह विच्छेद को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण, पेंशन, किरायेदारी, सूखाधिकार, निषेधाज्ञा और उपयुक्त अन्य सिविल वादों का समाधान किया जाएगा। इसके अतिरिद्र प्री–लिटिगेशन स्तर के मामलों यानी न्यायालय में दर्ज होने से पूर्व के विवादों को भी मध्यस्थता प्रक्रिया के माध्यम से सुलझाया जाएगा। मध्यस्थता प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि यह पूरी तरह से पक्षकारों की सहमति पर आधारित होती है। प्रशिक्षित और अनुभवी मध्यस्थों की देखरेख में यह प्रक्रिया निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संचालित की जाती है। ऐसे सभी वादों को संबंधित न्यायालय में आवेदन देकर मध्यस्थता हेतु भेजने का अनुरोध किया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा इस अभियान को तहसील और जनपद स्तर पर सातों दिन संचालित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक नागरिक इसका लाभ ले सकें। इसके लिए किसी भी व्यद्रि को अपने निकटतम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या तहसील विधिक सेवा समिति से संपर्क करना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए टोल फी नंबर 18004190234 या 15100 पर संपर्क किया जा सकता है। विशेष परिस्थिति में ऑनलाइन माध्यम से भी मध्यस्थता प्रक्रिया का संचालन किया जा सकता है। यह अभियान केवल कानून की किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के भीतर संवाद, समझौते और आपसी सम्मान को बढ़ावा देने वाला एक मानवीय प्रयास है। न्यायालयों के भारी बोझ को कम करने के साथ–साथ यह अभियान समाज में आपसी सौहार्द को भी सुदृढ़ करता है। यह पहल न केवल विवादों का समाधान है, बल्कि सामाजिक समरसता की दिशा में एक बड़ा कदम है। बागपत जनपद में जो लोग वर्षों से किसी कानूनी विवाद में उलझे हैं, वे इस अभियान के माध्यम से न्याय के एक नये द्वार को खोल सकते हैं जहां संवाद है, समझौता है और समाधान है।

# इलेक्ट्रिक बस ने छात्रा को कुचला, मौत

## आरजी कॉलेज की छात्रा थी मृतक, जीरो माइल चौराहे पर हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में आरजी कॉलेज की छात्रा मनीषा की जान चली गई। मनीषा स्कूटी से कॉलेज जा रही थी। जैसे ही वह जीरो माइल चौराहे पर पहुंची, तभी मोदीपुरम की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक इलेक्ट्रिक बस ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि छात्रा स्कूटी सहित सड़क पर गिर पड़ी और बस ने उसे कुचल दिया। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छात्रा को अस्पताल भिजवाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डाक्टरों ने मनीषा को मृत घोषित कर दिया।



छात्रा की पहचान दौराला निवासी मनीषा पुत्री इंद्रपाल के रूप में हुई है। उसकी मौत की खबर घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन अस्पताल पहुंचे तो उनका रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में



आरोपी ड्राइवर

ले लिया है। हादसे की जांच की जा रही है। छात्रा की मौत की सूचना पर कॉलेज में शोक की लहर दौड़ गई।

# संजय कुमार जायसवाल होंगे मवाना सर्किल के नए सीओ

- सात डिप्टी एसपी इधर से उधर, अभिषेक पटेल बने सीओ ट्रैफिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** एसएसपी मेरठ विपिन ताडा ने देर रात जनपद में तैनात सात पुलिस उपाधीक्षकों को तबादला कर दिया। मवाना से सीओ अभिषेक पटेल को सीओ ट्रैफिक और संजय कुमार जायसवाल को सरधना से मवाना भेजा गया है। उधर, शासन ने भी 39 पुलिस उपाधीक्षकों को गैर जनपद-जोन व कुछ को जनपद में ही दूसरे पदों पर स्थानांतरित किया है।

देर रात जारी आदेश के अनुसार पुलिस उपाधीक्षक आशुतोष कुमार को सीओ कोतवाली से सीओ सरधना, संजय कुमार जायसवाल को सीओ सरधना से सीओ मवाना, सहायक पुलिस अधीक्षक अंतरिक्ष जैन को सीओ ब्रहमपुरी से सीओ कोतवाली, सुश्री सोम्या को सीओ ट्रैफिक महिला थाना एएचटीयू से सीओ सीओ ब्रहमपुरी, नवीना शुक्ला सीओ क्राइम से सीओ कैंट, अभिषेक कुमार पटेल को सीओ मवाना से सीओ ट्रैफिक महिला थाना एएचटीयू, संतोष कुमार सिंह को सीओ कैंट से सीओ क्राइम कार्यालय बनाया गया है। सीओ संजय कुमार जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र में हर तरह के अपराध पर नियंत्रण के लिए अपराधियों पर नकेल कसी जाएगी। लॉ एंड ऑर्डर कायम रखने के लिए जनता के साथ तालमेल बनाने की दिशा में काम किया जाएगा व शातिर अपराधियों पर कड़ी निगाह रखी जाएगी।

# ईदगाह परिसर में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

- जांच में जुटी थाना पुलिस
- मवाना के मोहल्ला काबली गेट का रहने वाला था मृतक सुंदर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर में स्थित बुड्ढा पीर परिसर में शुक्रवार शाम एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। उसकी पहचान मोहल्ला काबली गेट निवासी सुंदर पुत्र चंदर के रूप में हुई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पहले तो युवक की हत्या की आशंका जताई, लेकिन बाद में आत्महत्या की तहरीर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि बुड्ढा पीर परिसर में एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका पड़ा है। चौकी इंचार्ज अनुराग सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से उतारा।

मृतक मोहल्ला काबली गेट निवासी सुंदर (35) पुत्र चंदर था। परिजनों ने बताया कि सुंदर हलवाई का काम



करता था और उसका पिता एक ईंट भट्ठे पर नौकरी करता है। सुंदर की पत्नी का नाम मोनी है और उसकी दो साल की एक बेटी है। उनके अलावा परिवार में छोटा भाई संदीप है। परिजनों ने रोते बिलखते उसकी हत्या की आशंका जताई और पुलिस से इसकी जांच करने की मांग की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर मवाना अखिलेश मिश्र ने बताया कि परिजनों ने अज्ञात कारणों से आत्महत्या किए जाने की तहरीर दी है।

# काम करते समय एचटी लाइन से टकराया मजदूर, मौके पर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** गढ़ी दबथुवा गांव में एक मकान की छत पर कार्य कर रहा एक मजदूर एचटी लाइन से टच होकर हादसे का शिकार हो गया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता ने थाने में घटना की तहरीर दी है।

गढ़ी दबथुवा निवासी 30 वर्षीय गुड्डू पुत्र रामभजन मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। गांव में ही मोहित पुत्र महेंद्र के मकान में निर्माण पर गुड्डू मजदूरी कर रहा था। मोहित के घर के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। शुक्रवार को गुड्डू यहां मजदूरी करने गया हुआ था। वह जैसे ही मकान की छत पर पहुंचा तो हाईटेंशन लाइन की



चपेट में आ गया। उसको करंट के जोरदार झटके लगे। परिजन व ग्रामीण आनन-फानन में युवक को उपचार के लिए मेरठ के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता रामभजन ने थाने में घटना की तहरीर दी है।

# अयातुल्लाह अली खामेनेई पर टिप्पणी को लेकर भड़के शिया समुदाय के लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद शिया समुदाय के लोगों ने इंडिया टीवी के चैनल के खिलाफ प्रदर्शन किया और अपना गुस्सा जाहिर किया। शिया समुदाय के लोगों ने इंडिया टीवी चैनल पर आरोप लगाया है कि इंडिया टीवी ने हमारे सर परस्त और उनके रहनुमा ईरान के धार्मिक लीडर अयातुल्लाह खामेनेई पर एक इंटरव्यू में उन पर आरोप लगाया कि अयातुल्लाह खामेनेई नशा करते हैं और पूरे दिन सोते रहते हैं जिससे सभी शिया समुदाय की भावना को ठेस पहुंची है उन्होंने मांग की है कि इंडिया टीवी और हिंदुस्तान टाइम्स पर कार्रवाई की जाए वरना समाज के लोग धरना प्रदर्शन करेंगे इस मौके पर मौलाना अफसर अली



जुमे की नमाज के बाद मस्जिद के बाहर जमा शिया समाज।

जैदी साहब' पूर्व प्रधान मुजफ्फर हुसैन, पूर्व प्रधान अली सरवर काजमी, पूर्व प्रधान बाबर काजमी, तनवीर काजमी हुसैन, काजमी नाजिर नकवी, तनवीर हैदर कोकब काजमी मिन्हाल काजमी आदि मौजूद रहे।

# सेंटर फ्रेश और यूगॉव की इंडिया ओवरथिंकिंग रिपोर्ट जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सेंटर फ्रेश और यूगॉव के एक नए राष्ट्रीय अध्ययन ने खुलासा किया है कि ओवरथिंकिंग अब भारतीयों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुका है, सिर्फ संकट के समय ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा के छोटे छोटे फैसलों में भी वे ओवर थिंकिंग कर रहे हैं। परफेटी वैन मेल इंडिया में डायरेक्टर मार्केटिंग गुंजन खेतान ने कहा, पहली बार सामने आई इस सेंटर फ्रेश इंडिया ओवर थिंकिंग रिपोर्ट के अनुसार, 81 प्रतिशत भारतीय रोजाना तीन घंटे से ज्यादा समय ओवरथिंकिंग में बिताते हैं, जबकि हर चार में से एक व्यक्ति मानता है कि यह उसकी लगातार बनी रहने वाली आदत है।

# 'किसमें कितना है दम' ऑडिशन आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में शुक्रवार को चिंदौड़ी मार्ग पर स्थित चौधरी बारू सिंह विद्यालय में दूरदर्शन पंजाब की तरफ से रियलिटी शो किसमें कितना है दम के फस्ट ऑडिशन राउंड का आयोजन हुआ। जिसमें बारू सिंह विद्यालय सहित लावड़, दौराला, मटौर, बफावत, महलका, जैनपुर, मीठेपुर, महल, जलालपुर, समसपुर, चिंदोरी, जमालपुर, अझौता सहित अनेक गांव स्कूलों के बड़ी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया और डांस, सिंगिंग, मॉडलिंग, ड्राइंग, राइटिंग, सामान्य ज्ञान, योगा, संगीत सहित अनेक विधाओं में अपनी प्रतिभा दिखायी। इस मौके पर डीडी पंजाब की तरफ से बलवीर सिंह तंवर, खेम. राज शर्मा सहित पूरी टीम और स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। स्कूल के प्रबंधक डाक्टर मोहित चौधरी ने आए हुए सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। डीडी पंजाब के अंतर्गत चल रहे टैलेंट हंट कार्यक्रम किसमें कितना है दम की इनामी राशि 5 लाख रुपये है। आयोजकों ने बताया कि अभी जल्दी ही सेकंड राउंड के ऑडिशन होंगे जिसके बाद टीवी पर इस कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

# राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर रंगाई छपाई कार्यशाला का हुआ उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय के ललित कला संकाय के फैशन एवं टेक्सटाइल डिजाइन विभाग ने बुनकर सेवा केंद्र के सहयोग से 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह का गौरवपूर्ण उद्घाटन किया।

इस अवसर पर सप्ताह भर चलने वाली गतिविधियों की श्रृंखला का पहला दिन आयोजित किया गया। इस अवसर पर रंगाई एवं छपाई कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य भारत की समृद्ध हथकरघा एवं वस्त्र विरासत को बढ़ावा देना एवं संरक्षित करना रहा। कार्यशाला का शुभारंभ ललित कला संकाय के डीन डॉ. पिंटू मिश्रा, फैशन, टेक्सटाइल एवं इंटीरियर



डिजाइन विभाग प्रमुख डॉ. नेहा सिंह प्रदर्शन कला विभाग प्रमुख डॉ. भावना ग्रोवर, एनीमेशन विभाग प्रमुख डॉ. विधि खंडेलवाल ने किया। सत्र का संचालन विकास आयुक्त हस्तशिल्प कार्यालय वस्त्र मंत्रालय के प्रतिष्ठित कारीगर मोहम्मद शरीफ ने किया। उन्होंने छात्रों को पारंपरिक मुद्रण वस्त्र तकनीकों से परिचित कराया और आधुनिक डिजाइन शिक्षा में पारंपरिक शिल्प कौशल के संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। विभिन्न विभागों के छात्रों ने कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने बाटिक मुद्रण का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया, प्रतिरोधी रंगाई प्रक्रिया के बारे में सीखा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन में अपने स्वयं के मुद्रित कपड़े के नमूने तैयार किए।

# संत चार्ल्स कॉलेज में इन्वेस्टीचर सेरेमनी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** संत चार्ल्स इंटर कॉलेज सरधना में शुक्रवार को इन्वेस्टीचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में हेड बॉय, हेड गर्ल व विद्यालय के चारों हाउस लीडर्स व प्रत्येक कक्षा के मॉनिटर को बेज प्रदान किए गए। विद्यालय में अनुशासन व सभी नियमों को पालन करने के लिए सभी लीडर्स को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रदर साइमन व विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्रदर इमैनुएल, ब्रदर पंकज, ब्रदर जीत रहे। विद्यालय के प्रबंधक ब्रदर चाको व प्रधानाचार्य विनय कुमार ने सभी लीडर्स को बधाई दी। प्रबंधक ने सभी विद्यार्थियों को लीडर शिप के महत्व को समझाया व कहा कि हमारे विद्यालय में अनुशासन को बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

# मदरसे को दान देने के बाद कर दिया जमीन का बैनामा

## कमेटी सदस्य एवं पूर्व सभासद ने नाराज होकर सौंप दिया कमेटी को इस्तीफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर में स्थित एक मदरसे के लिए सात साल पहले दान दी गई जमीन को दानकर्ता ने बेच दिया। इससे नाराज मदरसा कमेटी के सदस्य एवं पूर्व सभासद ने कमेटी को अपना इस्तीफा भेज दिया है। अपने इस्तीफे में उन्होंने कमेटी की कार्य प्रणाली को दोषपूर्ण बताया है।

मवाना नगर में मखदूमपुर रोड पर मदरसा तजवीदुल उल कुरान स्थित है। यहां पर पिछले काफी समय से मदरसा कमेटी में सदस्य के रूप में पूर्व सभासद मोहम्मद आवेश मदरसे की देखभाल कर रहे थे। मोहम्मद आवेश ने बताया कि प्रबंध समिति द्वारा कोई भी काम सही तरीके से नहीं किया जा रहा था। न तो मदरसे में कोई



मीटिंग बुलाई जाती है और न ही मदरसे को लेकर कोई चर्चा होती है। इसी समस्या को लेकर कई बार अवगत कराने के बावजूद समिति द्वारा उस पर कोई एक्शन नहीं लिया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में उनकी एक महिला रिश्तेदार ने मदरसे के लिए अपनी जमीन दी थी, लेकिन अब उस जमीन का बैनामा उनकी रिश्तेदार के देवर ने अपने नाम पर करा लिया है। इस बारे में भी समिति पदाधिकारी पूरी तरह मौन हैं। जिसके कारण उन्होंने इस्तीफा दे दिया है। वहीं इस घटना की चर्चा क्षेत्र में आम हो गई है। लोगों का कहना है कि इस मामले को लेकर वह हैरान है।

### सोशल मीडिया पर गरमाया हुआ है मुद्दा

मदरसे की जमीन को बेचने का मामला सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। कुछ लोगों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बैनामा करने वाली महिला को परिवार के लोगों द्वारा घर में कैद करने की बात लिख डाली है। यहां तक कि महिला को डरा धमका कर बैनामा कराने का आरा. `प भी लगाया गया है। परिवार के लोग उस महिला को किसी से मिलने तक नहीं दे रहे हैं। उधर, इस बाबत पूछे जाने पर इंस्पेक्टर मवाना ने कहा कि उन्हें इस तरह की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। यदि कोई लिखित शिकायत उन्हें मिलती है तो इसमें जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के रशीद नगर जाटों वाली गली की रहने वाली बुसरा पुत्री कासिम का निकाह तीन साल पहले आस मौहम्मद पुत्र फारूख निवासी श्याम नगर टावर वाली गली के साथ हुआ था।

पीड़ित महिला की मां ने बताया कि शादी मे करीब आठ लाख रूपये खर्च किये थे जिसमें दान दहेज से ससुराल वाले पति आस मौहम्मद ससुर चनून फारूख देवर दानिश, जुनैद यूसुफ, ननद आसम, फातमा खुश नहीं थे तथा अतिरिक्त दहेज में शादी के बाद से ही एक मोटर साईकिल और एक लाख रूपये की माग करते हैं। पीड़ित महिला के विरोध करने पर शारीरिक व मान. सिक रूप से उत्पीड़न कर प्रताड़ित करते थे। शुक्रवार को पीड़ित महिला को जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया मारपीट करके घर से निकल दिया। वहीं पीड़ित महिला ने अपने देवर युसूफ पर गलत नजर रखने और अश्लील हरकते करने का भी आरोप लगाया। पीड़ित महिला की मां ने बताया कि उसकी बेटी के देवर युसुफ पर पहले से ही दुष्कर्म का मुकदमा चल रहा है। पीड़ित महिला की मां ने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत करते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि पीड़ित विवाहिता गम्भीर रूप से घायल हो गयी थी। पुलिस ने घायल महिला को जिला अस्पताल में इलाज कराया। थाना लिसाड़ी गेट प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला ने तहरीर दी है।

# अपने सपनों की राह में बिना रुके बढ़ती रहें बेटियां: अतुल विधायक

- कक्षा 10 व 12 में अच्छे अंक पाने वाली मुस्लिम युवतियों को विधायक ने बांटी 50 साईकिल
- बीते सप्ताह कश्यप समाज की बेटियों को मिली थी 100 साईकिलें





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शुक्रवार को सरधना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रूहासा में विधायक अतुल प्रधान ने मुस्लिम समाज की 10वीं और 12वीं में अच्छे अंक पाने वाली होनहार बेटियों को साइकिल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया और समाज के मौजूद व्यक्ति और मौलानाओं को सम्मानित भी किया। इससे पूर्व सरधना विधायक अतुल प्रधान ने कश्यप समाज की युवतियों को 100 साइकिल वितरित की थीं। आपको बता दें कि अतुल प्रधान क्षेत्र की युवतियों में शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए उन्हें सम्मानित कर रहे हैं और हर बेटी को साइकिल वितरित कर रहे हैं और इसके लिए वह जगह जगह कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं ताकि कहीं भी कोई बेटी सम्मानित होने से चूक ना जाए। इस दौरान अतुल प्रधान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक साइकिल नहीं आत्मविश्वास और स्वतंत्रता की दिशा में एक कदम है ताकि ये बेटियां अपने सपनों की राह पर बिना रुके आगे बढ़ सकें।

# 17 कुंतल धान खरीदकर रुपये देने से मुकरा ठेकेदार

- गांव खेड़ा का रहने वाला है आरोपी
- पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपी पर कार्रवाई की रखी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** दौलतपुर निवासी दो महिलाओं से खेड़ा गांव के एक ठेकेदार ने 17 कुंतल धान खरीदा और बिना रूपये दिए वहां से फरार हो गया। पीड़ित महिलाओं ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग है।

पीड़ित बबीता पत्नी धर्मेन्द्र ने तहरीर देते हुए बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व गांव खेड़ा निवासी ठेकेदार उनके घर पर आया था। उसने कहा कि वह धान खरीद रहा है और विश्वास में लेकर 11 कुंतल धान ले गया। जबकि गांव की ही सुनीता पत्नी अमनेश से भी पांच कुंतल धान उधार खरीदा था। ठेकेदार ने वादा किया था कि वह चार दिन में पैसे घर पर ही पहुंचा देगा। लेकिन, आज तक कोई भुगतान नहीं किया गया। आरोप है कि उसने कई बार ठेकेदार से पैसे मांगे। लेकिन, वह हर बार टालमटोल करता रहा। अब वह पैसे देने से साफ इंकार कर रहा है। पीड़िता का कहना है कि वह आर्थिक रूप से बहुत कमजोर है और धान बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करती है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर रुपये दिलाने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# उम्मीद की किरण सशक्त बेटियां सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** कस्बा हर्रा में शुक्रवार को प्रयास जन सेवार्थ समिति ने उम्मीद की किरण सशक्त बेटियां सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता मौलाना हासिम साहब ने की। मंच का संच. ालन मो. अली चौहान ने किया। सशक्त बेटियां सम्मेलन में कस्बे की तमाम मस्जिदों के इमाम, व कई पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी व कस्बे के वार्ड सभासद, पूर्व सभासद और कस्बे के सैकड़ों लोग शामिल हुए। उम्मीद की किरण सशक्त बेटियां सम्मेलन में प्रयास जन सेवार्थ समिति ने पाँच बिंदुओं पर चर्चा की जिनमे समाज में जितनी भी लड़कियां बिना शादी के आर्थिक स्थिति की वजह से घर पर बैठी हुई हैं इस समस्या पर विचार करने की जरूरत है जिसके लिए प्रयास जन सेवार्थ समिति गरीब लड़कियों की शादी का हर संभव मदद करने का प्रयास कर करेगी।

वहीं दूसरा बिंदु सभी इमाम अपनी अपनी मस्जिदों में सभी लोगों को जागरूक करें की किसी भी शादी में डीजे न बजाया जाए और दहेज प्रथा को खत्म किया जाए। कस्बे में ईदगाह की जगह को बढ़ाने की अपील की गई। इमाम और मोअज्जिन की भी तनख्वाह बढ़ाने की समिति द्वारा अपील की गई। प्रयास जन सेवार्थ समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष नूर मौ. प्रधान ने कहा कि समिति द्वारा नगर में किसी भी गरीब व बेसहारा लोगों पर अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने का काम भी समिति करेंगी। प्रोग्राम में तमशीर चौहान, नफीस सभासद, सभासद नबिशेर, सभासद ताहिर, सभासद जावेद, सभासद इमरान, सभासद मोहम्मद, सभासद रिहान, राष्ट्रीय अध्यक्ष नूर मोहम्मद प्रधान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इरशाद राणा, राष्ट्रीय सचिव मुजम्मिल चौधरी,राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद, चौधरी राष्ट्रीय उपसचिव जावेद चौहान, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आबिद चौहान, सलीम, फरमान, जावेद गुलजार, इशा, अब्दुल रहमान कस्बे की सभी मस्जिदों के इमाम और कस्बे और आस पास के गांव के सैकड़ों लोग शामिल हुए।



# भाजपा नेता काजी शादाब ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य काजी शादाब ने शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी से उनके नई दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान काजी शादाब ने पूर्व केंद्रीय मंत्री से उत्तर प्रदेश के मदरसा बोर्ड द्वारा मदरसों से अल्पसंख्यक संस्थान होने का प्रमाण पत्र मांगने पर नारा. जगी जताई। इस पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक से बात कर समाधान कराये जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर फिरोज हबीब अंसारी, मकसूद वारसी, जुबैर सैफी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



# काउंटी चैंपियनशिप में साई-चहल का पंजा



लंदन, वार्ता। भारत के बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर और यजुवेंद्र चहल ने काउंटी चैंपियनशिप में अपनी-अपनी टीमों के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पांच-पांच विकेट झटके। साई किशोर के पंजे की बदौलत सरी ने डरहम को पांच विकेट से हराकर काउंटी चैंपियनशिप खिताब जीतने की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ा लिया है। इस मैच के दौरान सरी के लिए खेल रहे साई किशोर ने दूसरी पारी में 72 रन देकर पांच विकेट झटके, जबकि सैम

**● डरहन ने पहली में 153 व दूसरी में 344 रन बनाए थे, जबकि सरी ने 322 और पांच विकेट पर 176 रन बनाकर मैच जीता**

करन ने भी 40 रन बनाकर लक्ष्य का पीछा करने में मदद की। डरहम ने पहली पारी में 153 और दूसरी में 344 रन बनाए थे, जबकि सरी ने 322 और पांच विकेट पर 176 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। साई किशोर ने पहली पारी में भी दो विकेट लिए थे। इस जीत से सरी को 21 अंक मिले, जिससे डिविजन-वन की अंक तालिका में शीर्ष पर है और उसकी पकड़ भी मजबूत हो गई है और वे लगातार चौथा खिताब जीतने की ओर बढ़ रहे हैं। वहीं डरहम को सिर्फ तीन अंक मिले, जिससे उनके रेलिगेशन की लचता का विषय बनी हुई है। डरहम की दूसरी पारी में ग्राहम क्लार्क (42) और कोडी यूसुफ (43) ने 71 रन की अहम साझेदारी की, जिससे उनकी बढ़त 136 तक पहुंच गई। लेकिन लंच के बाद साई किशोर और सैम करन की धारदार गेंदबाजी ने डरहम के आखिरी चार विकेट 33 रन देकर उनकी को समेट दिया। इसके बाद सरी को 176 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने डॉम सिबली ने 35 रन, कप्तान रोरी बर्न्स (24) और रियान पटेल (28) ने भी उपयोगी सहयोग के बाद लक्ष्य की ओर तजी करन और डैन लॉरेंस (नाबाद 32) ने दिखाई। जब लक्ष्य मात्र नौ रन दूर था, तब करन लॉन्ग ऑन पर कैच हुए और अगले ही ओवर में बेन फोक्स भी बोल्ड हो गए, लेकिन जॉर्डन क्लार्क ने पहली ही गेंद को कवर के पार दो रन के लिए खेलकर सरी की जीत पक्की कर दी। यह साई किशोर का सरी के लिए इस सीजन का आखिरी मैच था और उन्होंने इसे अपने पंजे के साथ यादगार बना दिया। चहल की भी बेहतरीन गेंदबाजी की। वहीं नॉर्थैम्प्टन शायर की ओर से खेल रहे भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने इस सीजन का पहला पंजा झटका, जिससे उनकी टीम को डर्बीशायर के खिलाफ पहली पारी में 173 रनों की बढ़त मिली। दूसरी पारी में भी वह अब तक दो विकेट झटक चुके हैं और उनकी टीम अंतिम दिन पारी की जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। ऑलराउंडर जस्टिन ब्रॉड और रॉब की शानदार शतकीय पारियों की बदौलत युज़वेंद्र की टीम ने डर्बीशायर की पहली पारी के 377 रनों के जवाब में नौ विकेट पर 550 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। ब्रॉड ने 171 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 18 चौके और एक छक्का शामिल था। यह उनका इस महीने का दूसरा 150 से अधिक का स्कोर है। वहीं कीओघ ने नाबाद 125 रन बनाए। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 208 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की, जो डर्बीशायर के खिलाफ नॉर्थैम्प्टनशायर की सातवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले चहल ने पहली पारी में 118 रन देकर 6 विकेट लिए थे और डर्बीशायर की टीम 377 रनों पर ऑलआउट हो गई। इस पारी में मार्टिन एंडरसन ने 105 रन बनाए। डर्बीशायर की दूसरी पारी की शुरुआत भी बेहद खराब रही। केवल 52 रन पर ही उनके 4 विकेट गिर चुके हैं और वे अब भी 121 रन पीछे हैं।

# ऐटकिंसन-टंग ने भारत को 224 रन पर समेटा

**● गस ऐटकिंसन ने पांच विकेट और जॉश टंग ने तीन विकेट लेकर भारतीय टीम को सस्ते में आउट किया**

लंदन, वार्ता। गस ऐटकिंसन (पांच विकेट) और जॉश टंग (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड ने पांचवें टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को पहले सत्र में भारतीय टीम को पहली पारी में 224 रन के स्कोर पर समेट दिया। भारत की पारी 224 रनों पर सिमट गई है,

इस मैच में ना स्टोक्स थे और वोक्स भी चोटिल होने की वजह से आगे गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे, फिर भी यह प्रदर्शन दिखाता है कि इंग्लैंड कितना तैयार है। अब जैसा पिच बर्ताव कर रही है उसको देखकर लग रहा है कि भारतीय गेंदबाज भी अगर पांच मीटर के करीब गें. दबाजी करेंगे तो उनको सफलता जरूर मिलेगी। अब देखना होगा कि भारतीय गेंदबाज कैसे जवाब देते हैं। भारत के कल के छह विकेट पर 204 रन से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में स्कोर में 14 रन का इजाफा हुआ था कि जॉश टंग ने करूण नायर 109 गेंदों में (57) को पगबाधा आउटकर भारत को सातवां झटका दिया। अगले ही ओवर में गस ऐटकिंसन ने वॉशिंगटन सुंदर (26) को अपना शिकार बना लिया। इसके बाद गस ऐटकिंसन ने मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को बिना खाता खोले पवेलियन भेज कर भारतीय पारी का 224 के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत ने अपने शेष चार विकेट आज मात्र 20 रन जोघ्कर गंवा दिए। इंग्लैंड की ओर से गस ऐटकिंसन ने 33 रन पर पांच और जॉश टंग ने 57 रन पर तीन विकेट लिए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### यूएई, पाक और अफगानिस्तान के बीच टी-20 त्रिकोणीय सीरीज 29 अगस्त से

कराची, वार्ता। पाकिस्तान इस महीने के अंत में 29 अगस्त से शारजाह में शुरू होने वाली टी20 अंतर्राष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला में अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ेगा। यह टूर्नामेंट सितंबर में एशिया कप से पहले होगा, क्योंकि उपमहाद्वीप की टीमें अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी कर रही हैं। शुरुआती मुकाबले में पाकिस्तान का सामना पिछले साल के टी20 विश्व कप सेमीफाइनलिस्ट अफगानिस्तान से होगा। तीनों टीमें दो-दो बार आमने-सामने होंगी, और शीर्ष दो टीमें 7 सितंबर को होने वाले फाइनल में पहुंचेंगी।

### एक रोमांचक नया अध्याय: 'शेर' के तहत हमारी खेल पहचानों का एकीकरण

मोहाली, वार्ता। हम अपनी खेल यात्रा में एक निर्णायक मील का पत्थर साझा करते हुए बेहद उत्साहित हैं क्योंकि पंजाब एफसी, हमारी हॉकी, टेनिस और गोल्फ अकादमियों के साथ, एक शक्तिशाली प्रतीक, 'शेर' के तहत एकजुट हुए हैं।

पंजाब की महान योद्धा भावना और शक्ति एवं वीरता के चिरस्थायी मूल्यों से प्रेरित, शेर प्रतिभाओं को निखारने और भविष्य के लिए तैयार एथलीटों को आकार देने के हमारे जुनून का प्रतिनिधित्व करता है। यह एकीकृत पहचान एथलीटों को प्रेरित करने, समुदायों को जोड़ने और पंजाब और भारत को खेल उत्कृष्टता की ओर ले जाने की हमारी प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है।

# पाक ने विंडीज को 14 रनों से हराया

**● सैम अयूब ने 58 रन बनाकर दो विकेट भी चटकाए**




लॉडरहिल, वार्ता। सैम अयूब (58 रन और दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 14 रनों से हरा दिया है।

इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए जॉनसन चार्ल्स और जेवेल एंड्रयू की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले पहले विकेट के लिए 72 रन जोड़े। 12वें ओवर में मोहम्मद नवाज ने जेवेल एंड्रयू 33 गेदों में (35) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसी ओवर की चौथी गेंद पर नवाज ने जॉनसन चार्ल्स (35) को और अगली ही गेंद पर गुडाकेश मोती (शून्य) भी अपना शिकार बनाकर वेस्टइंडीज को तिहरा झटका दिया। अगले ओवर में सैम अयूब ने कप्तान शाई होप (दो) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। शरफेन रदरफोर्ड (11) भी सैम अयूब का शिकार बने। रोमारियो शेफर्ड 12 रन बनाकर आउट हुये। एक समय वेस्टइंडीज ने 16-1 ओवर में 110 रन पर अपने सात विकेट गंवा दिए थे। ऐसे संकट के समय जेसन होल्डर और शमार जोसेफ की जोड़ी ने पारी को संभाला और आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन भी किया लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 164 रन ही बना सकी और 14 रन से मुकाबला हार गई। जेस होल्डर ने 12 गेंदों में चार छक्कों की मदद से नाबाद 30 रनों की पारी खेली। वहीं शमार जोसेफ ने 12 गेंदों में दो छक्के और एक चौका लगाते हुए नाबाद 21 रन बनाये। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने तीन और सैम अयूब ने दो विकेट लिए। शाहीन शाह अफरीदी और सुफियान मकीम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले वेस्टइंडीज ने गुरुवार रात खेले गये मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने सैम अयूब (58), हसन नवाज (24), फहीम अशरफ (15), साहिब. जादा फरहान (14) और कप्तान आगा सलमान (नाबाद 11) रनों की पारियों के सहयोग से निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 178 रनों का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से शमार जोसेफ ने तीन विकेट लिए।

# वोक्स ओवल टेस्ट से बाहर




**● वोक्स को भारत की पहली पारी के 57वें ओवर में क्षेत्ररक्षण करते समय लगी थी कंधे में चोट**

लंदन, वार्ता। क्रिस वोक्स ओवल में पहले दिन लगाए गए डाइव के दौरान अजीब तरह से जमीन पर गिरने के बाद अपने बाएं कंधे में चोट लगा बैठे जिसके बाद वह बाकी मैच से बाहर हो गए हैं।

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को दूसरे दिन के खेल से पहले एक बयान में कहा कि इस समय, इस चोट के कारण वह आगे टेस्ट मैच में भाग नहीं ले पाएंगे। वोक्स को भारत की पहली पारी के 57वें ओवर में क्षेत्ररक्षण करते समय चोट लगी थी। उन्होंने मिड-ऑफ से गेंद का पीछा किया और डाइव लगाकर गेंद को वापस रस्सियों के अंदर खींच लिया। लेकिन वह अजीब तरह से जमीन पर गिरे और तुरंत ही अपना बायां कंधा पकड़े हुए दिखाई दिए। इंग्लैंड, जो पहले से ही इस मैच में बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर की सेवाओं से वंचित है, के पास अब केवल तीन तेज गेंदबाज़ी विकल्प होंगे-जोश टंग, गस एटकिंसन और जेमी ओवरटन। लेकिन उन्होंने भारत को पहली पारी में 224 रन पर समेट दिया। वोक्स, जिन्होंने सभी पांचों टेस्ट मैचों में हिस्सा लिया है, पूरी सीरीज में इंग्लैंड के लिए एक बेहतरीन गें. दबाज़ रहे हैं। उन्होंने 181 ओवर फेंके - दोनों टीमों में किसी और से ज्यादा और 11 विकेट लिए।

# भारत के युवा मुक्केबाज अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना अभियान शुरू करेंगे

**● पहले दिन चार युवा एथलीट देश का प्रतिनिधित्व करेंगे**

नई दिल्ली, वार्ता। भारत की जूनियर मुक्केबाजी टीम आज बैंकॉक में अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जिसके पहले दिन चार युवा एथलीट देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, ये उभरते सितारे एशिया के कुछ सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने साहस और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। सुबह 9:30 बजे भारतीय समय पर निर्धारित सत्र में सुमन कुमारी का मुकाबला महिला लाइट फ्लाईवेट (48 किग्रा) वर्ग में चीनी ताइपे की मेंग-सिन चेंग से हुआ, जिसमें भारतीय मुक्केबाज विजयी रहीं। इसके अलावा, आकाश बधवार पुरुष फ्लाईवेट (50 किग्रा) वर्ग में लरग में उतरेंगे, जहां उनका सामना उज्बेकिस्तान के ओडिलशोह खलीमोव जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी से होगा। शाम के सत्र में भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे मुकाबला जारी रहेगा, जहां सारथी सैनी लाइट मिडिलवेट (70 किग्रा) वर्ग में चीन के हाओशेंग झांग से भिड़ेंगे। बाद में, लोकेश लाइट हैवीवेट (80 किग्रा) वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जहां उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान के नोरबेक अब्दुल्लाएव से होगा। ये मुक. ाबले चैंपियनशिप में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण शुरुआत हैं, जहां प्रत्येक एथलीट भविष्य के गौरव का वादा लेकर आया है।

## इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग ने सीजन 2 के कैलेंडर की तारीखों की पुष्टि की

मुंबई, वार्ता। इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग (आईएसआरएल) ने फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब्स ऑफ इंडिया (एफएमएससीआई ) के सहयोग से, सीजन 2 के रेसिंग कैलेंडर की आधिकारिक पुष्टि कर दी है, जिससे भारत के सबसे रोमांचक स्टेडियम-आधारित मोटरस्पोर्ट शो की वापसी हो रही है।

तीन राउंड में 30,000 से ज्यादा लाइव दर्शकों और 11-50 मिलियन से ज्यादा प्रसारण और डिजिटल दर्शकों के साथ रिकॉर्ड तोड़ पहले सीजन के बाद, आईएसआरएल देश भर के मोटरस्पोर्ट प्रेमियों के लिए एक बड़ा,ज्यादा साहसिक और ज्यादा इमर्सिव अनुभव प्रदान करने के लिए वापस आ गया है।

# कैप्टन्स कप 2025 में देश के बेहतरीन फाइटर्स करेंगे आमना-सामना

कोलकाता, वार्ता। जंग का मैदान तैयार है और देश के कोने-कोने से आए योद्धा भारत के सबसे रोमांचक मार्शल आर्ट्स टूर्नामेंट-चौथे ट्रान्ज़्एिंट कैप्टन्स कप 2025-के लिए कमर कस चुके हैं, जो 15 से 17 अगस्त तक सिल्वर पॉइंट स्कूल, कोलकाता में आयोजित होने जा रहा है। नेशनल कॉम्बैट स्पोर्ट्स फेडरेशन (एनसीएसएफ) द्वारा माइक्स मार्शल आर्ट्स के सहयोग से आयोजित इस संस्करण में इस बार पहले से कहीं अधिक ऊर्जा, प्रतिभा और दृढ़ निश्चय देखने को मिलेगा। मुंबई से असम, दाजि. लिंग से बैरकपुर तक, देशभर की 12 दमदार टीमें कोलकाता में एकत्र होंगी और किकबॉलक्सग, क्योकुशिन कराटे और ब्राजीलियन जिउ-जित्सु जैसी विविध कॉम्बैट शैलियों में मुकाबला करेंगी। भाग लेने वाले प्रमुख एकेडमी में शामिल हैं - कॉम्बैटन्ट स्पोर्ट्स अकादमी (मुंबई), अन्बुज कॉम्बैट(दार्जिलिंग), राइनो (असम), ग्लैडिएटर अकादमी (बैरकपुर)। वहीं, कोलकाता की ओर से माइक्स मार्शल आर्ट्स, अल्फा फिटनेस एंड सेल्फ डिफेंस, बैटलबोर्न वॉरियर स्पोर्ट्स, द कॉम्बैट जिम, क्रैटोज कॉम्बैट, फिटक्लब कॉम्बैट और ओयामा डोजो जैसे प्रतिष्ठित क्लब अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।

# भारतीय टीमों ने लंदन 2026 विश्व टेटे चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया

**● चार क्षेत्रीय चैंपियनों ने डब्ल्यूटीटीसी के लिए सीधे क्वालीफाई किया जो अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर के सबसे बड़े आयोजनों में से एक है**

कोलकाता, वार्ता। भारत की पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीमों ने काठमांडू के राष्ट्रीय टेबल टेनिस केंद्र में आयोजित 2025 दक्षिण एशिया क्षेत्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद, लंदन में 2026 विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीटीसी) के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। प्रत्येक लिंग के लिए केवल 16 प्रतिष्ठित एशियाई कोटा स्थान उपलब्ध होने के कारण, दांव बहुत ऊंचा था। मध्य एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया और पश्चिम एशिया के चार क्षेत्रीय चैंपियनों ने डब्ल्यूटीटीसी के लिए सीधे क्वालीफाई किया, जो अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर के सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक है। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने आज कहा कि भारतीय टीमों ने अपनी गहराई और दबदबे का प्रदर्शन करते हुए, अपनी जगह पक्की करने में कोई गलती नहीं की। दोनों भारतीय टीमें पांच देशों के राउंड-रॉबिन प्रारूप में अपराजित रहीं, जिससे दक्षिण एशियाई क्षेत्र में उनकी श्रेष्ठता और पुष्ट हुई। पुरुष टीम - जिसमें आकाश पाल, रोनित भांजा, अनिर्बान घोष, पी-बी- अभिनंद और दिव्यांश श्रीवास्तव शामिल थे - ने बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल और मालदीव को समान 3-0 से हराकर शानदार फॉर्म और रण नीतिक का परिचय दिया। इसी तरह, कृत्तिका, सेलेनादीप्ति, तनीषा, सयाली व सिंड्रेला के नेतृत्व वाली महिला टीम ने भी उतना ही प्रभावशाली प्रदर्शन किया।




# जसप्रीत बुमराह पांचवें टेस्ट के लिए टीम से रिलीज

लंदन, वार्ता। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम से रिलीज कर दिया गया है। श्रृंखला का पांचवां और अंतिम टेस्ट लंदन के केनिंग्टन ओवल में चल रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बुम. राह को उनके कार्य प्रबंधन को देखते हुए सीरीज के तीन टेस्टों में ही खेलाया गया। वह पहले, तीसरे और चौथे टेस्ट में ही खेले। पांचवें टेस्ट के लिए भारत की अपडेटेड टीम: शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेट कीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज, अर्शदीप सिंह, एन जगदीशन (विकेट कीपर)।

# एआईएफएफ ने बनाया खालिद जमील को भारतीय टीम का मुख्य कोच



**● एआईएफएफ के पुरुष कोच ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित खालिद जमील को बहुमत के आधार पर चुना**

नई दिल्ली, वार्ता। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति (ईसी) ने खालिद जमील को सीनियर पुरुष भारतीय राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है।

महासंघ की तकनीकी समिति (टीसी) की सिफारिश पर आज बुलाई गई वर्चुअल बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद खालिद जमील को सीनियर पुरुष भारतीय राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच बनाये जाने का फैसला लिया गया। बैठक में एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे, उपाध्यक्ष एनए हारिस, कोषाध्यक्ष किपा अजय, कार्यकारी और तकनीकी समितियों के सदस्यों, दोनों द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच बिमल घोष और अरमांडो कोलासो और ध्यानचंद पुरस्कार विजेता शब्बीर अली की उपस्थिति में, एआईएफएफ के तकनीकी निदेशक सैयद साबिर पाशा और राष्ट्रीय टीम के निदेशक सुब्रत पॉल ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के चयन के लिए खालिद जमील, स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन और स्टीफन टारकोविच के नामों का प्रस्ताव रखा। इस दौरान हुई चर्चा में सदस्यों ने तीनों नामों पर विचार करने के बाद लगातार दो बार (2023-24 और 2024-25) में एआईएफएफ के पुरुष कोच ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित खालिद जमील को बहुमत के आधार पर कोच बनाया गया। भारत को इस महीने के आखिर में सीएएफए नेशंस कप 2025 में भाग लेना है, जिसके बाद अक्टूबर में सिंगापुर के खिलाफ लगातार दो एएफसी एशियन कप फाइनल राउंड क्वालीफायर मैच खेलने हैं।

# लैंकशायर क्लब ने पाक फैन से माफी मांगी

मैनचेस्टर, वार्ता। लैंकशायर काउंटी क्लब ने मैनचेस्टर टेस्ट के अंतिम दिन एक फैन को पाकिस्तान टीम की जर्सी पहनने के कारण बाहर निकाले जाने की घटना के लिए माफी मांगी है।

फारूक नजर नामक इस फैन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें स्टेडियम का एक सुरक्षा कर्मी उन्हें पाकिस्तान की पारंपरिक वनडे जर्सी को हटाने को कह रहा था। जब नजर ने इससे इनकार किया, तो उन्हें पुलिस की मदद से स्टेडियम से बाहर कर दिया गया।

लैंकशायर की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सुरक्षा टीम और पुलिस अधिका. रियों द्वारा स्टेडियम छोड़ने को कहे जाने पर उस फैन ने स्टाफ के प्रति अनुचित व्यवहार किया। क्लब ने घटना के लिए खेद प्रकट किया और कहा कि वे भविष्य में ऐसी परिस्थितियों से निपटने की प्रक्रिया की समीक्षा करेगा। हालांकि, क्लब ने यह भी स्पष्ट किया कि इस निर्णय के पीछे एक दिन पहले की एक घटना थी, जब भारतीय और पाकिस्तानी फैंस के बीच झड़प की स्थिति बन गई। उस शनिवार को कुछ दर्शकों ने पाकिस्तान का राष्ट्रीय झंडा लहराया था, जिससे पास के भारतीय समर्थकों में असंतोष फैल गया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 2 अगस्त 2025

# टैरिफ के मायने

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर टैरिफ की घोषणा तब की है, जब भारत-अमरीका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत अंतिम चरण में है। अगस्त में अंतरिम समझौते के सामने आने की भी संभावनाएं हैं। बुनियादी पेंच कृषि, डेयरी, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, इलेक्ट्रिक वाहन, वाइन आदि को लेकर फंसा है। भारत अपने किसानों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों, उद्यमों के हितों के मद्देनजर यह क्षेत्र व्यापार के लिए पूरी तरह खोलना नहीं चाहता अथवा शुल्क को कम करने को भी तैयार नहीं है, लेकिन अमेरिका आमादा है कि उसे भी इन क्षेत्रों में कारोबार करने की अनुमति दी जाए।

अमेरिकी टैरिफ से भारत की अर्थव्यवस्था पर कितने और क्या प्रभाव पड़ेंगे, उसकी समीक्षा सरकार ने शुरू कर दी है। बहरहाल अमरीकी रुख में कई विरोधाभास रहते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप एक ओर भारत और प्रधानमंत्री मोदी को दोस्त और रणनीतिक साझेदार कहते नहीं थकते। दूसरी ओर व्यापार समझौते के विमर्श के बावजूद 25 फीसदी टैरिफ थोपने का बयान दिया है। आखिर भारत के लिए अमेरिका के किस किरदार को स्वीकार किया जाए? बीते वित्त वर्ष के दौरान दोनों देशों के बीच 131.84 अरब डॉलर का कारोबार किया गया।

अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2024-25 में भारत ने 7.51 लाख करोड़ रुपए का निर्यात किया और अमेरिका से 3.52 लाख करोड़ रुपए का आयात किया। भारत मुनाफे की स्थिति में है। दरअसल अमेरिका सबसे ज्यादा रूस के साथ भारत के तेल और हथियारों के व्यापार पर बहुत चिढ़ता है। राष्ट्रपति ट्रंप का बार-बार कहना है कि भारत के साथ अमेरिका का कारोबार कम हुआ है। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ लगाता है। अमेरिका उसे संतुलित करना चाहता है। भारत रूस से कच्चा तेल 15-20 डॉलर प्रति बैरल की छूट पर खरीदता है। नतीजतन 2023 में 10 अरब डॉलर की बचत हुई। 2024 में भारत ने करीब 43 फीसदी तेल रूस से खरीदा। रूस से ही हर साल 2-3 अरब डॉलर के रक्षा उपकरण भारत खरीदता है। बीते 10 साल में जरूरत का 70 फीसदी सामान रूस से ही खरीदा गया, जबकि 2008 के बाद अमेरिका से 24 अरब डॉलर के रक्षा-सौदे हुए।

बहरहाल अमेरिकी टैरिफ से भारत का निर्यात जरूर प्रभावित होगा। सबसे अधिक प्रभावित फार्मा क्षेत्र होगा, जो 8.1 अरब डॉलर का निर्यात करता है। अमेरिका 40 फीसदी जेनेरिक दवाएं भारत से ही लेता है। 2025 में निर्यात 85,000 करोड़ रुपए रहा। इसके अलावा, टेलीकॉम उपकरण, हीरे, रत्न, कीमती पत्थर, सोना और जेवरात, कपड़े, लोहा और इस्पात, ऑटो कंपोनेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, पेट्रो केमिकल, ऑर्गेनिक केमिकल आदि का अरबों डॉलर में निर्यात अमेरिका को किया जाता है। 2024-25 में भारत ने 86.51 अरब डॉलर का निर्यात किया और 45.33 अरब डॉलर का आयात अमेरिका से किया। विशेषज्ञों के आकलन हैं कि टैरिफ से निर्यात में 7 अरब डॉलर सालाना की गिरावट आ सकती है। भारतीय मुद्रा रुपया बुधवार को ही अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया।

## नई फुटवियर-लेदर नीति से मिलेगा प्रोत्साहन



सरकार फुटवियर, लेदर और नॉन-लेदर विनिर्माण के क्षेत्र को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में ठोस कदम उठाने के लिये तैयार है। उत्तर प्रदेश को इस क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने की अपार संभावनाएं हैं। राज्य के पारंपरिक कौशल, प्रशिक्षित श्रमबल, कच्चे माल की प्रचुरता और आगरा, कानपुर व उन्नाव जैसे सशक्त औद्योगिक केंद्रों की मौजूदगी को देखते हुए एक समग्र, व्यावहारिक और परिणामोन्मुखी नीति का निर्माण आवश्यक हो गया है। नीति में स्पष्ट रूप से यह परिभाषित किया जाए कि प्रदेश के कौन-से क्षेत्र इस उद्योग के लिए सबसे उपयुक्त हैं, यदि उत्पादन, डिज़ाइन, अनुसंधान और प्रशिक्षण को एकीकृत किया जाए तो यह क्षेत्र न केवल बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित कर सकता है, लाखों युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा सकता है। **योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी**

# एशिया की बिसात पर चीन की घेराबंदी, लंदन और तेल अवीव का बड़ा दांव





वाहिद नसीम

काकेशस से उठती चिंगारी और एशिया का सुलगता नक्शाजिस आग का धुआं काकेशस से उठ रहा है, उसकी चिंगारियां अब पूरे एशिया को भस्म करने की ओर हैं। अयातुल्ला खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार अली अकबर वेलायती की चेतावनी सिर्फ ईरान की चिंता नहीं, बल्कि एक भू-राजनीतिक रेड अलर्ट है। जंगेजुर गलियारा केवल एक भौगोलिक परियोजना नहीं, बल्कि प्रतिरोधी धुरी ईरान, रूस और चीन को तोड़ने की एक सोची-समझी योजना है, जिसके पीछे वॉशिंगटन की CIA, लंदन की MI6 और तेलअवीव के थिंक टैंक मिलकर चालें चल रहे हैं।

दक्षिण-पूर्व एशिया में पश्चिम की चालबाजी और चीन को यूक्रेन-रूस जैसे जाल में फंसाने की साजिश थाईलैंड और कंबोडिया की सीमाओं पर तनाव का खेल, म्यांमार में रंगीन क्रांति की पुनरावृत्ति की तैयारी और ताइवान को यूक्रेन की तरह प्रतिरोध की प्रयोगशाला बनाने की कवायद इसी बिसात का हिस्सा हैं।

ऑस्ट्रेलिया, जापान, भारत और दक्षिण कोरियाकृए सभी देश एक अघोषित एशियाई नेटो के सदस्य की तरह प्रयोग किए जा रहे हैं, लेकिन इस जाल का असली बुनकर कौन है? तेलअवीव और लंदन की पुरानी जोड़ी एक सदी पुरानी चाल की वापसी जिस तरह सौ साल पहले ऑटोमन साम्राज्य को तोड़ा गया था, आज वैसी ही कूटनीतिक शतरंज एशिया में बिछाई जा रही है। लंदन का MI6 और तेल अवीव की सैन्य लॉबी चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव BRI को रो. कने के लिए सीमा-रेखाओं को युद्ध क्षेत्र में बदलने की कोशिश कर रही हैं और बदल भी रही हैं। हर समुद्री रूट, हर कूटनीतिक शिखर सम्मेलन, एक नया मोर्चा बनाने की के सडयंत्र जारी है।

**यूरोप की जर्जर होती सैन्य और ऊर्जा रीढ़**

यूक्रेन युद्ध ने यूरोप की सामरिक और आर्थिक रीढ़ की कमजोरियां उजागर कर दी हैं। अमेरिका और यूरोप द्वारा भेजे गए हथियारों की रूस द्वारा तबाही, यूरोपीय हथियार भंडारों के घटते शस्त्रागार, कारखानों की डिमांड पूरी ना कर पाने की स्थिति और ऊर्जा आपूर्ति में रूसी कटौती ने पश्चिमी देशों को गहरे संकट में डाल दिया है। महंगाई बेलगाम है, जनमानस असंतुष्ट है और राजनीतिक स्थिरता अब एक सपना बनती जा रही है। इस बीच, नाटो की रणनीतियां खोखली गीदड़ भबकी साबित होती जा रही हैं।

**भारत की डगमगाती विदेश नीति और घरेलू दुविधा**

भारत की डगमगाती विदेश नीति और घरेलू दुविधा भारत इस भूचाल के बीच वसुधैव कुटुम्बकम की बात करता है, लेकिन उसकी पश्चिम-प्रस्त विदेश नीति और घरेलू राजनीतिक प्राथमिकताओं के बीच तालमेल अब दूर की कोड़ी बन चूका है। पश्चिम से सामरिक करीबी का चुनावी लाभ और निर्यात निर्भरता दूसरी ओर रूस-चीन से किफायती संसाधनों पर निर्भरता ने भारत को एक असमंजस की स्थिति में ला खड़ा किया है। ट्रंप की धमकियों और चीन की सतर्क निगाहों के बीच भारत की सामरिक निष्पक्षता की नीति अब भारी दबाव में दिखाई देने लगी है।

**ट्रंप 2.0-विश्व नेतृत्व नहीं, वैश्विक अस्थिरता का इंजीनियर**

ट्रंप की भू-आर्थिक रणनीति का केंद्र अब यूरोप नहीं, बल्कि ब्राजील, भारत और ैम्छ देशों पर है। ब्रिक्स को कमजोर करना और रूस-चीन को अलग-थलग करना अमेरिका की प्राथमिकता है। लेकिन यह रणनीति अब खुद अमेरिका के लिए ही उलझन बनती जा रही है। Mi6 CIA और तेलअवीव द्वारा पालपोस कर तैयार किए गए घोड़े बग्गी में जुड़ने की स्तिथि खो चुके हैं।

**भारत की उधार की अर्थव्यवस्था**

भारत ने कोई वैकल्पिक अर्थव्यवस्था की तैयारी नहीं की? रूस से भारत को सस्ता तेल मिल रहा है, चीन से सस्ता अर्ध-तैयार माल। यह गठजोड़ भारत की घरेलू मांग और निर्यात की रीढ़ बन चुका है। लेकिन यह सिर्फ आर्थिक समीकरण नहीं, बल्कि अस्थाई राहत मात्र है जो डोमेस्टिक राजनी. ति में विपक्ष को चुनावी जवाब तो हो सकता है मगर भारत की आत्मनिर्भरता के लिए बहुत बड़ा छलावा भी है जो दूरगामी आर्थिक निति के विकल्प कम कर सकता है। चीन के आगे झुकने को मजबूर कर सकता है। पिछले 11 वर्षों में रूस ने बार-बार अनुभव किया है कि भारत का झुकाव पश्चिम की ओर है और पूर्व की तरह सशक्त नहीं बल्कि अवसरवादी हो चला है। परिणामस्वरूप, वह चीन के साथ मिलकर अपने दुसरे सहयोगियों को हाई-स्पीड हाइपरसोनिक हथियार दे रहा है, जो युद्ध की तैयारी से अधिक एक मनोवैज्ञानिक संकेत है कि 'हम अब पश्चिम की भाषा में जवाब देंगे।'

**बिखरती पश्चिमी बिसात और उलझे हुए सहयोगी**

पश्चिम द्वारा बिछाई गई बिसात अब स्वयं में ही उलझती जा रही है। पारंपरिक सहयोगीकृजैसे फ्रांस, जर्मनी और इटली, अब आर्थिक और सैन्य रूप से थक चुके हैं। वे अपने निर्णयों में ही सहमति असहमती के खेल में फस चुके हैं और नीतियों में दिशाहीन दिखाई देने लगे हैं और नए रणनीतिक साझेदार जैसे भारत ताइवान भी घरेलु राजनितिक रोड मेप सत्ता की मजबूती वाली धार्मिक जंजीर की कड़ियों के टांके। ऐसा प्रतीत होता है कि जिस अवसर्वदिता को पश्चिम ने वैश्विक व्यवस्था कहा था, वही अब अपने ही वजन से चरमराने लगी है। सभ्यताओं के भविष्य की रणभूमि अब एशिया की बिसात केवल शक्ति संतुलन की लड़ाई नहीं, बल्कि सभ्यताओं के भविष्य का रण बन चुकी है। भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती है, जिसे गंभीरता से समझे बिना रास्ते और जटिल हो सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्व की राजनी. तिक कुटनीतिक मामलों पर गहरी और बारिक पकड़ रखते हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

**कुछ योग आसन आपके दिल को फिर से खोलने में मदद कर सकते हैं। जैसे ऊंट मुद्रा, सेतु बंध मुद्रा और भुजंग मुद्रा। यह आसन आपकी छाती को खोलते हैं और मन की भावनाओं को बाहर निक. ालने में मदद करते हैं। सूर्य नमस्कार से शुरुआत करें और फिर दोनों हाथों को दिल के पास श्अंजलि मुद्राश में जोडें और कुछ गहरी सांसें लें। इससे आपके अंदर शांति और ऊर्जा दोनों आएगी। प्रकृति से जुड़ने के लिए पहाड़ों पर घुम कर आएं प्रकृति में बहुत शक्ति है। हरेभरे पेड, ठंडी हवा, बारिश की बूंदें और पक्षियों की आवाज, ए सब दिल को सुकून देते हैं। रोज कुछ समय बाहर बिताएं। टहलते हुए तीन गहरी सांसें लें और महसूस करें कि हर सांस के साथ हरा रंग आपके दिल में भर रहा है। यह छोटा सा अभ्यास भी आप में जीने की इच्छा जगा देगा।**

# ब्रेकअप से टूट गए, फिर से खुद को संभालें

ब्रेकअप का दर्द असहनीय हो सकता है, ऐसा लगता है जैसे जिंदगी थम सी गई हो और आगे बढने की सारी उम्मीदें खत्म हो गई हों। यह सच है कि किसी खास इंसान का जाना एक गहरा जख्म दे जाता है, लेकिन याद रखें, एक व्यक्ति के चले जाने से आपकी पूरी जिंदगी खत्म नहीं होती। जैसे हर इंसान एक नए मौके का हकदार होता है, वैसे ही आप भी एक नई शुरुआत के काबिल हैं। ब्रेकअप के बाद आगे बढना मुश्किल जरूर है, लेकिन नामुमकिन नहीं। आइए जानते हैं कि कैसे आप खुद को टूटे हुए रिश्ते की अंधेरी गलियों से बाहर निकालकर फिर से रोशनी की ओर ले जा सकते हैं।



1. **स्वीकार करें कि आप टूट चुके हैं और खुद को ठीक करने की कोशिश करें**

दिल टूटना आसान नहीं होता। पहला कदम है अपनी भावनाओं को स्वीकार करना और कहना, श्हां, मुझे दुख हुआ है।श कभीकभी हम अपना दर्द छिपा लेते हैं, लेकिन इससे वह और गहरा हो जाता है। यह जरूरी है कि आप जो महसूस कर रहे हैं, उसे महसूस करें, चाहे वह उदासी हो, गुस्सा हो या उलझन। रोने का दिल करें तो रोएं, दिल में जो भी चल रहा है उसे लिखें, लेकिन खुद से झूठ न बोलें। दर्द को स्वीकार करना ही असली हिम्मत है और ठीक होने की शुरुआत है।

2. **खुद को दोष देने की बजाय खुद से प्यार करें**

ब्रेकअप के बाद, हमारे मन में अक्सर सवाल आते हैं कि क्या मैंने कोई गलती की?, क्या मैं काफी अच्छा नहीं था? ऐसे विचार आपको और भी ज्यादा दुखी कर सकते हैं। इसके बजाय, सोचें कि अगर आपका कोई करीबी दोस्त इस दौर से गुजर रहा होता, तो आप क्या कहते। अब खुद से भी यही बातें कहें। प्यार में कुछ गलत हुआ, यह आपकी गलती नहीं है। खुद को कोसना बंद करें, खुद के प्रति दयालु बनें और धीरेधीरे फिर से मुस्कुराना सीखें।

3. **खुद से फिर से प्यार करना शुरू करें**

ब्रेकअप के बाद जिंदगी बिखर सकती है, लेकिन यही वो समय है जब आप अपने लिए खडे हो सकते हैं। खुद से जुडें, ऐसे काम करें जिनसे आपको अच्छा महसूस हो, चाहे वो किताब पढना हो, टहलने जाना हो, या अकेले में चाय पीना ही क्यों न हो। याद रखें, जब तक आप खुद से प्यार नहीं करेंगे, आप किसी और से भी ठीक से प्यार नहीं कर पाएंगे।

4. **समझें कि अपने दिल की बात कहना कोई कमजोरी नहीं है**

अपनी भावनाओं को दबाना अच्छा विचार नहीं है। इससे आपका दिल भारी हो जाता है और धीरे-धीरे आपकी ऊर्जा खत्म हो जाती है। अगर बोलना, लिखना, गाना या चिल्लाना मुश्किल हो रहा है तो अपनी भावनाओं को रचनात्मक तरीकों से व्यक्त करें। आप चित्रकारी, संगीत, नृत्य या डायरी लिखने का सहारा ले सकते हैं। रोजाना बस 10 मिनट निकालकर जो भी आपके मन में आए उसे महसूस करें, यह खुद से प्यार करने का एक तरीका है।

5. **माफ करें और दिल का बोझ हल्का करने की कोशिश करें**

किसी को माफ करना मुश्किल है, लेकिन जरूरी भी है। दूसरों को माफ करने का मतलब खुद को हल्का करना और अपने दिल का बोझ उतारना है। अगर आप माफ नहीं करते, तो आपके अंदर ही अंदर गुस्सा और उदासी जमा हो जाती है, जो आपको आगे बढने से रोक सकती है।

आपके दिल को फिर से प्यार की जरूरत है, इसीलिए आगे बढ़ने से पहले उसे पुराने दर्द से आजाद करना जरूरी है। नए रिश्तों को धीरेधीरे अपनाएं, जल्दबाजी न करें। सही लोग सही समय पर मिल जाएंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# चीन पर काफी निर्भर है देश का इलेक्ट्रॉनिक उद्योग

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, और इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग का एक महत्वपूर्ण योगदान है। लेकिन यह उद्योग पूरी तरह से आत्मनिर्भर नहीं है। भारत में कई ऐसे इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद हैं जिन्हें देश में बनाया नहीं जाता बल्कि केवल असेंबल किया जाता है। इनमें प्रमुख रूप से मोबाइल फोन, टेलीविजन, लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्टवॉच, इयरबड्स, होम अप्लायंसेज और अन्य स्मार्ट डिवाइसेज शामिल हैं। ये उत्पाद मुख्यत: चीन से आयात किए जाते हैं, और भारतीय कंपनियां या फैक्ट्रियां इन्हें स्थानीय स्तर पर केवल असेंबल करती हैं। भारत सरकार ने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है, लेकिन कुछ उत्पादों और तकनीकों के मामले में देश अब भी चीन पर निर्भर है, और इनका घरेलू निर्माण व्यवहारिक या आर्थिक रूप से अभी संभव नहीं हो पाया है।

मोबाइल फोन निर्माण भारत में सबसे तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है। भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल बाजार है, लेकिन इसकी बड़ी मात्रा चीन से आयातित पार्ट्स पर निर्भर है। Xiaomi, Realme, Oppo, Vivo और OnePlus जैसी कंपनियां भारतीय बाजार में अग्रणी हैं। इन कंपनियों के अधिकांश पार्ट्स जैसे कि डिस्प्ले पैनल, कैमरा मॉड्यूल, चिपसेट, बैटरी, प्रिंटेड सर्किट बोर्ड और अन्य मुख्य घटक चीन या ताइवान से आते हैं। भारत में Foxconn] Dixon Technologies और Lava जैसी कंपनियां असेंबली का कार्य करती हैं, लेकिन उनके पास पूरी तरह से एंड-टू-एंड मैन्युफैक्चरिंग की तकनीक या क्षमता नहीं है। उदाहरणस्वरूप, Apple ने अपने कुछ iPhone मॉडल्स की असेंबली भारत में शुरू की है, लेकिन उनके मुख्य घटक चीन, जापान और कोरिया से आते हैं। Apple की सप्लाई चेन का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा अब भी चीन और एशियाई देशों से जुड़ा हुआ है। भारत की असेंबली यूनिट्स जैसे Foxconn (चेन्नई), Pegatron और Wistron केवल आईफोन का बाहरी ढांचा बनाते हैं, लेकिन उनका प्रोसेसर या OLED डिस्प्ले जैसी एडवांस टेक्नोलॉजी चीन में ही बनती है। यही स्थिति Xiaomi, Realme और Vivo के स्मार्टफोन के साथ भी है।

टेलीविजन सेक्टर में भी भारत की निर्भरता चीन पर बनी हुई है। भारत में LG, Sony, Samsung, Xiaomi, OnePlus और TCL जैसे ब्रांड प्रमुख हैं। भारत में जो टीवी असेंबल किए जाते हैं, वे आमतौर पर चीन, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड से आयात किए गए पार्ट्स पर आधारित होते हैं। खासकर पैनल जो टीवी की सबसे महंगी और तकनीकी रूप से जटिल इकाई होती है, वह अधिकतर BOE, CSOT और LG Display जैसी कंपनियों द्वारा चीन या कोरिया में निर्मित की जाती है। भारत में टेलीविजन असेंबली यूनिट्स को केवल पैनल, बॉडी, मदरबोर्ड और अन्य हिस्सों को जोड़कर तैयार प्रोडक्ट बनाना होता है। भारत में पैनल बनाने की कोई मेजर फैक्ट्री नहीं है। IHS Markit की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में बेचे जाने वाले 94 प्रतिशत टीवी पैनल विदेशों से आते हैं, जिनमें से 70 प्रतिशत केवल चीन से आयात होते हैं। इसलिए पैनल निर्माण जैसी अत्याधुनिक तकनीक के लिए भारत को लंबे समय तक विदेशी सप्लायर्स पर निर्भर रहना होगा।

इसी तरह से लैपटॉप और टैबलेट जैसे प्रोडक्ट्स में भी भारत की स्थिति लगभग वैसी ही है। Dell, HP, Lenovo, Acer, Asus और Apple जैसे ब्रांड भारत में अपनी असेंबली यूनिट्स चलाते हैं, लेकिन चिपसेट Intel, AMD, Apple Silicon, SSD, मदरबोर्ड, स्क्रीन और बैटरी जैसे घटक चीन, ताइवान और दक्षिण कोरिया से आते हैं। भारत सरकार ने 2023 में IT हार्डवेयर PLI योजना Production Linked Incentive लागू की थी ताकि देश में लैपटॉप और पीसी के निर्माण को प्रोत्साहित किया जा सके, लेकिन अभी यह प्रारंभिक चरण में है। HP और Lenovo जैसी कंपनियों ने भारत में असेंबली की सुविधा शुरू की है, लेकिन उनका निर्भरता आयातित हिस्सों पर बनी हुई है। भारत की सेमीकंडक्टर निर्माण की तकनीक और इकोसिस्टम अब तक विकसित नहीं हो पाया है। गुजरात और उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर फैब की योजनाएं बनाई गई हैं लेकिन वे 2026 से पहले चालू होने की संभावना नहीं है। स्मार्टवॉच, फिटनेस बैंड और TWS -True Wireless Stereo ईयरबड्स जैसे वियरेबल्स भी भारत में बड़े स्तर पर बिकते हैं लेकिन इनमें से अधिक. ांश का निर्माण चीन और वियतनाम में होता है। Boat, Noise, Fire Boltt जैसी भारतीय ब्रांड्स भी अपने प्रोडक्ट्स चीन से इम्पोर्ट कर भारत में असेंबल करती हैं। इन डिवाइसेज में इस्तेमाल होने वाली ब्लूटूथ चिप्स, सेंसर्स, बैटरी और ड्राइवर यूनिट्स चीन से आती हैं और भारत में केवल केसिंग और पैकेजिंग होती है। IDC की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2023 की चौथी तिमाही में बिके 84 प्रतिशत TWS ईयरबड्स चीन से आयातित घटकों पर आधारित थे। सस्ता उत्पादन, परिपक्व आपूर्ति श्रंखला और तकनीकी दक्षता चीन को इस उद्योग में अत्यंत प्रतिस्पर्धी बनाते हैं। भारत अभी इस स्तर की दक्षता और संसाधन विकसित नहीं कर पाया है जिससे वह पूरी तरह से स्वदेशी वियरेबल्स बना सके।

होम अप्लायंसेज जैसे रेफ्जिरेटर, वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव ओवन, एयर कंडीशनर आदि में भारत की कुछ स्वदेशी निर्माण क्षमताएं विकसित हुई हैं, लेकिन तकनीकी और विशेषीकृत पार्ट्स जैसे कि कंप्रेसर, मोटर, PCB यूनिट्स और सेंसर चीन और कोरिया से आते हैं। Voltas, Whirlpool, Samsung, LG और Haier जैसी कंपनियां भारत में असेंबली प्लांट्स चला रही हैं लेकिन पूरी मैन्युफैक्चरिंग केवल कुछ बुनियादी मॉडलों तक सीमित है। उदाहरण के लिए, Voltas अपने एयर कंडीशनर के कंप्रेसर को अभी भी थर्ड पार्टी सप्लायरों से लेती है जो अधिकतर चीन में हैं। Whirlpool और Haier की भी ऐसी ही स्थितियां हैं।

इसके अतिरिक्त, इलेक्ट्रॉनिक घटकों जैसे कि डायोड्स, कैपेसिटर्स, रेसिस्टर्स, कनेक्टर्स और SMD Surface Mount Devices कंपोनेंट्स का भी भारी मात्रा में आयात होता है। भारत में इनकी मैन्युफैक्चरिंग अब तक सीमित है। ELCINA-Electronic Industries Association of India के अनुसार, भारत का कुल इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट आयात 2022-23 में लगभग 32 बिलियन डॉलर था, जिसमें से 45 प्रतिशत से अधिक केवल चीन से आयातित था। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारत अभी भी मूलभूत इलेक्ट्रॉनिक सामग्रियों के निर्माण में पिछड़ा हुआ है।

कुछ भारतीय कंपनियां जैसे Dixon Technologies, Lava, Optiemus, Syrma SGS और Bharat FIH असेंबली में दक्ष हैं और भारत में बड़े पैमाने पर उत्पादन करती हैं। Dixon Technologies us Samsung, Motorola, Xiaomi और OnePlus के लिए मोबाइल असेंबली का काम किया है। Lava ने कुछ स्तर पर अपना मोबाइल डिजाइन करना शुरू किया है, लेकिन वह भी चीन से आयातित पार्ट्स पर निर्भर है। Optiemus और Syrma SGS भी असेंबली पर केंद्रित हैं और उनके पास अभी डिजाइन और रॉ मटेरियल निर्माण की क्षमताएं नहीं हैं। भारत को जिन उत्पादों के लिए केवल असेंबली पर ध्यान देना चाहिए, वे वे उत्पाद हैं जिनमें अत्यधिक उच्च तकनीकी जटिलता, भारी पूंजी निवेश, व्यापक सप्लाई चेन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता होती है। उदाहरणस्वरूप, स्मार्टफोन के प्रोसेसर, हाई-एंड ग्राफिक्स कार्ड, OLED डिस्प्ले, सेमीकंडक्टर चिप्स, टीवी पैनल, SSD ड्राइव्स, डिवाइस सेंसर्स, और मिनिएचर बैटरी यूनिट्स। इन सभी में चीन की तकनीकी क्षमता व लागत-प्रभाविता भारत से बहुत आगे है। **-एम. इमरान**

# गाजा में इजरायल का कातिलाना तांडव, 175 फलस्तीनियों की हत्या

## नौ सीरियाई व एक लेबनानी मीडियाकर्मी को भी मार डाला




**गाजा।** गाजा पट्टी पर इज़राइली हवाई हमलों, बमबारी, स्नाइपर्स और सैन्य कार्रवाई में कम से कम 175 फलस्तीनी, नौ सीरियाई और एक लेबनानी मीडियाकर्मी मारे गए हैं। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट (आईएफजे) ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि इस दौरान और कई लोगों पर हमला किया गया है और उन्हें मनमाने ढंग से हिरासत में लिया गया।

इसके अलावा इन हमलों में कई मीडियाकर्मी घायल हो गए या विकलांग हो गए हैं। लापता मीडियाकर्मियों की संख्या भी अच्छी खासी है। बयान में कहा गया है कि उक्त घटनाएं गत सात अक्टूबर, 2023 से अब तक की है। गत 25 जुलाई को अल-कुद्स टीवी और अल-कुद्स टुडे टीवी के लिए काम करने वाले फ़ोटो पत्रकार एडम अबू हरबिंद की गाजा शहर में उनके परिवार के तंबू पर इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई। गत 24 जुलाई को आईएफजे ने इज़राइली सरकार द्वारा गाजा की आबादी के खिलाफ़ भुखमरी को एक हथियार के रूप

**■ इस दौरान और कई लोगों पर हमला किया गया और उन्हें मनमाने ढंग से हिरासत में लिया गया**

में जानबूझकर इस्तेमाल करने की निंदा की। भुखमरी में पत्रकार भी शामिल हैं जो इज़राइल द्वारा विदेशी मीडिया पर प्रतिबंध के बीच एकमात्र गवाह बने हुए हैं। चार प्रमुख समाचार एजेंसियों, एजेंस फ्रांस प्रेसे (एएफपी), एसोसिएटेड प्रेस (एपी), रॉयटर्स और बीबीसी ने चेतावनी दी है कि स्थानीय पत्रकार भुखमरी का सामना कर रहे हैं और तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने कहा कि 21 महीने से चल रहे युद्ध को कवर करने वाले फीलांसर उन्हीं विकट परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं, जिन्हें वे कवर कर रहे हैं। उन्हें न तो बहुत कम भोजन मिल रहा है और साफ पानी का भी इंतजाम नहीं है। एएफपी ने इज़राइल से गाजा स्थित अपने पत्रकारों और उनके परिवारों को निकालने की अनुमति देने का आह्वान किया है। इज़राइल ने अक्टूबर 2023 से विदेशी पत्रकारों के गाजा में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है।

### इजरायल ने दक्षिण लेबनान में हिजबुल्लाह के हथियार उत्पादन केंद्रों को निशाना बनाया

**बेरूत/यरूशलम।** इज़रायल के युद्धक विमानों ने गुरुवार को पूर्वी और दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों में लेबनानी समूह हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाकर गहन हवाई हमले किए। लेबनान के आधिकारिक मीडिया और एक सैन्य सूत्र ने यह जानकारी दी। लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी के अनुसार इज़रायल के हवाई हमलों की एक श्रृंखला ने पूर्वी लेबनान के बेका क्षेत्र में पूर्वी पर्वत श्रृंखला और दक्षिणी लेबनान के भीतरी इलाकों में विस्तृत क्षेत्रों को निशाना बनाया। लेबनानी सेना की खुफिया एजेंसी के एक सूत्र ने बताया कि इजरायल के युद्धक विमानों ने पूरे क्षेत्र में आधे घंटे से भी कम समय में 18 हवाई हमले किए, जिनमें हिजबुल्लाह के उन ठिकानों को निशाना बनाया गया जो पिछले हमलों में नष्ट हो चुके थे।

# कमला हैरिस ने राजनीति को अलविदा कहने का बनाया मन

### कहा: देश का पॉलिटिकल सिस्टम टूट गया



**वॉशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने राजनीति छोड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने द लेट शो विद स्टीफन कोलबर्ट में इंटरव्यू में कहा कि वह अब किसी भी राजनीतिक पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगी, जिसमें कैलिफोर्निया के गवर्नर का पद भी शामिल है।

हैरिस ने कहा कि अमेरिका का पॉलिटिकल सिस्टम टूट चुका है और मैं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने लिए मजबूत नहीं हूं। कैलिफोर्निया की गवर्नर रह चुकी हैरिस ने कहा कि उन्होंने अपने पूरे करियर में जनता की सेवा की है। उन्होंने कहा कि मैंने गवर्नर बनने के बारे में बहुत सोचा। मुझे अपने राज्य कैलिफोर्निया से प्यार है, लेकिन अब मुझे लगता है कि मेरी सिस्टम में बदलाव लाने की क्षमता घट गई है। टीवी होस्ट ने हैरिस से कहा कि आप जैसी इतनी काबिल शख्सियत का यह कहना कि सिस्टम टूट गया है, ये चिंताजनक है। हैरिस ने यह भी बताया कि वह अब देशभर में घूमकर लोगों से बात करना चाहती हैं, लेकिन वोट मांगने के लिए नहीं, बल्कि उनकी बात सुनने के लिए। उनकी नई किताब 107 डेज 23 सितंबर को रिलीज होने वाली है। जिसमें उन्होंने अपनी 107 दिन के राष्ट्रपति चुनाव कैंपेन के अनुभवों का जिक्र किया है। हैरिस से पूछा गया कि उन 107 दिनों में सबसे ज्यादा क्या हैरान करने वाला था, हैरिस ने कहा, हर रात मैं प्रार्थना करती थी कि मैंने आज अपने पूरे सामर्थ्य के साथ सबकुछ किया हो। कमला हैरिस को 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ हार मिली थी।

## संक्षिप्त समाचार

### लगातार पांचवीं बार सस्ता हुआ वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने होटल-रेस्त्रां आदि में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर के दाम शुक्रवार से कम कर दिए। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल की बेवसाइट के अनुसार, दिल्ली में आज से 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर 1631.50 रुपये का हो गया है। पिछले महीने इसकी कीमत 1665 रुपये थी। इस प्रकार यह 33.50 रुपये सस्ता हुआ है। इस साल मार्च के बाद से लगातार पांचवीं बार वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम कम किए गए हैं।

### यूक्रेन में रूसी हमले में मरने वालों की संख्या 28 हुई

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों में तीन बच्चों सहित मृतकों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन की राज्य आपातकालीन सेवा ने बताया कि गुरुवार को हुए हमले में 159 लोग घायल भी हुए हैं। सबसे ज़्यादा नुकसान स्वियातोशिस्की जिले में हुआ, जहां एक नौ मंजिला इमारत का एक हिस्सा ढह कर नष्ट हो गया। घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

### 'मन्नू क्या करेगा' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'मन्नू क्या करेगा' का टीज़र अब रिलीज़ हो गया है। फिल्म मन्नू क्या करेगा का निर्देशन संजय त्रिपाठी ने किया है। इस फिल्म को शरद मेहरा ने क्यूरियस आइज़ सिनेमा के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म हिंदी सिनेमा में व्योम और साची बिंद्रा की पहली फिल्म है, जो इंडस्ट्री की सबसे ताज़ा जोड़ी के रूप में दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार हैं।

### मोदी, अमित शाह असम का करेंगे दौरा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आठ सितम्बर को और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 29 अगस्त को राज्य की कई प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के लिए राज्य का दौरा करेंगे। सरमा ने यहां लोक सेवा भवन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नुमालीगढ़ में करीब 4,000 करोड़ रुपये की लागत से बनी दूसरी पीढ़ी की बांस से इथेनॉल बनाने वाली परियोजना का उद्घाटन करेंगे।

# पहली बार हिमालय के बादलों में मिली जहरीली धातुएं

## ये धातुएं गंभीर बीमारी का बन सकती हैं कारण

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों ने पहली बार पूर्वी हिमालय और पश्चिमी घाट के पर्वतीय इलाकों के बादलों में जहरीली भारी धातुओं का पता लगाया है जो कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का कारण बन सकती हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत स्वायत्त संस्थान बोस इंस्टीट्यूट ने मानसून के आगमन के दौरान पूर्वी हिमालय और पश्चिमी घाट में असंघनित बादलों में जहरीली धातुओं की मौजूदगी पाई है।

उन्होंने पाया कि कभी सबसे स्वच्छ पानी का स्रोत माने जाने वाले ये बादल प्रदूषित निचले इलाकों से अपने साथ विषैली भारी धातु भी लेकर आते हैं और धरती के सबसे ऊँचे तथा भंगुर पारिस्थितिकियों तक पहुंचाते हैं।

**■ जहरीली धातुओं से देश में व्यस्कों की तुलना में बच्चों को 30% अधिक खतरा**

विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह खोज न सिर्फ पहाड़ों की साफ बारिश के मिथक को तोड़ती है, बल्कि कैंसर और बच्चों में विसंगतियों के विकास के प्रति चिंता भी पैदा करती है। बोस इंस्टीट्यूट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सनत कुमार दास के नेतृत्व वाली वैज्ञानिकों की टीम ने बताया कि पूर्वी हिमालय में प्रदूषण का स्तर 1.5 प्रतिशत बढ़ गया है। इसका कारण निचले इलाकों में वाहनों उद्योगों से निकलने वाले कैडमियम, तांबा और जिंक जैसी धातुओं की मात्रा में 40 से 60 प्रतिशत की वृद्धि है। ये कैंसर का कारण बन सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि असंघनित बादलों में मौजूद ये धातु सीधे सांसे के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश करती हैं। इन जहरीली धातुओं से देश में व्यस्कों की तुलना में बच्चों को 30 प्रतिशत अधिक खतरा है। इनसे कैंसर के अलावा दूसरी बीमारियां भी हो सकती हैं। टीम ने यह भी पाया कि बादलों में घुले हुए क्रोमियम साँस के जरिये लेने से कैंसर का कारण बनने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। इन बादलों में कैडमियम, क्रोमियम, तांबा और जिंक की ऊंची मात्रा पाई गई है जिसका कारण वाहनों और उद्योगों से निकलने वाला प्रदूषण है।

### जापान ने फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से शोधित जल की निकासी फिर शुरू की

**टोक्यो।** जापान ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को बताया है कि सुनामी के खतरे के कारण फुकुशिमा-1 परमाणु ऊर्जा संयंत्र से रोके गए शोधित रेडियोधर्मी जल को शुक्रवार से फिर से समुद्र में छोड़ना शुरू कर दिया गया है। आईएईए ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार जापान के फुकुशिमा-1 परमाणु ऊर्जा संयंत्र में एएलपीएस प्रणाली द्वारा शोधित जल की निकासी रोक दिया गया है। आईएईए ने एक्स पर कहा कि जापान ने आईएईए को बताया है कि फुकुशिमा दाइची परमाणु ऊर्जा स्टेशन के तट से एएलपीएस द्वारा शोधित जल की निकासी आज फिर से शुरू हो गई है। गौरतलब है कि बुधवार को रूस के कामचटका प्रायद्वीप के तट पर रिक्टर पैमाने पर 8.8 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।




नई दिल्ली। मानसून सत्र के दौरान संसद के बाहर SIR के विरोध में प्रदर्शन करते विपक्षी सांसद।

### जोमार्ट तोकायेव के निमंत्रण पर तीन अगस्त को कजाकिस्तान आएंगे गुटेरेस

**अल्माटी।** कज़ाखस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकायेव के निमंत्रण पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस तीन अगस्त को यहां आएंगे। राष्ट्रपति कार्यालय ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि तीन अगस्त को, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस राष्ट्रपति तोकायेव के निमंत्रण पर कज़ाखस्तान का दौरा करेंगे। राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार दोनों नेता अल्माटी में वार्ता करेंगे और 2025 में संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव द्वारा स्थापित पश्चिम एशिया और अफगानिस्तान के लिए सतत विकास लक्ष्यों के वास्ते स्थापित संरा के क्षेत्रीय केंद्र जाएंगे। गुटेरेस ने इससे पहले 2024 में संरा कार्यालय पहुंचे थे।

## चीन ने यूक्रेन संकट पर अमेरिकी आरोपों को किया खारिज

**संयुक्त राष्ट्र।** चीन ने कहा है कि न तो यूक्रेन संकट उसने शुरू किया और न ही वह इसमें शामिल है। उसने किसी भी पक्ष को कभी भी घातक हथियार नहीं दिए और उसने ड्रोन सहित दोहरे इस्तेवाल वाली चीजों के निर्यात पर कड़ा नियंत्रण रखा है।

संयुक्त राष्ट्र (संरा) में चीनी राजदूत ने अमेरिकी आरोपों के जवाब में यह बात कही। इससे पहले सुरक्षा परिषद की बैठक मेंअमेरिकी प्रतिनिधि ने कहा कि चीन इस युद्ध का 'सबसे महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता' है। इसके जवाब में, संरा में चीन के उप-स्थाई प्रतिनिधि गेंग शुआंग ने अमेरिका के चीन के खिलाफ लगाए इन आरोपों को झूठा, अपमानजनक और पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया। शुआंग ने कहा कि संघर्ष के पक्ष सुरक्षा परिषद के प्रतिबंधों के अधीन नहीं हैं। चीन के रूस और यूक्रेन के साथ सामान्य व्यापारिक संबंध हैं। ऐसा करके, वह अंतर्राष्ट्रीय कानून या अपने अंतर्राष्ट्रीय दायित्वों का उल्लंघन नहीं करता है। उन्होंने आगे कहा कि दरअसल, अब तक अमेरिका ने रूस के साथ अपना व्यापार जारी रखा है। अगर अमेरिका खुद ऐसा कर रहा है, तो वह दूसरों को भी ऐसा करने की अनुमति क्यों नहीं देता? अमे. रिका के लिए यह अनुचित है कि वह चीन से संघर्ष समाप्त करने में भूमिका निभाने की उम्मीद करे, तो दूसरी ओर चीन पर लगातार दबाव बनाए रखे।

# न्यूयॉर्क व न्यूजर्सी में भारी बारिश के कारण आपात की घोषणा

## एक घंटे में 3 इंच बारिश, सड़कें-मेट्रो स्टेशनों में पानी भरा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्वी तट पर गुरुवार को तेज तूफान और भारी बारिश से बाढ़ आ गई। जिसके बाद न्यूयॉर्क शहर और न्यू जर्सी में इमरजेंसी घोषित कर दी गई। तूफान का असर न्यूयॉर्क से वॉशिंगटन डीसी तक दिखा। मौसम विभाग के अनुसार, कुछ इलाकों में एक घंटे में 3 इंच (7.6 सेमी) तक बारिश हुई, जिससे नाले और नदियां उफान पर आ गईं। न्यूयॉर्क में मेट्रो स्टेशनों में पानी भर गया। स्टेशन में दीवारों से पानी रिसता दिखा। भारी बारिश के कारण पटरियां पानी में डूब



**14 हजार लोग बिना बिजली के रह रहे, भारी बारिश के कारण पटरियां पानी में डूब गईं जिससे कई ट्रेनें व यात्री फंस गए**

गईं जिससे कई ट्रेनें और यात्री फंस गए। रेस्क्यू टीम ने यात्रियों को बचाया। सड़कों पर पानी भरने से कई गाड़ियां डूब गईं, और एक्सप्रेसवे बंद करना पड़ा। वहीं न्यू जर्सी में 14 हजार से ज्यादा लोग 24 घंटे बिना बिजली के रहे। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने शहर और आसपास के इलाकों में आपातकाल की घोषणा की है। शुक्रवार तक और बारिश की आशंका है। प्रशासन ने लोगों को यात्रा न करने और बाढ़ से बचने की सलाह दी है।

## पुणे के दौंड में आपत्तिजनक पोस्ट के बाद तनाव

**पुणे।** पुणे के दौंड में शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट के बाद तनाव बढ़ गया है। दो गुटों की भीड़ ने सड़कों पर कई गाड़ियों को आग लगा दी गई। धार्मिक स्थल पर पथराव किया है।

घटना पुणे से 80 किमी दूर दौंड के यवत गांव की है। तनाव को देखते हुए यवत का साप्ताहिक बाजार बंद कर दिया गया है। पुलिस ने हालात को काबू पाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। यवत पुलिस निरीक्षक नारायण देशमुख ने बताया कि आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक का नाम सैय्यद है और हिरासत में ले लिया है। दरअसल, 26 जुलाई को यवत

**■ धार्मिक स्थल पर पथराव, गाड़ियों को आग लगाई शिवाजी महाराज के अपमान के विरोध में प्रदर्शन हो रहा था**

के नीलकंठेश्वर मंदिर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई थी। इसी को लेकर गुरुवार से ही विरोध हो रहा था। इसी विवाद पर शुक्रवार को एक युवक की आपत्तिजनक पोस्ट वायरल हो गई। इसके बाद प्रदर्शनकारी यवत के सहकार नगर में युवक के घर पहुंचे और तोड़फोड़ की। तभी दो पक्षों में टकराव हो गया और तनाव की स्थिति बन गई।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्र्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट